RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 220
फरीदाबाद, शनिवार, 18 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



एक पूर्व-नियोजित चिंतन प्रक्रिया

पेज - 12

## बाजार

सेंसेक्स 59,015 ▼ 125
निफ्टी 17,585 ▼ 44
सोना 45,207 ▼ 1130 /10 gm
चांदी 60,183 ▼ 708/ kg

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.02°C
न्यूनतम 25.01°C

## क्विक न्यूज

### कॉलेजियम : नियुक्ति को आठ नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के पद पर नियुक्ति के लिए केंद्र को आठ नामों की सिफारिश की है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने चार मुख्य न्यायाधीशों को विभिन्न उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित करने की सिफारिश करने का भी निर्णय लिया है। प्रधान न्यायाधीश के अलावा, उच्च न्यायालयों में नियुक्ति से संबंधित तीन सदस्यीय कॉलेजियम में न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति एएम खानविलकर शामिल हैं।

### 'भारत बंद शांतिपूर्ण रहेगा असुविधा न हो रखेंगे ध्यान'

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 27 सितंबर के भारत बंद के लिए शुक्रवार को दिशानिर्देश जारी किए। संगठन ने कहा, भारत बंद शांतिपूर्ण होगा और किसान यह सुनिश्चित करेंगे कि जनता को कम से कम असुविधा का सामना करना पड़े। एसकेएम ने एक बयान में कहा कि बंद सुबह छह बजे से शुरू होगा और शाम चार बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों, बाजारों, दुकानों, कारखानों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### प्रदेश सरकार की किसान संगठनों के साथ बैठक कल

**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा को बातचीत का प्रस्ताव भेज दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी तथा संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों के बीच 19 सितंबर को सोनीपत में बैठक होगी। कमेटी ने सोनीपत के जिला उपायुक्त के माध्यम से संयुक्त किसान मोर्चा के 43 पदाधिकारियों को बैठक की सूचना दी है। यह बैठक सोनीपत के मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम टेक्निकल यूनिवर्सिटी में बैठक तय की गई है। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि हाई लेवल कमेटी का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत किया गया है।

### नग्न तस्वीरें पोस्ट करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लोगों को उनकी नग्न या छेड़छाड़ से तैयार की गई तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देकर उनसे कथित रूप से रंगदारी वसूलने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) प्रणव तयाल ने राजस्थान के भरतपुर जिले के मेवात निवासियों जहुल (25) और मिनाज (23) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों ने अभी तक 250 से भी ज्यादा लोगों से रंगदारी वसूली है।

### पिथौरागढ़ में होगा संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सोमवार से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास सूर्य किरण का 15वां संस्करण आयोजित होगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अभ्यास में आतंकवाद रोधी अभियानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभ्यास का पिछला संस्करण नेपाल में रूपेनडेही जिले के सालिजहांडी में 2019 में तीन से 16 दिसंबर तक हुआ था।



हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन एक हजार यात्री करेंगे दर्शन

# उत्तराखंड में आज से शुरू होगी यात्रा

**एजेंसी।** देहरादून

**उत्तराखंड** में शनिवार से चारधाम यात्रा शुरू होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। वहीं भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हाईकोर्ट और राज्य सरकार को 18 सितंबर से चारधाम शुरू होने पर शुक्रिया कहा। इस सिलसिले में शुक्रवार को एसओपी जारी हो सकती है। सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट 18 सितंबर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। एक दिन में एक हजार यात्री ही धाम के दर्शन कर सकेंगे।

हेमकुंड ट्रस्ट ने यात्रा को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हेमकुंड ट्रस्ट के उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि बाहारी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड गाइड लाइन के अनुसार ही धाम में पहुंचने की अनुमति होगी। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को ऋषिकेश गुरुद्वारा ट्रस्ट के कार्यालय में अपना पंजीकरण करवाकर प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। उन्होंने कहा कि 60 साल से अधिक उम्र और 10 साल से कम आयु के बच्चे धाम में न आएं। साथ ही यात्रियों को किसी भी कुंड में स्नान करने की अनुमति नहीं होगी।

# सीबीआई बिल्डिंग में लगी आग पर दमकलकर्मियों ने पाया काबू

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के लोधी रोड पर सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित सीबीआई बिल्डिंग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां बेसमेंट में आग लग गई। आग लगते ही इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई, जिसके बाद दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं और राहत व बचाव कार्य में लग गईं।

आग लगते ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।



आग कैसे लगी, इस बात की अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। दिल्ली फायर सेवा के डिविजनल अफसर एसके दुआ ने जानकारी दी कि, आग पर काबू पा लिया गया है।

## सस्ते नहीं होंगे पेट्रोल-डीजल

# बायोडीजल पर जीएसटी घटा पांच फीसद किया

पांच से बढ़कर 18 फीसद हुआ मेटल पर जीएसटी

## पेट्रोल-डीजल सस्ते करने के प्रस्ताव पर काउंसिल की बैठक में नहीं हुई कोई चर्चा

**एजेंसी।** लखनऊ

**लखनऊ** में जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) काउंसिल की 45वीं बैठक शुक्रवार को खत्म हो गई। बैठक में पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल करने का प्रस्ताव नहीं रखा गया और न ही इस पर कोई चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि बैठक में बायोडीजल पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी करने को मंजूरी मिली है। मेटल पर जीएसटी 5 फीसद से बढ़ाकर 18 फीसद करने पर भी फैसला हुआ है। इससे पहले पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के नाम पर कई राज्य इसके विरोध में खड़े हो गए थे। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, छत्तीसगढ़, केरल समेत ज्यादातर राज्यों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे से बाहर ही रखने को कहा है। ऐसे में ये प्रस्ताव खारिज हो सकता है।

अगर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में आता तो पेट्रोल 28 रुपये और डीजल 25 रुपये तक सस्ता हो जाता। अभी देश में कई जगहों पर पेट्रोल 110 और डीजल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है, लेकिन ऐसा होने पर राज्यों के राजस्व में घाटा होगा। यही कारण है कि कई राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वित्तमंत्री से मिलने पहुंच गए हैं। बैठक में सात राज्यों के उपमुख्यमंत्री शामिल हुए हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश के चौना मेन, बिहार के उपमुख्यमंत्री राज किशोर प्रसाद, दिल्ली के मनीष सिसोदिया, गुजरात के नितिन पटेल, हरियाणा के दुष्यंत चौटाला, मणिपुर के युमनाम जोए कुमार सिंह और त्रिपुरा के जिष्णु देव वर्मा शामिल हैं। इसके अलावा कई राज्यों के वित्त या भी मुख्यमंत्री की ओर से नामित मंत्री भी शामिल हुए हैं।

सरकार ने एक देश -एक दाम के तहत पेट्रोल-डीजल, नेचुरल गैस और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (विमान ईंधन) को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार किया था। इसी को लेकर जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा चल रही है। हालांकि अभी तक मिली जानकारी के अनुसार ज्यादातर राज्यों ने पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में शामिल करने का विरोध किया है।



### डिलीवरी पर भी लग सकता है जीएसटी

जीएसटी काउंसिल की बैठक में जोमैटो और स्विगी जैसे फूड डिलीवरी ऐप्स को रेस्टोरेंट की तरह मानने और उनके द्वारा की गई डिलीवरी पर पांच फीसद जीएसटी लगाने का फैसला भी लिया जा सकता है। ऐसा हुआ तो रेस्टोरेंट की बजाय फूड डिलीवरी ऐप्स को जीएसटी सरकार के पास जमा करवाना होगा, इससे ग्राहकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### एक जुलाई 2017 को लागू हुआ था जीएसटी

देश में जीएसटी एक जुलाई, 2017 को लागू हुआ था। इसके तहत केंद्र और राज्यों के अलग-अलग टैक्स को खत्म कर एक टैक्स जीएसटी लागू किया किया गया था। हालांकि, पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन, नेचुरल गैस और कच्चे तेल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया था।

राजधानी की फिर 'किलेबंदी'

# शिअद के प्रदर्शन की घोषणा से सीमाएं रहीं सील

**एजेंसी।** बहादुरगढ़

**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) के दिल्ली मार्च को देखते हुए शुक्रवार को एक बार फिर राजधानी दिल्ली की सीमाएं सील कर दी गईं। दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ में झाड़ौदा बॉर्डर, निजामपुर बॉर्डर, सिद्दीपुर गांव और जोहतनी बॉर्डर को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया। तमाम बॉर्डरों पर दिल्ली पुलिस के अलावा आरएएफ जवान तैनात किए गए। सीमाएं सील होने से दिल्ली ही नहीं, बहादुरगढ़ से लेकर गुरुग्राम तक जाम की स्थित बन गई। आम लोगों को भारी परेशानी हुई। सुरक्षा कारणों को देखते हुए बहादुरगढ़ शहर में दो मेट्रो स्टेशन भी सुबह बंद कर दिए गए थे, इनमें से एक दोपहर बाद खुला।

दरअसल, शिरोमणि अकाली दल के मुखिया और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल ने शुक्रवार को दिल्ली रकाबगंज गुरुद्वारा से लेकर संसद तक पैदल रोष मार्च निकालने का आह्वान किया था। सुखबीर के आह्वान पर पंजाब से एसएडी कार्यकर्ता दिल्ली सीमा पर पहुंचे। पंजाब से आए लोगों को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने सुबह होते ही सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी। भारी भरकम सुरक्षा के इंतजाम किए। सबसे ज्यादा बहादुरगढ़ से लगते दिल्ली के बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ाई गई। तीनों नए कृषि कानूनों के लागू होने का एक साल पूरा होने पर शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को काला दिवस के तौर पर मनाया।



### नौकरीपेशा और आम लोगों को हुई परेशानी

दिल्ली की सीमाएं सील होने से नौकरीपेशा और आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नौकरी पेशा लोग अलग-अलग रास्तों से दिल्ली में एंट्री करने के लिए रास्ते ढूंढते नजर आए। राजधानी दिल्ली को जाने वाले एक मात्र बहादुरगढ़-नजफगढ़ रोड पर भारी संख्या में पुलिस और आरएएफ जवानों को तैनात किया गया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली-रोहतक नेशनल हाईवे स्थित टीकरी बॉर्डर पर किसान पहले ही प्रदर्शन कर रहे हैं।

### बहादुरगढ़ के दो मेट्रो स्टेशन सुबह ही हो गए थे बंद

दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ शहर में मेट्रो के तीन स्टेशन हैं। इनमें बहादुरगढ़ सिटी और पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन अकाली दल के पैदल मार्च के मद्देनजर शुक्रवार सुबह ही बंद किए गए। सुबह सिर्फ ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेशन से ही मेट्रो संचालित रही। दोपहर बाद बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन भी खोल दिया गया। दिल्ली की सीमा के साथ ही मेट्रो स्टेशन बंद होने से रोजाना दिल्ली आने-जाने वाले नौकरी पेशा के साथ-साथ कारोबारियों को परेशानी हुई।

● संबंधित खबर पेज-10

# करनाल रेंज की आईजी ममता होंगी एसटीएफ चीफ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने शुक्रवार को तुरंत प्रभाव से पांच आईपीएस अधिकारियों के स्थानातंरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। एससीबी, गुरुग्राम की एडीजीपी चारू बाली को भौंडसी पुलिस परिसर, गुरुग्राम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। करनाल रेंज की आईजीपी ममता सिंह को आईजी, एसटीएफ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया हैं।

आईजी, एसटीएफ व परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त व सचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे अमिताभ सिंह ढिल्लों को आईजी, आधुनिकीकरण, हरियाणा और परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त व सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। हिसार रेंज, हिसार के आईजीपी राकेश कुमार आर्य को आईजीपी, कार्मिक, हरियाणा का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसी प्रकार, इंटर-कैडर स्थानातंरण के तहत असम-मेघालय से हरियाणा आने पर मयंक गुप्ता को एएसपी, खरखौदा (सोनीपत) लगाया गया है।

### हरियाणा सरकार ने बदले पांच आईपीएस

# 'सिद्धू पंजाब की राजनीति के राखी सावंत'

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पंजाब** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही नेताओं में जुबानी जंग तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के सह प्रभारी और दिल्ली से विधायक राघव चड्ढा ने नवजोत सिंह सिद्धू को पंजाब की राजनीति का राखी सावंत करार दिया है। चड्ढा ने अपने बयान में कहा कि सिद्धू बेतुके बयान देने की बीमारी से पीड़ित हैं, इसलिए आदत से मजबूर होकर इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धू की कही कोई भी बात गंभीर नहीं होती तथा हर जगह वह हंसी की पात्र ही बनते हैं।



राघव चड्ढा

चड्ढा ने कहा कि पहले सिद्धू अपनी ही सरकार और सरकार के मुखिया कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ रोजाना बयानबाजी कर रहे थे, लेकिन आलाकमान की फटकार के बाद अब वह चुप हैं। अब उन्हें कुछ और नहीं सूझ रहा, इसलिए वह आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ फिजूल की बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धू कुछ दिनों बाद फिर से कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ बयानबाजी शुरू करेंगे। मुद्दा जरूरी हो या नहीं नवजोत सिंह सिद्धू को अपने बेतुके बयानों से सुर्खियों में रहने की आदत हो गई है। पिछले लंबे समय से सिद्धू अपनी ऐसी बेतुकी बयानबाजी के कारण मीडिया में हंसी का पात्र बने हुए हैं। चड्ढा ने तंज कसते हुए कहा कि यहां तक कि कांग्रेस आलाकमान और कांग्रेस की लीडरशिप भी सिद्धू को गंभीरता से नहीं लेती है, इसलिए सोनिया गांधी ने नवजोत सिंह सिद्धू के दिल्ली दौरे के दौरान उनसे मिलने से भी इनकार कर दिया था।

# आतंकी ने पुलिस जवान को मारी गोली, शहीद

**एजेंसी।** जम्मू

**कश्मीर** संभाग के कुलगाम में आतंकियों ने पुलिस के जवान की गोली मारकर हत्या कर दी है। शहीद जवान की पहचान बंटू शर्मा के रूप में हुई है। बेटे की शहादत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। उधर, हमलावरों की तलाश में इलाके की घेराबंदी कर अभियान चलाया जा रहा है।

इससे पहले रविवार को आतंकियों ने श्रीनगर में घात लगाकर सब इंस्पेक्टर अर्शीद अहमद की हत्या की थी। गौरतलब है कि बैखलाहट के चलते आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वह हिट एंड रन के साथ-साथ ग्रेनेड हमलों को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं ताकि सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाया सकें। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) और हाइब्रिड आतंकियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है ताकि अगर उनमें से कोई मारा या पकड़ा भी जाता है तो आतंकी संगठनों को ज्यादा बड़ा धक्का न लगे।

# न्यायालय ने नीट में आरक्षण के फैसले के खिलाफ जवाब मांगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए नीट परीक्षा से प्रवेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के 29 जुलाई के नोटिस के खिलाफ एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और चिकित्सा परामर्श समिति (एमसीसी) से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने नोटिस जारी किया और केंद्र तथा एमसीसी से आठ याचिकाकर्ताओं की याचिका पर जवाब मांगे। इन याचिकाकर्ताओं में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परास्नातक परीक्षाओं में भाग लेने वाले कुछ लोग शामिल हैं।

# मुंबई में गिरा निर्माणाधीन ब्रिज का बड़ा हिस्सा, 14 घायल

**एजेंसी।** मुंबई

**मुंबई** के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में बन रहे एक निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार सुबह ढह गया। इस दुर्घटना में करीब 14 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से ज्यादातर यहां काम करने वाले मजदूर शामिल हैं। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 4.30 बजे के आसपास हुई। सभी घायलों को वीएन देसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह एमएमआरडीए का प्रोजेक्ट है। इस पुल के जरिए एमटीएनएल कॉर्नर को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स से जोड़ा जा रहा है। इस ब्रिज के निर्माण के बाद से बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक आने वाले रास्ते पर ट्रैफिक कम होने की संभावना थी। हालांकि, शुरू होने से पहले ही इसके गिरने के बाद अब विपक्ष को फिर से सरकार को घेरने का बड़ा मौका मिल गया है।

मौके पर पहुंचे जोन 8 के डीसीपी मंजुनाथ सिंगे ने कहा कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। हादसे की वजह अभी क्लियर नहीं है। इंटर्नल जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, जिस दौरान दुर्घटना हुई ब्रिज पर काम जारी था।

### लोगों ने नाले में छलांग लगाकर बचाई जान

### हादसे में घायल ब्रिज के ऊपर ही कर रहे थे काम

इस दुर्घटना में घायल हुए सभी लोग ब्रिज के ऊपर ही काम कर रहे थे। हादसे के दौरान 24 लोग ब्रिज पर काम कर रहे थे और इसमें से 21 मजदूर, दो इंजीनियर और एक सुपरवाइजर शामिल था। जिस दौरान ब्रिज गिर रहा था 14 मजदूरों ने ब्रिज से बगल में बह रहे नाले में छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण ही ये सभी घायल हुए हैं। इनमें से कुछ ब्रिज के ऊपर लगी रॉड को पकड़ कर लटक गए। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर के प्रयास के बाद सभी को सही नाले से बाहर निकाल लिया हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया।



Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 18 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 25.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-55 स्थित स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन : सुबह 10 बजे
- शहर में जगह-जगह लगेंगे वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें खुलेंगी: रात 10 बजे तक
- माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी: सुबह 8 बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू: सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**किसान** विकास पत्र योजना प्रत्येक बैंक तथा पोस्ट ऑफिस में मौजूद है। योजना के अंतर्गत यदि आप एक मुश्त रुपये निवेश करते हैं तो आपको 124 महीने बाद उसका दोगुना रिटर्न दिया जाएगा। सभी लोग अपने पैसे को निवेश करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प ढूंढते हैं जिससे उनका पैसा सुरक्षित रहे और अच्छा फायदा हो। किसान विकास पत्र की इस योजना में प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा के साथ अपने पैसे निवेश कर सकता है और फायदा ले सकता हैं। इसी योजना के नाम पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ई -किसान विकास पत्र योजना चला रही है। योजना के अंतर्गत आप छोटी बचत कर सकते हैं। यह बचत का ऐसा साधन है जोकि लम्बे समय के लिए निवेश करने की सबसे अच्छा साधन है।

**यूटीलिटी न्यूज**



## सैकड़ों लोगों को लगा टीका

**फरीदाबाद।** सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से 17 जुलाई 2021 को एक ही दिन में दो सत्संग भवनों में निशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। दोनों ही स्थानों पर शिविर का आरंभ प्रात: 10 बजे किया गया जो दोपहर 4:30 बजे तक चला। एनआईटी 5 स्थित सत्संग भवन में कुल 464 एवं सैक्टर 21सी सत्संग भवन में कुल 440 नागरिकों ने टीकाकरण कर इस शिविर का लाभ उठाया। इन शिविरों में 18 वर्ष से उपर के लोगों को पहली व दूसरी डोज दी गई। यह शिविर बीके अस्पताल के अंतरगत ईएसआई एवं यूपीएचसी मेवला महाराजपुर फरीदाबाद के सहयोग से पूर्णत: निशुल्क आयोजित किया गया। विधायक सीमा त्रिखा ने शिविर का दौरा किया जहां संत निरंकारी मिशन द्वारा की जा रही सेवा का आभार प्रकट किया, वहीं वैक्सीनेशन लगाये लोगों को सामाजिक दूरी और कोविड नियमों के पालन की प्रेरणा दी।

**क्विक न्यूज**

## स्वागत समारोह आज

**बल्लभगढ़।** गांव अटाली स्थित सैनी धर्मशाला में 19 सितंबर रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नयनपाल रावत मुख्यतिथि होंगे। इस अवसर पर देश भक्ति रागनियों का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सैनी सभा चौबीसी पाल के प्रधान सुभाष सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर एक कमेटी का गठन कर दिया गया है।

# आय के साधन ही चढ़े भ्रष्टाचार की भेंट तो विकास और वेतन कहां से दें?

### कर्मचारी वेतन के लिए और जनता समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने को तैयार

राजेश दास। फरीदाबाद

**पिछले** दो महीने से वेतन न मिलने के कारण नगर निगम के कर्मचारियों ने टूल डाउन हड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सेवानिवृत कर्मचारी भी पेंशन के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के दावें कर रही है। साथ ही जनप्रतिनिधि सरकारी कोष में धन की कमी न होने का दावा करते दिखाई देते हैं। जबकि शहर के लोग सड़क, पानी, सीवर जाम और अन्य छोटी छोटी मूलभूत समस्याओं को लेकर रोज परेशान हो रहे हैं। अब कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जनता को अन्य कई समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इन सभी समस्याओं की जड़ है नगर निगम के अधिकारियों का भ्रष्टाचार। नगर निगम के पास आय के ढेरों स्त्रोत मौजूद हैं। लेकिन अधिकारी उनका उपयोग कर निगम का खजाना भरने की बजाए अपनी स्वार्थ सिद्धी करने में जुटे रहते हैं। जब बिना नक्शे के निर्माण, बिना सीएलयू के व्यवसायिक निर्माण, बिना सबडिविजन में छोटे प्लॉट काटने की छूट हो तो नगर निगम कौन भुगतान करेगा। इन अवैध निर्माणों की वजह से जहां शहर की सूरत बिगड़ रही है। वहीं आय न होने के कारण कर्मचारियों को वेतन के लिए और जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है।





### आय स्त्रोत का इस्तेमाल

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बृहस्पतिवार को हुई बैठक में अधिकारियों को आय के स्त्रोत बढ़ने और बकाया वसूली पर ध्यान देने के निर्देश दिये थे। जबकि नगर निगम अधिकारियों को आय के मौजूद स्त्रोतों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी है। निगम की हाउस टेक्स, विकस शुल्क, पानी व सीवर का बिल, नक्शा, बड़ें प्लॉटों को टूकड़े करने पर सब डिविजन, रिहायशी अथवा कृषि भूमि पर व्यवसायिक निर्माण करने के लिए सीएलयू, सम्पति कर, लाइसेंस फीस से टैक्स और निगम क्षेत्र की किसी भी जमीन अथवा संपति की रजिस्टरी के दौरान ली जाने वाली स्टाम्प ड्यूटी से भी हिस्सा मिलता है। इसके अलावा भी नगर निगम के पास आय के अनेक स्त्रोत मौजूद हैं। हाउस टैक्स की वसूली तो करीब करीब नियमित रूप से होती रहती है। शहर में 50 प्रतिशत से ज्यादा पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन हैं। मान्यता प्राप्त कई कालोनियों से वर्षो बाद भी विकास शुल्क की वसूली नहीं हो पाई है। निगम की तरफ से ज्यादातर इलाकों में नोटिस भी जारी नहीं किए गए है। अन्य आय के स्त्रोतों पर तो निगम ध्यान ही नहीं देता।

### आय पर भ्रष्टाचार की छाया

**यदि** नगर निगम के अधिकारी आय के सभी स्त्रोतों से कर वसूली पर ध्यान देना शुरू कर दे तो कर्मचारियों के वेतन के लिए सरकार का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में परेशानी आएगी। लेकिन के ज्यादातर के आय के स्त्रोतों पर भ्रष्टाचार की छाया पड़ चुकी है। जिसका जीता जागता उदाहरण शहर भर में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण हैं। शहर में जहां देखों रिहायशी प्लॉटों पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण सीएलयू और नक्शा पास करवाए बिना हो रहा है। निगम को विभिन्न शुल्क दिये बिना चार से छह मंजिल फ्लैटों का निर्माण कर जीपीए के माध्यम से बेचा जा रहा है। ज्यादातर अवैध निर्माण निगम अधिकारियों की शह पर हो रहे हैं। सरकार अथवा अदालत का दबाव आने पर दिखावे की कार्रवाई की जाती है। एनएच तीन स्थित एक अवैध निर्माण को तोड़ने की बात को लेकर तो निगम के दो जेई ही आपस में भिड़ गए थे। अन्य कर वसूली भी भ्रष्टाचार के कारण नहीं हो पा रही है। इससे साफ है कि जब सुविधा शुल्क देकर आसानी से सभी काम हो रहे हैं तो निगम को टैक्स कौन देगा?



### कैसे होगा विकास



**समाजसेवी** विष्णु गोयल का कहना है कि शहर के समुचित विकास और कर्मचारियों का वेतन समय पर देने के लिए निगम को टैक्स तो वसूलना ही पड़ेगा। शहर भर में बिना सीएलयू और सबडिविजन के हजारों अवैध निर्माण हो चुके हैं। यदि निगम की तरफ से इनके खिलाफ सख्ती की जाए तो सरकार के खजाने में करोड़ों रुपये पहुंच सकते हैं। बिना टैक्स वसूली के शहर का विकास सम्भव नहीं है।

### कर्मचारी और जनता दोनों त्रस्त

आय के अनेक साधन मौजूद होने के बावजूद नगर निगम को कर्मचारियों का वेतन देने के लिए सरकार का मुंह तांकना पड़ता है। सरकार की तरफ से फंड न होने पर कर्मचारियों को वेतन की मांग को लेकर आए दिन हड़ताल तक करनी पड़ती है।

फिलहाल भी नगर निगम के कर्मचारी टूल डाउन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले धरने प्रदर्शनों का भी अधिकारियों पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर कागजों में ही स्मार्ट सिटी बना हुआ है। वास्तव में पूरे शहर की हालत स्लम बस्ती से भी बदतर हो चुकी है। बरसात आते ही शहर की सड़के पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। शहर में ऐसी सड़क ढूंढना सबसे मुश्किल काम है, जिस पर गड्ढे न हो। शहर के पॉश सेक्टर और अन्य रिहायशी कालोनियों में सीवर जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। बरसात के मौसम में भी शहर के ज्यादातर इलाकों में तीन से पांच दिन बाद पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर भर में जहां देखों वहीं कूड़े और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

## फ्री कोरोना बचाव का टीका लगाने वाला पहला देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कैबिनेट** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोविड-19 के कोरोना वायरस के बचाव के लिए आम आदमी को फ्री वैक्सीनेशन करने वाला है विश्व में पहला पहला देश है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को विश्व के ओजस्वी और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित मेघा वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ अवसर पर यह बात स्थानीय सेक्टर -10 में के शुभारंभ अवसर पर कही।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे देश को करोना मुक्त भारत बनाने के लिए वैक्शीनेशन अवश्य करवाएं। सरकार द्वारा लोगों को निशुल्क में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। आज प्रधान देश विश्व के ओजस्वी और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक दर्जन स्थानों पर मेघा वैक्सीनेशन कैम्प स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहे है। इसके अलावा नियमित रूप से की जाने वाले वैक्सीनेशन सरकारी अस्पतालों में किए जा रहे हैं।



हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक दर्जन विशाल वेक्सिनेशन कैम्पो का किया आयोजन कर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी उनके जन्मदिन पर बधाई और कहा सभी नागरिक समय पर वेक्सीन लगवा कर प्रधानमंत्री को दे उनके जन्मदिन की बधाई। कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा देश के मेडिकल स्टाफ ने देश के नागरिकों की सेवा में पूरा योगदान दिया है। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुफ्त में वेक्सीन देकर देश की जनता की जान बचाने और भारत को कोरोना मुक्त करते का संकल्प लिया है। परिवहन मंत्री ने अपने कार्यालय के नजदीक सेक्टर 8 व 10 की मार्किट से की विशाल कैम्प की शुरुआत पिनेकल डेन्टेल केयर से की। इस मौके पर डॉक्टर तरुण, डॉक्टर प्रदीप वशिष्ठ सहित मेडिकल स्टाफ के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कानूनी जागरुकता शिविरों का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के निर्देशानुसार एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति राजन गुप्ता के आदेशानुसार पूरे हरियाणा राज्य के अंदर जिला लेवल पर वह सब डिविजन लेवल पर कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।



इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के मार्गदर्शन में व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद मंगलेश कुमार चौबे की देखरेख में जिला फरीदाबाद के अंदर 15 अलग-अलग स्थानों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन व लीगल एड क्लीनिक का काम किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के पैनल अधिवक्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर जाकर अलग-अलग कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया उसमें उपस्थित लोगों को हालसा व नालसा की स्कीमों के बारे में जानकारी दी तथा वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना तथा यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई समस्या पाई गई तो उसका समाधान किया गया। इसके अलावा एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन जिला जेल नीमका लीगल एड क्लीनिक पर किया गया।

## दो दिवसीय तुलसी पौधा वितरण अभियान चलाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के वसुंधरा इको-क्लब तथा पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय तुलसी पौधा वितरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने तुलसी का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद में तुलसी को इसके विविध उपचार गुणों के लिए हजारों वर्षों से एक औषधीय पौधे के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं। महामारी ने लोगों को औषधीय पौधों के महत्व के बारे में अधिक जागरूक किया है। इसलिए, स्वाभाविक रूप से इन पौधों की मांग बढ़ी है।



पौध वितरण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण अभियांत्रिकी एवं विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणुका गुप्ता ने कहा कि मौसमी पौधे अक्सर सूख जाते हैं, लेकिन औषधीय पौधे अच्छी तरह विकसित होते हैं। इसलिए ये पौधे साल भर उपयोगी रहते हैं। हालाँकि, सामान्य पौधे आसानी से मिल जाते है लेकिन तुलसी के पौधे मिलना कई बार कठिन होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ईको क्लब के सदस्यों ने दो दिवसीय तुलसी पौधा वितरण अभियान चलाया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, विभिन्न डीन, विभागाध्यक्षों और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी अभियान का लाभ उठाया।

## स्वच्छता रैली निकाल ओजोन संरक्षण का दिया संदेश

### ओजोन परत सूर्य की खतरनाक पैराबैंगनी अल्ट्रा वायलेट किरणों से हमारी रक्षा करती है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच**-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने मिलकर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में विश्व ओजोन दिवस पर स्वच्छता जागरुकता रैली निकाल कर ओजोन परत के संरक्षण का संदेश दिया। जूनियर रेडक्रॉस काउन्सलर एवं ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि सोलह सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है।



यह ओजोन परत के संरक्षण के बारे में लोगों में जागरुकता प्रसारित करने और इसे संरक्षित करने के संभावित समाधानों की खोज करने के लिए मनाया जाता है। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि ओजोन संरक्षण के साथ-साथ हमें स्वच्छता का अवश्य ध्यान रखना होगा। हमें गीला और सूखा कूड़ा भिन्न भिन्न प्रकार से एकत्रित करना होगा। ओजोन परत बहुत ही महत्वपूर्ण है जो सूर्य की खतरनाक पैराबैंगनी अर्थात अल्ट्रा वायलेट किरणों से हमारी रक्षा करती है। यदि ओजोन परत को हानि पहुंचती है तो मनुष्य को त्वचा से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रयोग में न आने वाली वस्तुओं एवम अन्य बायो डिग्राडेबल प्रदार्थों के जलाने से तथा ईंधन जलाने से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने का सार्थक प्रयास करके पर्यावरण संरक्षण कर के ओजोन के क्षरण को कम किया जाना अधिक कठिन कार्य नहीं है।

एन एच तीन बालिका विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्राओं की स्वच्छता और ओजोन संरक्षण रैली विद्यालय के द्वार से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डी ए वी सेंटेनरी कॉलेज एवं तीन नंबर मार्केट से होती हुई विद्यालय लौटी। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने सभी जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड सदस्य छात्राओं और अध्यापकों शिवम, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, अंशुल और ममता का ओजोन दिवस पर स्वच्छता द्वारा ओजोन संरक्षण का संदेश देने हेतु आभार प्रकट किया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**नहीं बिल्कुल, नहीं बिल्कुल कमेरों के हितैषी हैं**
**उजाले जिनको लाने थे अँधेरों के हितैषी हैं**
**बहुत दुख है बहुत दुख है किसी से कह नहीं सकते**
**अधिकतर रहनुमा अब तो कुबेरों के हितैषी हैं**

## औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का होगा कायाकल्प

### केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर परिवहन मंत्री और विधायक करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**औद्योगिक** क्षेत्र में सेक्टर-24 व 25 की सड़कों का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद विधानसभा से विधायक नरेंद्र गुप्ता, बड़खल विधानसभा से विधायक सीमा त्रिखा व महापौर सुमन बाला बाटा चौक स्थित फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय के बाहर 18 सितंबर को नारियल फोड़ कर सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-24 व 25 के सड़कों की हालत पिछले काफी समय से खस्ताहाल बनी हुई है। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहित विभिन्न औद्योगिक संगठन कई बार सरकार से इनके निर्माण को लेकर मांग कर चुके थे। सरकार ने उनकी मांगों पर संज्ञान लेते हुए औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी। शनिवार 18 सितंबर को केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के साथ प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा व महापौर सुमन बाला बाटा चौक स्थित फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय के बाहर सुबह 10 बजे सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष बीआर भाटिया ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का निर्माण होने से एक तरफ जहां लोगों को सहूलियत मिलेगी, वहीं उद्योगों को भी इसका फायदा मिलेगा। उद्योगों में जब बाहर से खरीददार आते हैं तो यहां की सड़कों की हालत देखकर ही वापस लौट जाते हैं। सड़कें बनने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में विकास का पहिया रफ्तार पकड़ेगा। इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

## सेक्टर-45 की समस्याओं का करवाया समाधान: धनखड़

**फरीदाबाद।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़ के नेतृत्व में सेक्टर 45 के निवासियों का एक प्रतिनिधिमण्डल फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से सेक्टर-45 की समस्याओं को लेकर मिला। जजपा के प्रदेश सचिव प्रेम सिंह धनखड़ ने नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से अनुरोध करते हुए कहा कि सेक्टर-45 में सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व पार्कों की समस्याओं का तुरन्त समाधान किया जाए। धनखड़ ने कहा कि मैं खुद भी सेक्टर-45 फरीदाबाद में रहता हूं। मेरे पास हर रोज जिले के पार्टी के कार्यकर्ता एवं जिले के सामाजिक संगठनों के व्यक्ति आते रहते हैं तथा समय-समय पर पार्टी के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता भी आते रहते हैं। बरसात के कारण सेक्टर 45 में सड़कें टूट गई हैं तथा सड़कों के हालात इतने खराब हैं कि सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है उसका पता ही नहीं चलता हैं।

## केएल मेहता स्कूल में काटा मोदी के जन्मदिन का केक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिवस सेक्टर-16 स्थित केएल मेहता दयानंद पब्लिक स्कूल में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में कोविड वैक्सीनेशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के स्टाफ समेत अनेक लोगों को टीके लगाए गए।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में व केएल मेहता दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश का हर क्षेत्र प्रगति की राह पर है और देश की जनता भाजपा की सरकार में पूरी तरह संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जितने विकास कार्य पिछले साल वर्षों में हुए हैं इतने पिछले सत्तर सालों में भी नहीं हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि आनंद मेहता ने भी सरकार की उपलब्धियों की तारीफ की।

# आज भी पुलिस अपनी मर्जी से लिखती है पीड़ित की शिकायत

कविता। फरीदाबाद

**लाख** दावों के बाद चौकी थानों में अपनी मर्जी के मुताबिक शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। संजय कॉलोनी में नम्बर प्लेट चोरी की शिकायत देने पहुंचे, एक व्यक्ति से पुलिस ने नम्बर प्लेट के बरसात में बह जाने की शिकायत दर्ज कर ली। इसकी जानकारी व्यक्ति द्वारा एसीपी को दी गई, तो उसी दिन शाम को नम्बर प्लेट एक चोरी की गाड़ी पर लगी हुई पुलिस को मिल गई।

### ये है पूरा मामला

**संजय** कॉलोनी निवासी रघुराज सिंह ने एसीपी मुजेसर को शिकायत दी कि, उनकी कार खाली प्लाट में तीन माह से बंद खड़ी थी। 14 सितम्बर की रात को किसी ने कार चुराने का प्रयास किया। स्टार्ट करने में सफल न होने पर चोर गाड़ी की दोनों नम्बर प्लेट चोरी ले गए। सीसीटीवी की फुटेज में बाइक से दो व्यक्ति चोरी का प्रयास करते देखे गए।

### एसीपी से शिकायत के बाद ही मिल सकी चोरी की कार पर लगी नम्बर प्लेट



### एसीपी को शिकायत

**पीड़ित** ने एसीपी मुजेसर को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह जब संजय कॉलोनी पुलिस चौकी गया, तो पुलिस ने मेरे से एप्लीकेशन लिखवाई कि गाड़ी की नम्बर प्लेट बारिश में कहीं गिर गई है। जबकि ऐसा नहीं है, शिकायत के तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी जांच भी नहीं की।

### मिल गई चोरी की गई नम्बर प्लेट

**16 सितम्बर** को एसीपी मुजेसर को शिकायत देने के बाद शाम को संजय कॉलोनी की गली नम्बर 20 में एक नई ईको गाड़ी मिली, जिस पर चोरी की गई नम्बर प्लेट लगी हुई थी।

### यह बरती लापरवाही

**पीड़ित** पक्ष का कहना है कि पुलिस ने पहले तो उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया। जब गुहार लगाई गई, तो पुलिस कर्मियों ने कहा कि नंबर प्लेट 700 की है। एक हजार रुपये से कम की शिकायत दर्ज नहीं होती। जब उन्होंने किसी अनहोनी का हवाला दिया तो पुलिस ने उनसे शिकायत में लिखवा लिया कि उनकी गाड़ी की नम्बर प्लेट बरसात में कही गिर गई है। ऐसे में यदि कोई घटना घटित हो जाती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। पुलिस या चोर?

पुलिस ने पीड़ित को इसकी सूचना दी। पीड़ित पक्ष जब वहां पहुंचा, तो उन्हें पुलिस ने बताया कि चोरी की नम्बर प्लेट मिल गई है।

## एमटीपी एक्ट के बारे में जागरुकता कैंप

**फरीदाबाद।** वाईएस राठौर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के आदेश अनुसार व मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद की देखरेख में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एक विशेष जागरुकता शिविर एमटीपी एक्ट के विषय परपैनल एडवोकेट अर्चना गोयलव संजय गुप्ता द्वारा खेड़ीकला स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। हॉस्पिटल में आए लोगों इस विषय पर समझाते हुए बताया अवैध रूप से गर्भपात कराना व करना एक कनूनी अपराध है। गर्भपात करने की एक प्रक्रिया वह स्थान सरकार द्वारा निश्चित की गई है जिनका पालन करना चाहिए।

# पीएम मोदी के हाथों में देश की सुरक्षा और देश का खजाना सुरक्षित : गुर्जर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित सरकार : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की सुरक्षा, देश की सीमाएं और देश का खजाना सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों, दुकानदारों सहित तमाम वर्गों के लोगों के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाकर उन्हें क्रियान्वित करके धरातल पर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर शुक्रवार को स्थानीय कन्वेंशन हॉल में आयुष्मान भारत के तहत गरीब परिवारों के लाभार्थियों के साथ सीधी बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दुनिया के सबसे श्रेष्ठ लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस आज पूरे देश में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। लोगों के मेघा वैक्सीनेशन कैम्प लगाकर, पेड़ पौधे लगाकर, रक्तदान करने, गरीब परिवार में अनाज बांटने, फल वितरण करने सहित गरीबों की सेवाओं के लिए समर्पित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि कोरोना काल में इस योजना के तहत जिले में लगभग 7000 लोगों को लाभ दिया गया है। जिनका सरकार द्वारा कोरोना वायरस का निशुल्क इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में नंबरदारों चौकीदारों, आशा वर्करों सहित तमाम गरीब परिवारों को जोड़ा गया। उन्होंने गरीब परिवारों की आय को भी 120000 रुपये से बढ़ाकर 180000 रुपये की आय वाले परिवारों को शामिल किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में 2014 से गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर बेहतर तरीके से क्रियान्वित करके अंतिम छोर जरूरत मंद व्यक्ति को लाभ दिया जाने का काम किया जा रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने एक एम्बुलेंस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है जो बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के घर पर जाकर वैक्शीनेशन करने का काम करेगी।

इस अवसर पर विधायक जितेंद्र यादव, सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार सहित आयुष्मान भारत योजना से जुड़े परिवार उपस्थित रहे।



### आयुष्मान भारत देश दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आयुष्मान भारत देश दुनिया की सबसे बड़ी स्कीम है। इसके साथ भारत देश में दुनिया के एक देश के 10 करोड़ परिवार जुड़े हुए हैं। देश में इस योजना का लाभ 50 करोड़ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 प्रतिशत जनता को लाभ देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जिला फरीदाबाद में 187000 लोगों एक जोड़ा जाएगा। अब तक जिला में 33000 परिवारों की योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जुड़े बाकी के बचे 93000 लोगों को भी लाभ देना है।

# युवा कांग्रेस ने पकोड़े तल कर किया विरोध प्रदर्शन

### मोदी के जन्मदिन को किया राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस घोषित



**फरीदाबाद।** बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारों की बढ़ती संख्या देखते हुए हरियाणा युवा कांग्रेस ने बल्लभगढ़ के आंबेडकर चौक पर पकोड़े तल कर विरोध प्रदर्शन किया और पीएम मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया। युवा कांग्रेसियों ने हरियाणा की खट्टर सरकार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त कर नारे लगाए।

हरियाणा युवा कांग्रेस के मयंक चौधरी ने कहा कि आज कोरोना महामारी और लॉकडाउन के चलते बेरोजगारी बढ़ गई है। शिक्षित बेरोजगार दर- दर भटकने को मजबूर हैं। मोदी और शाह ने कहा था कि युवाओं को पकोड़े तलना चाहिए। अब पकौड़े भी तलना मुश्किल हो गया क्योंकि तेल रिफाइंड का दाम ढाई गुना बढ़ा दिया। आज केंद्र-प्रदेश सरकारों ने नौकरियां खत्म कर दी हैं, भर्तियों पर प्रतिबंध है। आज का बेरोजगार युवा कहां जाए। यहां तक कि हरियाणा में तमाम परीक्षाओं के पहले पेपर लीक हो जाते हैं और लाखों बेरोजगार युवाओं के अरमानों पर पानी फिर जाता है।

मयंक चौधरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बने सात वर्ष से अधिक हो गए। उन्होंने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन बेरोजगारी काफी बढ़ गई है। सरकार को चाहिए कि वह युवाओं को रोजगार दे। पीएम बनने से पहले युवाओं को सुनहरे सपने दिखाए, लेकिन जब सपने साकार कराने की बात आई तो वे कुछ नहीं कर रहे हैं। देश की सार्वजनिक संपत्तियां बेचने पर लगे हैं। आंबेडकर चौक पर प्रदर्शन करने के बाद युवा कांग्रेसी बल्लभगढ़ तहसील पहुंचे और वहां भी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर अभिलाष नागर, आकाश शर्मा, दिवाकर वशिष्ठ, विनोद कौशिक, सूरज नेहरा, सुरेंद्र रावल, ललित बैसला, सत्तन डेढ़ा, कुलदीप नागर, सचिन नागर आदि दर्जनों युवा कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नीलमी में सम्पत्ति खरीदने पर किया जा रहा है परेशान

**फरीदाबाद।** बैंक का लोन न चुकाने पर नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने खुली बोली में एक सम्पत्ति को नीलाम किया था, लेकिन अब नीलाम कारखाने को खरीदने वाले व्यवसायी को पूर्व मालिक द्वारा विभिन्न तरीकों से परेशान किया जा रहा है।

शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी, कारखाने को खरीदने वाले वर्तमान मालिक साहिल विरमानी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि एनसीएलटी ने अखबारों में एक विज्ञापन दिया था कि वह मथुरा रोड स्थित एक कारखाने द्वारा बैंक का लोन न चुकाने के कारण खुली बोली लगाई जाएगी। जिसमें तीन अन्य बोली दाताओं के साथ साहिल विरमानी और स्वर्गीय देवेंद्र उर्फ पप्पू ने मार्स इंफ्रा इंजीनिरिंग कंपनी के नाम से 52 करोड़ 83 लाख की सबसे ज्यादा बोली लगाकर उसे खरीद लिया। उसके बाद कारखाने के पूर्व मालिक करन गंभीर ऊपरी अदालत में चला गया। जहां उसने कहा कि मेरी जमीन मार्केट भाव से सस्ती बेच दी है। परंतु एनसीएलटी के फैसले को सही मानते हुए अदालत ने गंभीर पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। जोकि प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद करन गंभीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की बात सुनते हुए जनवरी में फैसला दिया कि निचली अदालत का फैसला सही है और इसमें दखलांदाजी से मना कर दिया। उसके बाद विरमानी ने अदालती आदेश दिखाते हुए तहसील के लिकिवडेटर से बयनामा करवाया और उसका दाखिला खारिज भी करवाया। इसके बावजूद दूसरा पक्ष कई तरह के आरोप लगा रहे हैं, जोकि गलत है। जिसके लिए विरमानी ने कहा कि वह वकीलों से राय लेकर मानहानि का दावा करेंगे। वहीं इस बारे में करन गंभीर ने एप्लेट ट्रिब्यूनल में एक केस फाइल किया है। जिसकी सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तारीख लगी हुई है।

## हर 15 दिन में अटल भूजल योजना की समीक्षा करें : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि जल संरक्षण के लिए केंद्र सरकार, विश्व बैंक व राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में अटल भूजल योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का उद्देश्य भूजल का संरक्षण करना है। इसके लिए सिंचाई विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। ऐसे में सिंचाई विभाग के अधिकारी सभी संबंधित विभागों के साथ प्रत्येक 15 दिन में समीक्षा मीटिंग आयोजित करें।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि योजना का लाभ जल्द से जल्द जिला के गांवों में दिख सके इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों की जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी व साथ ही फरीदाबाद जिला के चिह्नित 71 ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों को योजना के उद्देश्यों एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में जागरूक करना होगा। उन्होंने बताया कि मानव रचना यूनिवर्सिटी को योजना में जिला क्रियान्वयन भागीदार बनाया गया है।

# वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने लगा दिया एमसीएफ पर ताला

### एमसीएफ का गेट बंद होने से परेशान हो गई जनता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दो** महीने से वेतन और पेंशन का भुगतान न किए जाने से खफा फरीदाबाद, नगर निगम के कर्मचारियों ने टूलडाउन हड़ताल की। टूलडाउन हड़ताल के कारण कर्मचारियों ने गुस्से में नगर निगम फरीदाबाद के गेट पर ताला लगा दिया। जिस कारण यहां आए लोग परेशान हो गए। उनका कहना था कि शुक्रवार को ताला बंद हो जाने से उन्हें अब अपने कामों के लिए सोमवार तक का इंतजार करना होगा। लोगों को यहां परेशानियों का सामना करके लौटना पड़ा।

फेडरेशन प्रधान रमेश जागलान ने बताया कि नगर निगम के तीनों जोनों के कार्यालय बन्द रहे। निगम के तीनों जोनों में कर्मचारियों की टूलडाउन हड़ताल के कारण निगम परिसर में सन्नाटा छाया रहा। कार्यालय बंद होने से आम पब्लिक अपने कार्य के लिए इधर-उधर भटकती रही। टूलडाउन हड़ताल को नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा, म्युनिस्पल कॉरपोरेशन इम्पलॉइज फेडरेशन फरीदाबाद के आंदोलन पर छतरी बने रहने का काम करेगी और आगे सब मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे कर्मचारियों की सभी मांगें जब तक पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के कर्मचारी एवं फेडरेशन के कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय से लेकर नीलम चौक से जलूस निकालते हुए निगम आयुक्त के कार्यालय पर नारेबाजी की। प्रदर्शन में फेडरेशन उपप्रधान शाहाबीर खान, रमेश पहलवान, रणसिंह भडाना, मटरू लाल, सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रधान यूएम खान, कार्यालय कर्मचारी यूनियन प्रधान नरेश बैंसला, राम बिहारी, प्रमोद रोहिल्ला, राजपाल तेवतिया, शशी अधाना आदि मौजूद थे।

# 10, 15 साल पुराने वाहन चलाने पर पाबन्दी

### प्रदूषण फैलाने वाले इन वाहनों को फरीदाबाद पुलिस करेगी इंपाउंड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपने कार्यालय में हुई बैठक में सड़क सुरक्षा व सुचारू यातायात संचालन के संबंध में पुलिस अधिकारियों को 15 वर्ष से अधिक समय पूरा करने वाले पेट्रोल ईंधन चालित वाहनों और 10 वर्ष से अधिक समय पूरा करने वाले डीजल ईंधन चालित वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पुराने वाहनों की समस्या व समाधान पर नई वाहन कबाड़ नीति के अनुसार 15 साल पुराने व्यवसायिक वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा यानी उन्हें सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं है। जबकि निजी वाहन (पर्सनल व्हीकल) के लिए इस अवधि को 20 वर्ष तय किया गया है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों के लिए यह नियम लागू नहीं है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का कहना था कि एक डीजल व्हीकल 24 पेट्रोल कारों या 40 सीएनजी व्हीकल्स के बराबर प्रदूषण करता है। जिसके बाद एनजीटी ने दिल्ली-एनसीआर के आरटीओ को ऐसे सभी वाहन डी-रजिस्टर करने का आदेश है। अगर आपकी गाड़ी दिल्ली-एनसीआर में रजिस्टर है और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट पर 15 साल की वैधता लिखी है, तो भी अगर वह डीजल गाड़ी है तो 10 साल और पेट्रोल गाड़ी है तो 15 साल ही चल सकेगी। दिल्ली एनसीआर में राजधानी दिल्ली के अलावा हरियाणा के 13 जिले फरीदाबाद, गुरुग्राम, मेवात, रोहतक, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, चरखी-दादरी के साथ भिवानी, महेंद्रगढ़, जिंद और करनाल आते हैं। इन जिलों में भी 10 और 15 साल वाला नियम लागू होगा। अगर आप का डीजल वाहन 10 साल और पेट्रोल वाहन 15 साल की उम्र पूरी कर चुका है तो तुरंत उसे स्क्रैप (समाप्त) करा दें, सड़क पर निकाला तो कार्रवाई होगी।

ऐसे वाहनों को कोई रियायत नहीं मिलेगी और मालिकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी। जिसमें पकड़े जाने पर गाड़ी जब्त और 10 हजार का जुर्माने का प्रावधान है। वाहन सड़क पर नहीं चल सकेगा, उसे स्क्रैप कराना होगा। वाहन मालिक अपने ऐसे वाहनों को स्क्रैप करा लें जिनके परिचालन नहीं हो सकता। प्राइवेट व्यक्ति या कबाड़ी से वाहन को स्क्रैप न कराएं, ध्यान देने की बात यह है कि सरकार से अधिकृत एजेंसियों के अलावा किसी प्राइवेट व्यक्ति या कबाड़ी से वाहन को स्क्रैप नहीं कराएं। यह कानून का उल्लंघन है। ऐसे वाहनों को दिल्ली-एनसीआर से बाहर दूसरे शहर में बेच सकते हैं। 20 साल वाली नीति दिल्ली-एनसीआर के बाहर लागू है और गाड़ी का खरीदार अगले 10-11 साल तक पुरानी गाड़ी चला सकता है।

## भगवान विश्वकर्मा पूजा में पूर्व विधायक रही मुख्य अतिथि

**बल्लभगढ़।** पूर्वांचल सेवा समिति ने सेक्टर 3 में विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया। भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। पूर्व विधायक शारदा राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समिति के सदस्यों ने उनका पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। शारदा राठौर में सभी को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा शिल्प कला और अन्य हस्त कलाओं के प्रवर्तक थे। उन्होंने भगवान कृष्ण के लिए द्वारिका में महल वह पांडवों के लिए इंद्रप्रस्थ में महल बनाए। भगवान विश्वकर्मा सभी देवताओं के लिए अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण करते थे। सभी कामगारों पर भगवान विश्वकर्मा की कृपा बनी रहे। पूर्वांचल से आए लोगों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था मैं बहुत बड़ा योगदान है।

## कृषि राज्य मंत्री ने कहा, फोर्टिफिकेशन के जरिये पोषक तत्वों की कमी को दूर करने की दिशा में काम कर रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले 30 वर्षों में विश्व की जनसंख्या में दो अरब की वृद्धि होने का अनुमान है, जिससे मौजूदा 7.7 अरब की आबादी 2050 तक बढ़कर 9.7 अरब हो जाएगी। भारत की जनसंख्या चीन से आगे निकल जाने का अनुमान है और यह 1.3 अरब से बढ़कर 1.6 अरब हो जाएगी। सूक्ष्म पोषक तत्वों के बिना उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग वैश्विक आबादी को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी चिंता का विषय है।

सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और देश की खाद्य व पोषण सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करने के लिए इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (आईजेडए) ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) और इंडिया लीड जिंक डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएलजेडडीए) से साझेदारी में जिंक उर्वरक और खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए कच्चे माल पर एक वर्चुअल राउंडटेबल की मेजबानी की।



कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, आईजेडए, अमेरिका के डॉ. एंड्र्यू ग्रीन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा, इंडिया लीड जिंक डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएलजेडडीए) के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एल पुगाजेंती उपस्थति रहे।

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फोर्टिफाइड क्रॉप की आपूर्ति एवं फर्टिलाइजर सब्सिडी समेत विभिन्न कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'जिंक जैसे माइक्रो न्यूट्रिएंट का नहीं होना फसलों पर सीधा प्रभाव डालता है, जो खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा है। हम मृदा परीक्षण के लिए व्यवस्था को मजबूत करने, माइक्रोन्यूट्रिएंट फर्टिलाइजर्स को विकसित करने के लिए जरूरी रिसर्च एवं डेवलपमेंट करने और संबंधित लोगों में जागरुकता लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम अगले कुछ वर्षों में इस लक्ष्य को पाने की उम्मीद कर रहे हैं।'

अपने संबोधन में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा, 'महामारी के इस दौर में हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने और हमारी सुरक्षा करने में जिंक की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हमारे रोजाना के भोजन में इस महत्वपूर्ण माइक्रोन्यूट्रिएंट की कमी सभी के लिए चिंता की बात है और सभी को फूड फोर्टिफिकेशन की दिशा में मिलकर काम करना होगा। हमने आईजेडए से साझेदारी की है और नए उत्पादों व टेक्नोलॉजी के लिए शोध कर रहे हैं, जिससे जिंक को जिंक फर्टिलाइजर उत्पादन के लिए कच्चे माल में बदला जा सके। हमने राजस्थान के उदयपुर में जिंक फर्टिलाइजर ट्रायल भी शुरू किया है।'

## संक्षिप्त समाचार

### केएल महता कॉलेज में लगा वैक्सीन शिविर



**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित केएल महता महिला महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस तथा एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित शिविर में लगभग सात सौ लोगों ने कोरोना से बचाव का इंजेक्शन लगवाया। शिविर में चीफ गेस्ट के मौके पर बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, महाऋषि दयानंद एजुकेशनल इंस्टीट्यूटेशन प्रेजीडेंट आनंद महता, उनकी धर्मपत्नी शुभ महता जोकि कॉलेज में डायरेक्टर सेल्फ फाइनेंस के पद पर तैनात हैं, मुख्य रूप से मौजूद रहीं। इन सभी का कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. वंदना मोहला ने बुके देकर स्वागत किया। कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं ने भी टीके लगवाये। डॉ. वंदना मोहला और स्टाफ ने शिविर को सफल बनाने के लिए पूर्ण योगदान दिया।

### शिवालिक ग्रुप ने फहराया 105 फीट का तिरंगा



**फरीदाबाद।** शिवालिक ग्रुप द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित नेशनल फ्लैग होस्टिंग सेरेमनी में शिवालिक ग्रुप ने 105 फीट ऊंचा तिरंगा कंपनी में फहराया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, शिवालिक ग्रुप से नरेंद्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल सहित शहर के गणमान्य इंडस्ट्रीज के लोग मौजूद रहे। मूलचन्द शर्मा ने कहा कि तिरंगा 135 करोड़ जनता का सम्मान और उसकी शान है इस तिरंगे में देश की आन बान शान बसती है।

### आरपीसीए स्टोर ने कृष्णा नर्सिंग होम को 88 रन से हराया

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गया। मैच में आरपीसीए स्टोर ने कृष्णा नर्सिंग होम को 88 रन से हरा दिया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए स्टोर ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन बनाए। पीयूष श्रीवास्तव 62 रन, प्रबल शर्मा ने 29 रन, अंशुल यादव ने 18 रन, सिद्धांत शर्मा ने 17 रन बनाए। कृष्णा नर्सिंग होम के चमन भाटी ने चार विकेट, रोहित शर्मा ने एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा नर्सिंग होम की टीम 17.4 ओवर में 10 विकेट में 85 रन ही बना सकी। रिजवान खान ने 23 रन, मोहित ने 19 रन, पवन ने 12 रन बनाए। आरपीसीए स्टोर टीम के आर्यन बैसोया ने चार विकेट, सिद्धांत शर्मा ने तीन विकेट, जय डागर और रुस्तम एक-एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पीयूष श्रीवास्तव को मिला।

### साहिल ने जेवेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 15 से 19 सितम्बर तक जेएन स्टेडियम वारंगल तेलांगना में किया जा रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि साहिल सिलवाल चरखी दादरी ने 77 मीटर 79 सैंटीमीटर जेवेलिन थ्रो कर इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स हरियाणा टीम कोच रोहताश सिवाच और टीम मैनेजर सत्यवीर धनखड़ ने पदक विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

### कोरोना के दो मरीज आए पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को दो नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिससे जिले में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या छह हो गई। वहीं जिले में फिलहाल कोविड-19 का आंकड़ा 99843 पर पहुंच गया। वहीं जिले में पिछले 24 घंटों में 2327 लोगों ने जांच करवाई। जिसमें सरकारी के 1567 मरीजों की रिपोर्ट और निजी लैब में लिए गए 438 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1115528 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99843 |
| अब तक नेगेटिव | : 1013680 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2005 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99121 |

### फौगाट स्कूल की पायल ने जीता सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब



**फरीदाबाद।** सेक्टर 56 फरीदाबाद स्थित फौगाट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित 7वीं इंटरस्कूल जिलास्तरीय हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में चौदह प्रतिभागी स्कूलों के 28 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान ठारू राम आर्य कन्या व. मा. विद्यालय को मिला। शिवा पब्लिक सी से स्कूल सीकरी द्वितीय स्थान पर और कुंदन ग्रीन वैली स्कूल बल्लभगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। फौगाट स्कूल की छात्रा पायल को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया। निर्णायक मंडल में टीडी दिनकर, सुशील शास्त्री और स्नेहलता था टाइमकीपर की भूमिका में कुमार अमरेन्द्र उपस्थित थे। प्रतियोगिता का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर आईआरएस डालचंद (उपायुक्त जीएसटी) ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सफलता पाने के सूत्र और कड़ी मेहनत के परिणाम पर चर्चा की और फौगाट स्कूल प्रबंधन के इस प्रकार के सकारात्मक साहित्यवर्धन कार्यक्रम के लिए बधाई दी। अपने पूर्वजों की याद में ऐसे कार्यक्रम करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। स्कूल प्रधानाचार्य निकेता सिंह, संस्थापक चौधरी रणधीर सिंह, निदेशक डॉ. सतीश फौगाट भी उपस्थित थे। डॉ. सतीश फौगाट ने बताया कि हमारे कायक्रम के जरिए हम बच्चों भय निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी: ---------------------------

# पाकिस्तान से भारत आते समय ट्रेन में ही दुनिया से विदा हो गईं दादी...

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### दादी के बीमार होने पर एक महिला को थमाई सोने की गठरी तो वह लेकर हो गई फरार

### पाकिस्तान से ट्रेन को भारत पहुंचने में लगे थे सात दिन

**भारत** -पाकिस्तान के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में जो दंगे हुए, उनके प्रत्यक्षदर्शियों, पीड़ितों के मुंह से सुनकर यह सोचने, समझने में देर नहीं लगती कि उन्होंने कितनी यातनाएं झेली थी। 1947 के विभाजन का दर्द: बुजुर्गों की जुबानी सुनकर पता चलता है कि उन्होंने किस तरह से विस्थापित होकर खुद को भारत में स्थापित किया।

जिला झांग तहसील मघियाना बंटवारे के समय पाकिस्तान में आ गया था। उस क्षेत्र में रहने वाले उस समय करीब 15 साल के एसएस हंस आज करीब 90 वर्ष के हो गये हैं। भारत-पाक विभाजन के समय से पूर्व की बातें करते हुए वे बताते हैं कि उनके पिता मलिक हुकम चंद हंस वकील थे। उनका अपना बड़ा


एसएस हंस।

घर था। घर का अतिथि कक्ष हमेशा मेहमानों से भरा रहता था। वे चार भाई-बहन थे। परिवार में उनकी दादी भी थी। उनके पिता के दो भाई और उनके गांव में खेती की जमीन की देखभाल करने के लिए गांव थरेजा में रहते थे।

एसएस हंस बताते हैं कि एक दिन अचानक उन्हें कुछ जरूरी कपड़ों के साथ घर छोड़ने के लिए कहा गया। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान में दंगे शुरू हो गए थे। वे सब घर से उस ट्रेन में सवार होने को चल दिए, जो पाकिस्तान से भारत जाने को तैयार थी। उनके पिता अपने भाइयों के परिवारों को लेने के लिए कुछ सेना के जवानों के साथ गांव गए थे। क्योंकि उनके दोनों भाइयों का कुछ महीने पहले निधन हो गया था।

### परिवार के छह सदस्य भारत के लिए चले

**एसएस** हंस के मुताबिक वे छह सदस्य खुद, उनकी दादी, मां, दो छोटे भाई और बहन किसी तरह ट्रेन तक पहुंचे। उन्होंने अपने साथ बंडल (गठरी) ली, जिसमें एक किलो यानी 100 तोला से अधिक सोना था। हंस बताते हैं कि उनकी दादी की तबीयत ठीक नहीं थी। उन सबको ट्रेन की छत पर जगह मिल सकती थी, क्योंकि ट्रेन बहुत अधिक भरी हुई थी। किसी तरह से वे ट्रेन में सवार हुए और ट्रेन कुछ सेना के जवानों साथ रवाना हुई।

### लोग बोले, बीमार दादी को यहीं छोड़ दो

**एसएस** हंस बताते हैं कि रास्ते में उनकी दादी को डायरिया हो गया। लोगों ने कहा कि उन्हें वहीं छोड़ दो। लेकिन हम अपनी प्यारी दादी को इस तरह नहीं छोड़ सकते थे। ट्रेन को भारत पहुंचने में सात दिन लगे। रास्ते में उनकी दादी की मृत्यु हो गई। पीने के लिए पानी तक नहीं मिला। श्री हंस के मुताबिक अपनी दादी को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ रस्में करनी थी। उन्होंने एक महिला को सोने की गठरी कुछ समय के लिए रखने को कहा। ट्रेन भारत के पहले स्टेशन अटारी पहुंची। उन्होंने सोने की गठरी वापस लेने के लिए उस महिला को खोजा, लेकिन वह नहीं मिली। पूरा सोने लेकर भाग गई। अटारी के बाद सभी पंजाब के जालंधर शहर पहुंचे। कुछ समय शिविरों में रहे। उनके पिता कुरुक्षेत्र में एक सेटलमेंट कमिश्नर के रूप में चुने गए थे। आखिर में गुरुग्राम उनका स्थायी ठिकाना बना।

# संक्षिप्त-समाचार

## दो ट्रेनों को अनारक्षित करने व दो में महिला कोच की मांग



**गुरुग्राम।** दो ट्रेनों को अनारक्षित करने और दो ट्रेनों में महिला कोच लगाने, सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर दिल्ली रेल मंडल के सीनियर डिवीजनल कॉमर्शियल मैनेजर प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। मंडल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य और दैनिक रेल यात्री संघ पटौदी रोड के अध्यक्ष योगिन्द्र चौहान ने पूजा यादव के साथ मिलकर यह ज्ञापन मैनेजर प्रवीण कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली-रेवाड़ी सेक्शन पर ट्रेन नंबर-54414 के संचालन किया जाए। साथ ही श्रीगंगानगर-तिलकब्रिज ट्रेन को अनारक्षित किया जाए। इसके अलावा दिल्ली-सहारनपुर पर चलने वाली ट्रेन नंबर-04403 और 04404 में महिला कोच बनाये जाएं। पुलिस सुरक्षा की सुविधा भी ट्रेन में दी जाए। मैनेजर प्रवीण कुमार ने कहा कि इन सभी विषयों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत जल्द होगी सर्वे

**सोहना।** मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत नगर परिषद के करीब 100 परिवारों को लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लाभार्थियों को पहुंचाने के लिए पहले सर्वे किया जाएगा। जिसके लिए उपायुक्त के आदेश पर पांच सदस्यों की कमेटी का गठन किया है। नगर परिषद के 21 वार्डों में करीब 100 ऐसे परिवारों की सूची उच्चाधिकारियों से प्राप्त हुई है। जिन्हें मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना से जोड़ा जाएगा। ऐसे परिवारों को केन्द्र व राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिससे परिवार को विकसित करने और उनकी आर्थिक हालत पहले से मजबूत हो सकेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने वाले परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से नीचे होनी चाहिए। योजना से लाभ प्राप्त करने वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति की जांच के लिए पांच सदस्यों की कमेटी का गठिन किया गया है। यह कमेटी उपायुक्त के आदेश पर बनाई गई है। जिसमें जयदीप कादयान प्रिंसिपल आईटीआई, सुनीता यादव मंडल रोजगार अधिकारी, पुनीता उपनिदेशक पशुपालन विभाग, महेन्द्र सिंह एनयूएलएम और पिंकी यादव जिला बागवानी अधिकारी। नगर परिषद के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि इस योजना का लाभ आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों उनके उत्थान के लिए अलग-अलग केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से दिया जाएगा। जिसमें परिवार के सदस्यों का कारोबार से संबंधित रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराके, परिवार को भवन निर्माण कराके, लाडली योजना के तहत आदि अन्य शामिल है। उन्हें अभी तक उच्चाधिकारियों से सभी 21 वार्डों में रहने वाले एक सौ के लगभग परिवारों की सूची प्राप्त हो गई है। कमेटी जल्द ही अपना सर्वे का कार्य शुरु करके उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजेगी। उसके बाद ही परिवार के सदस्यों को मापदंड़ों को पूरा करने वाले परिवार योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय पोषण माह शिविर में 190 रोगियों ने लिया उपचार



**सोहना।** आयुष विभाग गुरुग्राम के तत्वावधान में सोहना के नागरिक अस्पताल में लगाए गए शिविर में 190 लोगों ने होम्योपैथिक, आयुर्वैदिक और योग के माध्यम से रोगों का उपचार कराया। शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत नागरिक अस्पताल में आयुष विभाग गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय शिविर में डॉ. भ्रम प्रकाश खटाना, डॉ. सूची और डॉ. भू देव ने शिविर में आए रोगियों को उपचार दिया। डॉ. भू देव के पास पहुंचे 40 लोगों ने योग के माध्यम से योगाशासन का ज्ञान प्राप्त किया। डॉ. भ्रम प्रकाश खटाना से 160 रोगियों ने आयुर्वेदिक नियम सलाह व दवाइयां ली। डॉ. रुची से होम्योपैथिक नियम से 62 रोगियों ने उपचार व सलाह ली। इस शिविर को सफल बनाने में आयुर्वेदिक फार्मेसिश विक्रम, फार्मेसिस्ट टिंकू यादव व मंजीत ने पूरी लगन से कार्य किया।

## ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त बनाने को चलेगा अभियान

**सोहना।** खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में खुले में शौचमुक्त व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम सचिव गांव-गांव जाकर आजादी के अमृत महोत्सव समारोह का आयोजन कर ग्रामीणों के साथ बैठके करेंगे। जिसमें आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूली छात्र भी अपना श्रमदान करेंगे। प्रदेश सरकार के आदेश पर एक बार फिर खंड की सभी ग्राम पंचायतों में खुले में शौच मुक्त योजना को लेकर 100 दिन का अभियान चलाया जाएगा। अभियान में ग्राम पंचायत सचिव ग्रामीणों के साथ सामाजिक दायरों को निभाते हुए खुले में शौच न जाने की व्यवस्था को बरकरार रखने पर जोर देंगे। घरों से निकलने वाला गंदा पानी को भूमि जल संचय नियम के तहत वाटर हार्वेस्टिंग के नियम को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। घरों से निकलने वाले कूड़ा कचरा को निरधारित स्थान पर डालने तथा गिला व सूखा कचरा को अलग-अलग स्थान पर गिराने पर जोर दिया जाएगा। गांवों के सार्वजनिक स्थानों के अलावा चौक-चौराहों व आम रास्तों में सफाई व्यवस्था को बनाने पर जोर दिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान में ग्राम सचिवों का सहयोग आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पूर्व पंच व सरपंच, नंबरदार, समाज सेवी और स्कूली छात्रा भी करेंगे। स्कूली छात्र रैलियां निकालते हुए जागरूक करेंगे। बीडीपीओ प्रमेंद्र सिंह का कहना है कि गुरुवार को सभी पंचायतों में लगे ग्राम सचिवों के साथ बैठक करते हुए आजादी का अमृत महोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दे दिए हैं।

# केक काटकर मनाई नर्सिंग ऑफिसर बनने की खुशी

### स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का किया धन्यवाद

### अपने काम को और बेहतरी से करने की कही बात


गुरुग्राम में केक काटकर नर्सिंग ऑफिसर बनने की खुशी मनाते नर्सिंग स्टाफ।


गुरुग्राम में नर्सिंग ऑफिसर्स को नेम प्लेट लगाती चीफ नर्सिंग ऑफिसर सरोज।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नर्सिंग** ऑफिसर का दर्जा मिलने के बाद शुक्रवार को यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में नर्सिंग ऑफिसर्स ने खुशी मनाई। इस अवसर पर केक काटा गया। सीनियर, जूनियर सभी स्टाफ ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को बधाई दी। सीनियर्स स्टाफ ने अपने जूनियर्स को नर्सिंग ऑफिसर की नेम प्लेट लगाई।

कार्यकारी चीफ नर्सिंग ऑफिसर सरोज, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर इंद्रा देवी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर वर्षा, नर्सिंग ऑफिसर एवं गुरुग्राम नर्सेज एसोसिएशन की अध्यक्ष कमलेश सिवाच, नर्सिंग ऑफिसर रितु मलिक, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय, नर्सिंग ऑफिसर सुमन यादव, नर्सिंग ऑफिसर सुमन यादव, नर्सिंग ऑफिसर सीमा, नर्सिंग ऑफिसर जया, नर्सिंग ऑफिसर मोनिका, नर्सिंग ऑफिसर दीप्ति समेत काफी संख्या में स्टाफ मौजूद रहीं।

कार्यकारी चीफ नर्सिंग ऑफिसर सरोज ने नर्सिंग ऑफिसर्स को नेम प्लेट लगाकर उन्हें और भी बेहतरी से अपना काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग समर्पण और सेवा का दूसरा नाम है। हमें कई बार खुद की परेशानियों को दरकिनार करके मरीजों की निष्काम भाव से सेवा करनी पड़ती है। यही हमारी विशेषता भी होनी चाहिए कि हम अपनी समस्या भूलकर दूसरों की सेवा करें। उन्होंने सभी नर्सिंग ऑफिसर को इस नये पद नाम की बधाई देते हुए यह भी कहा कि अपने पद की गरिमा को ऊंचा रखना है। हमारा दायित्व और भी बढ़ गया है। हमारे काम पर कभी सवाल ना उठें, बल्कि हम अपने काम से खुद को, नर्सिंग पेशे को और अपने संस्थान को गौरवान्वित करें। उनके इस कथन पर सभी नर्सिंग ऑफिसर्स ने विश्वास दिलाया कि वे अपने पेशे में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करती रही हैं। भविष्य में भी उससे भी बढ़कर काम करते हुए इस पद की गरिमा को बढ़ाएंगी।

### सेवाभाव के साथ चुना नर्सिंग प्रोफेशन

**नर्सिंग** ऑफिसर रितु मलिक और नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय ने कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन को हम सबने सेवाभाव के साथ चुना है। जो सेवा हम अपने बड़े-बुजुर्गों की करते हैं या करना चाहते हैं, उसी तरह की सेवा हमें मरीजों की भी करनी है। बीमार व्यक्ति को अपनी मीठी वाणी से हम आधा ठीक कर सकते हैं। दवा से अधिक काम हम सबका पॉजिटिव तरीके से बात करना काम करता है। नर्सों की तीन श्रेणियां स्टाफ नर्स, नर्सिंग सिस्टर और मैटर्न हैं। स्टाफ नर्स नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगी। नर्सिंग सिस्टर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और मैटर्न स्टाफ चीफ नर्सिंग ऑफिसर कहलाएंगी।

# पानी व पर्यावरण बचाने के प्रति रहें सजग : पवन जिंदल


गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण करते आरएसएस के हरियाणा प्रांत संघचालक पवन जिंदल, प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार गर्ग साथ में अन्य।

### राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में किया पौधारोपण

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**आरएसएस** के हरियाणा प्रांत संघचालक पवन जिंदल ने कहा कि पानी व पर्यावरण बचाने के लिए हम सबको सजग रहना होगा। यह समय की जरूरत है। अगर इसके प्रति अभी से नहीं चेते तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को नुकसान होगा। यह बात उन्होंने राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दो दिवसीय पौधारोपण उत्सव में बोलते हुए कही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश कुमार गर्ग ने कही।

महाविद्यालय में आयुर्वेदिक पौधे लगाने की सलाह देते हुए पवन जिंदल ने कहा कि हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए और इनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों से भी अपील की है कि पौधारोपण को बढ़ावा दें। हर कोई एक-दूसरे को इस कार्य के प्रति प्रेरित करें।

प्राचार्य रमेश कुमार गर्ग ने उन्हें विश्वास दिलाया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही आयुर्वेदिक पौधों को लगाने का कार्य भी शुरू हो जाएगा। यह हमारे भविष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के अभियान जारी रखे जाएंगे, ताकि हरियाली बढ़े। वातावरण स्वच्छ हो। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगे। पौधारोपण उत्सव में महाविद्यालय के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, कालेज कौंसिल सदस्यों, एनएसएस, एनसीसी, महिला प्रकोष्ठ, बॉटनी विभाग के इंचार्ज ने लगभग 40 पौधे लगाए और इनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# युवक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**सोहना।** तालाब में मृत मिला 28 वर्षीय युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों की बोर्ड टीम ने पोस्टमार्टम करने के बाद मौत के खुलासे के लिए लैब में जुटाए गए सबूतों को भेज दिया है।

एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि राहुल के परिजनों की मांग स्वीकारते हुए डॉक्टरों का बोर्ड बनाया गया, उसके द्वारा पोस्टमार्टम हुआ। जांच अधिकारी ने बताया कि करीब तीन माह में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही राहुल की संदिग्धता में हुई मौत का खुलासा हो सकेगा। राहुल के पिता विनोद ने बताया कि राहुल को पानी में तैरना नहीं आता था। आरोपियों ने राहुल की हत्या करने के बाद शव खुर्दबुर्द करने के इरादे से जनस्वास्थ्य विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में बने करीब 12 फुट गहराई वाले तालाब में फेंक दिया।

**वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कैसे पहुंचा राहुल :** राहुल की मौत के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर राहुल का शव मिलने से यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। राहुल प्लांट के अंदर कैसे गया और उसे सुरक्षा गार्डों ने अंदर जाने की अनुमति क्यों दी।

**सुरक्षा व्यवस्था कड़ी :** जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के कारण बाहरी व्यक्ति अंदर नहीं जा सकता। प्लांट के पीछे साइड में नर्सरी खड़ी है। जहां पर दीवार कूदकर बाहरी व्यक्ति प्लांट में आ सकता है।

### हत्यारोपी दोस्त गिरफ्तार, अदालत ने भेजा जेल



**सोहना।** पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने हत्यारोपी को 14 दिन के लिए भोंडसी जेल में भेज दिया है।

मामले की जांच कर रहे एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि हत्यारोपी नरेश को गुरुवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान लोहे की रॉड भी बरामद की है। जिसे उसने पास में ही छुपा दिया था। जांच अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद हत्यारोपी नरेश को अदालत में पेश किया। अदालत ने नरेश को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# प्रो. राम सिंह को मिला लाइफटाइम आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवॉर्ड

### कीट विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


प्रो. राम सिंह व उन्हें मिला अवार्ड।

**हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मानव संसाधन प्रबंधन के पूर्व निदेशक एवं कीट विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राम सिंह को आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया है।

यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीट विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश, आरवीएस कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश और नाबार्ड के सहयोग से सतत विकास के लिए कृषि, पर्यावरण और जैव विज्ञान में प्रगति पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। कृषि पर्यावरण विकास सोसायटी ने 5 से 7 अगस्त, 2021 तक यह सम्मेलन किया। इस सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों, प्रशासकों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, नीति निर्माताओं और उद्यमियों ने भाग लिया। इसी सम्मेलन में प्रो. राम सिंह को यह सम्मान दिया गया।

**विवि से सेवानिवृति के बाद कर रहे यह काम :** विवि से सेवानिवृत्त उपरांत प्रोफेसर राम सिंह मनुष्य की निरंकुश गतिविधियों के फलस्वरूप भविष्य की आपदाओं के कारणों और समाधानों पर अध्ययन कर रहे हैं। कुछ तथ्यों के आधार पर उनकी राय में यदि मनुष्य अगले 100 वर्षों में दो बिलियन तक की मानव आबादी का प्रबंधन करने में असमर्थ रहा तो मानव अत्यधिक प्राकृतिक हमले का सामना करने के लिए बाध्य होगा।

**इन महत्वपूर्ण पदों पर रहे :** वे विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के तकनीकी सलाहकार, निदेशक मानव संसाधन प्रबंधन, डीन कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर (अतिरिक्त प्रभार), डीन कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज (अ. प्रभार), निदेशक छात्र कल्याण (अ. प्रभार), विभागाध्यक्ष, कीट विज्ञान विभाग (अतिरिक्त प्रभार) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

# हॉकी एस्ट्रोटर्फ...मंत्रियों पर नहीं विश्वास, अब विधायक से है आस

### नेहरू स्टेडियम के हॉकी मैदान में नया एस्टोटर्फ लगने की जगी उम्मीद

### गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला ने की घोषणा

### वर्ष 2003 में बिछाया गया था यह एस्टोटर्फ

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**यहां** नेहरू स्टेडियम में खराब हो चुके हॉकी मैदान के एस्ट्रोटर्फ को लेकर पिछले 15 साल से जद्दोजहद जारी है। वर्ष 2003 में बिछाए गए एस्ट्रोटर्फ की हालत बहुत खस्ता हो चुकी है। मंत्रियों के लाख दावों के बावजूद इसकी कायापलट नहीं हो पाई। अब गुड़गांव के विधायक ने इसे बदलवाने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही खिलाड़ियों में हॉकी का बेहतर मैदान मिलने की उम्मीद जगी है।



### विधायक बोले, जल्द नया एस्ट्रोटर्फ लगेगा

**विधायक** सुधीर सिंगला ने गुरुवार को यहां राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शिरकत की। इस दौरान उनके समक्ष एस्ट्रोटर्फ का मुद्दा रखा गया। विधायक ने घोषणा की कि एस्ट्रोटर्फ को जल्द नया लगवाया जाएगा। खिलाड़ियों को सुविधाएं देने में सरकार कटिबद्ध है।

### छह से सात साल होती है एस्ट्रोटर्फ की उम्र

**हॉकी** के मैदान में एस्ट्रोटर्फ की उम्र छह से सात साल के बीच होती है। यह भी तब जब उसका नियमित तौर पर सही रखरखाव किया जाए। अगर उसका रखरखाव नहीं किया गया तो वह इससे भी पहले खराब हो सकता है। यहां एस्ट्रोटर्फ वर्ष 2003 में लगाया गया था। 18 साल का लंबा समय बीत गया है। एस्ट्रोटर्फ पूरी तरह से खराब हो चुका है। बरसात के समय यह पानी से लबालब भरा रहता है। अधिक पानी भरा रहने के कारण भी यह खराब हो जाता है। ऐसी स्थिति में यहां खिलाड़ी कैसे हॉकी का जादू दिखाएं, यह उनके लिए चुनौती है।

कई बार इस हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ बिछाने की बातें हुई, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। अपने मंत्री काल में सुखबीर कटारिया ने यहां की बजाय अपने गांव गुड़गांव गांव में एस्ट्रोटर्फ बिछवा दिया, जबकि वे पहले नेहरू स्टेडियम में सहकारिता मंत्री रहते हुए एस्ट्रोटर्फ बिछाने की घोषणा करके गये थे। एस्ट्रोटर्फ का स्थान बदलने के कारण खिलाड़ियों में भी इस बात का रोष रहा। वर्तमान सरकार में खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह ने भी स्टेडियम में दौरा किया था। उन्होंने यहां खिलाड़ियों व अधिकारियों के बीच एस्ट्रोटर्फ समेत अन्य सुविधाएं दुरुस्त कराने की बात कही थी। लेकिन काम उनकी घोषणा के बाद भी नहीं हो पाया।

खेल विभाग की ओर से तो कई बार इस हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ को दोबारा से बनाने के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से ब्यौरा एवं एस्टीमेट मांगा है। विभाग द्वारा नगर निगम गुरुग्राम से कई बार एस्टीमेट तैयार कराकर चंडीगढ़ भेजा जा चुका है। अभी तक मामला फाइलों में ही अटका हुआ है। सरकार फाइलों का डिजिटली आदान-प्रदान के दावे कर रही है, जबकि यहां की फाइल कहां अटकी है, किसी को नहीं पता। पिछले 5 सालों में एस्ट्रोटर्फ लगवाने का एस्टीमेट 5 करोड़ से लगभग 10 करोड़ पहुंच चुका है। क्योंकि यह लगातार खराब ही होता जा रहा है।

# नगर परिषद जिला अदालत का दरवाजा खटखटाएगी

**सोहना।** नगर परिषद जल्द ही अंसल रिट्रिट रेडिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन को उपमंडलीय अदालत से मिले स्टे के विरुद्ध जिला स्तरीय अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। अंसल रिट्रिट रेडिडेंशल वेलफेयर एसोसिएशन से जूड़े 165 फार्म हाउस मालिकों ने राहत की सास ली है।

नगर परिषद सोहना ने रायसीना व सोहना से लगती अरावली पर्वत श्रंखला में बने 434 फार्म हाउसों में से 330 मालिकों को अवैध निर्माण करने के नोटिस जारी किए थे। परिषद ने जनवरी से लेकर जुलाई माह तक बार-बार चलाए गए अभियान में लगभग सौ फार्म हाउसों को गिराया था। परिषद के अभियान के विरोध में रायसीना और सोहना में बने फार्म हाउसों के 165 मालिकों की गठित अंसल रिट्रीट रेडिडेंशन वेलफेयर एसोसिएशन ने उपमंडलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उपमंडलीय अदालत ने हाल ही में एसोसिएशन को स्टे देते हुए परिषद को अंसल क्षेत्र में बने फार्म हाउसों की तोड़फोड़ न करने के लिए बाध्य कर दिया है।

# आईएमटी गाजियाबाद ने अपग्रैड के साथ अपने ऑनलाइन शिक्षार्थियों के बैच के लिए पहला दीक्षांत समारोह का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**अनेक** सफल वर्चुअल दीक्षांत समारोह की मेजबानी करने वाले एशिया के उच्च एडटेक लीडर अपग्रैड ने हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी गाजियाबाद के मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले पहले चार बैचों के 750 से अधिक शिक्षार्थियों के लिए वर्चुअल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।

यह युनिवर्सिटी के लिए पहला लाइव दीक्षांत समारोह था। शिक्षार्थियों को मैनेजमेंट में अपने ऑनलाइन पीजी प्रोग्राम पूरा करने के लिए सम्मानित किया। प्रो. विशाल तलवार-निदेशक, आईएमटी गाजियाबाद, प्रो. अमित सरीन- डीन, आईएमटी गाजियाबाद, प्रो. पूजा अग्रवाल गुलाटी- प्रोग्राम निदेशक, आईएमटी गाजियाबाद, प्रो. सपना पोपली- अध्यक्ष, एमडीपी, आईएमटी गाजियाबाद, जुजेर ताम्बावाला - निदेशक, प्रोडक्ट एंड मार्केटिंग फ्रैंकलिन टेम्पलटन, भारत और अपग्रैड के सह-संस्थापक और एमडी - मयंक कुमार उपस्थित थे। सफल दीक्षांत समारोह पर प्रो. अमित सरीन ने कहा कि मैं उन छात्रों को शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने अपग्रैड के प्रोग्राम को पूरा किया है। यह उनके करियर के लिए सबसे अच्छा है। आईएमटी संकाय पाठ्यक्रम के डिजाइन और प्रोग्राम की डिलिवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक सामान्य प्रबंधन प्रोग्राम में एक प्रबंधक को सिस्टम सोच विकसित करने में मदद करता है और संगठन के बारे में एक एकीकृत दृष्टिकोण बनाता है जहां वे एक संगठन में विभिन्न विभागों के रूप में काम कर रहे हैं जैसे कि विपणन, संचालन, वित्त और मानव संसाधन आपस में जुड़े हुए हैं।

डिजिटल वर्चुअल की दुनिया के बारे में बात करते हुए प्रो. विशाल तलवार ने कहा कि कोरोना महामारी ने मशीनों और प्रौद्योगिकी को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। इसने हम सभी को एक तकनीक-संचालित वातावरण की ओर धकेल दिया है। इसने हमें पुनर्गणना और पुनर्विचार करने का अवसर भी दिया है। इन सभी परिवर्तनों को देखते हुए आज मैनेजमेंट एजुकेशन की महत्ता बढ़ गई है। एक अच्छी शिक्षा का वास्तविक मूल्य यह है कि आप अपने लिए सोचने में सक्षम हों, सही प्रश्न पूछें, कई दृष्टिकोणों से देखने में सक्षम हों, और एक स्वीकृत विचार को स्वीकार न करें। दीक्षांत समारोह में भारत में फ्रैंकलिन टेम्पलटन के प्रोडक्ट एवं मार्केटिंग के निदेशक जुजेर तांबावाला ने कहा, आज, मैं आपको तीन संदेश देना चाहता हूं, उनमें से एक है समय। आज आप अरबपति हैं! आप इस समय को अच्छी तरह से निवेश करें ताकि जब आप पीछे मुड़कर देखें तो आपको पता चले कि वह समय अच्छी तरह से व्यतीत हुआ। हर संकट एक अवसर है। यह आप पर निर्भर है कि अवसर क्या है। सफल होने का सूत्र है कड़ी मेहनत × किस्मत × अच्छे रिश्ते। आपको जोड़ चिह्न से गुणा की ओर जाने की आवश्यकता है क्योंकि यदि इनमें से कोई भी संख्या शून्य है, तो आपका परिणाम शून्य होगा।

अपग्रैड के सह-संस्थापक और एमडी मयंक कुमार ने कहा, अपग्रैड में हम अपने शिक्षार्थियों को ऑफलाइन डिग्री के सभी अनुभव प्रदान करने का प्रयास करते हैं और वर्चुअल दीक्षांत समारोह के बाद उनके समर्थन और कृतज्ञता के उत्साह को देखकर हम बेहद विनम्र हैं।

# प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर तावडू में विधायक ने चलाया स्वच्छता अभियान

## प्रधानमंत्री जन्मोत्सव सेवा सप्ताह में कार्यकर्ताओं की सहभागिता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


प्रधानमंत्री जन्मोत्सव स्वच्छता को झाडू लगाते विधायक और अन्य कार्यकर्ता।

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्म दिवस के अवसर पर स्थानीय विधायक कुंवर संजय सिंह ने शहर के जय भारत रामलीला प्रांगण से स्वच्छता अभियान चलाकर इसकी शुरुआत की।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश प्रधान ने सुबह से ही अपनी टीम के साथ कार्यक्रम का जिम्मा संभाला। इस अवसर पर विधायक संजय सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत प्रधानमंत्रीजी का सपना है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। अबकी बार प्रधानमंत्री जन्मोत्सव सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें पहले दिन शुक्रवार को सफाई अभियान के साथ इसकी शुरुआत की गई है। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को पार्टी के कार्यकर्ता गरीब बस्तियों में जाकर केक काटकर व लड्डू बांटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाएंगे। जबकि तीसरे दिन रविवार को अपने क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती मरीजों को व कोरोना काल में जीजान से जुटे योद्धाओं को के अलावा गरीब बस्तियों में फल इत्यादि वितरित करेंगे। चौथे दिन सोमवार को गरीब व जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार सामग्री वितरित करेंगे। जबकि पांचवें दिन मंगलवार को पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ता आसपास की गोशालाओं में जाकर गो सेवा करेंगे। छठे दिन मंगलवार को पर्यावरण की सुरक्षा व पर्यावरण की शुद्धि के लिए जगहों का चयन कर पौधारोपण करेंगे। सेवा सप्ताह के अंतिम दिन भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष अपने क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में जाकर पेन, पेंसिल, नोटबुक छात्रों को वितरित करेंगे। विधायक ने कहा कि सेवा सप्ताह में सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपनी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा बनाई गई दूरी भी चर्चा का विषय बनी रही। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश प्रधान, ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव, सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन सदस्य राजेंद्र यादव, मार्केट कमेटी सचिव मोहन जोयल,नगर पालिका अभियंता मनीष सहरावत, आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर भाजपाइयों ने किए सेवा कार्य

ललित गर्ग। पुन्हाना



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पुनहाना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने जिला प्रभारी जुबेर खान पार्षद के नेतृत्व में पुन्हाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण, वैक्सीनेशन कैंप तथा पौधारोपण का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र की कामना करते हुए विश्व में शांति की कामना की।

जिला प्रभारी जुबेर खान ने बताया कि पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा संकल्प पखवाड़ा मनाने का निश्चय किया गया है। जिसके चलते जगह-जगह विभिन्न सेवा कार्य जैसे मरीजों को फल वितरण, रक्तदान शिविर, स्कूली बच्चों को मास्क व पुस्तकों का वितरण, पौधारोपण जैसे अनेक कार्य कर जरूरतमंद लोगों की मदद करनी है। इसी कार्यक्रम के चलते शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किए गए।

भाजपा नेताओं ने बताया कि इस अवसर पर शहर की नथिया देवी धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वैक्सीनेशन कैंप तथा आईटीआई पुनहाना में पौधारोपण अभियान चलाकर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिसरू मंडल अध्यक्ष लेखराज भड़ाना महामंत्री मनीष एडवोकेट, दयाचंद, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ विजय, डॉ बृजमोहन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर किए गए सेवा कार्य

**नूंह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पुनहाना भाजपा कायकर्ताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलौनी राम के नेतृत्व में पुन्हाना बिसरू मोड़ स्तिथ आईटीआई के प्रांगण में पौधारोपण का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी की लंबी उम्र की कामना करते हुए विश्व शांति की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71वां जन्मदिन जिले में बेहद सादगी और कुछ अनूठे संदेश देते हुए मनाया जा रहा है। भाजपाइयों द्वारा जिले में कही गरीबों को भोजन वितरण, वैक्सीनेशन कैंप तो कही पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुन्हाना आईटीआई में पुन्हाना मंडल अध्यक्ष खिलौनी राम के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलौनी राम ने बताया कि पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा संकल्प पखवाड़ा मनाने का निश्चय किया गया है। जिसके चलते जगह-जगह विभिन्न सेवा कार्य जैसे मरीजों को फल वितरण, रक्तदान शिविर, स्कूली बच्चों को मास्क व पुस्तकों का वितरण, पौधारोपण जैसे अनेक कार्य कर जरूरतमंद लोगों की मदद करनी है। इसी के चलते आज पुन्हाना आईटीआई में सभी भाजपाइयों ने पौधारोपण किया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस अवसर पर पुन्हाना अनाज मंडी में लगभग 400 से 500 लोगों के लिए भोजन वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर बिसरू मंडल अध्यक्ष लेखराज भड़ाना, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन पांचाल, मंडल उपाध्यक्ष राजीव, अजय कंसल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### तेज रफ्तार पिकअप की चपेट से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत बिलासपुर रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार कर कंपनी जा रहे युवक की जान ले ली। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना करछना जिला प्रयाग राज उत्तर प्रदेश निवासी नागेन्द्र कुमार ने बताया कि वह और झीटी लक्ष्मीपुर करछना जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश निवासी उसका साथी अनुराग तावडू बिलासपुर रोड पर स्थित इकॉम एक्सप्रेस वियर हाउस में काम करते थे। 15 सितंबर को वह दोनो तावडू बिलासपुर रोड के बाद बने कच्चे रास्ते से पैदल चलकर वेअर हॉउस में ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह चौहान पेट्रोल पंप से थोड़ा आगे पहुंचे तो पिछे से बड़ी तेज गति से एक पिकअप गाड़ी आई। जिसने उनके साथी अनुराग को तेज टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद अनुराग सड़क पर दूर जाकर गिरा। उसके गिरते ही पिकअप चालक अपनी गाडी सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल अनुराग को उपचार के लिए नूंह लेकर चले लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अनुराग की मौत एक्सीडेंट में लगी चोटों के कारण हुई है। तावडू सदर थाना पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### उचित दोहन से ही बचा सकते हैं भावी पीढ़ियों के लिए जल : डीसी

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए सभी को अपने आसपास के क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। सृष्टि की अनमोल देन जल को व्यर्थ में नहीं बहाना चाहिए। इसके साथ-साथ मानसून सीजन में वर्षा के जल का संचय करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जल की महत्ता को देखते हुए सरकार द्वारा जल शक्ति अभियान चलाया गया है, जिसके तहत विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा जल संचय के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला में भी तालाबों का विस्तारीकरण, पौधा रोपण, सोखता गड्डे बनाए जा रहे हैं, ताकि व्यर्थ में जल नही बहें और उसका संचय हो सके। जल शक्ति अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं पौधा रोपण जैसे कार्य में अपना सकारात्मक योगदान दे रही है। जितने अधिक धरा पर पेड़-पौधे होंगे, उतना ही वातावरण अच्छा होगा। अब हम जल का उचित दोहन करेंगे तो तभी आने वाली पीढ़ी के लिए अनमोल देन जल को बचा पाएंगे। इस कार्य में प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर इस मिशन को जन आंदोलन का रूप देना होगा, तभी हम जिला में मिले लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। कैच दी रेन के तहत भविष्य में मानसून सीजन में हम सभी को वर्षा के जल का संचय करना है, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा। उपायुक्त ने कहा कि पेड़ प्रकृति का अनमोल उपहार है, पेड़ों के कारण ही इस हरी भरी पृथ्वी और हमारा जीवन खुशहाल है। पेड़ सच्चे योद्धा है जो जन्म से ही हमारे लिए प्रदूषण से लड़ते रहते है और हमें स्वच्छ व सुंदर पर्यावरण देते है। पेड़ हमारी पृथ्वी पर हजारों वर्षों से है ये चल फिर नहीं सकते लेकिन इंसानों की तरह श्वांस ले सकते हैं।

### एमएफएमबी पोर्टल की शिकायतों का तुरंत करें निपटान

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा के संबंध में एमएफएमबी पोर्टल पर ऑनलाइन मिलने वाली शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निपटान करें। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में खरीफ फसल खरीद को लेकर अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने मंडियों में बिजली पानी, व सफाई की व्यवस्था करने के लिए मार्केट कमेटी के सचिव को निर्देश दिए। उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कितने-कितने क्षेत्र में धान व बाजरा की खेती हुई है, इस बारे में रिपोर्ट प्राप्त की। इसके साथ ही मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बारे में भी रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक फसलों की बुआई करने वाले किसानों को हरियाणा मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार से बाजरा की वैकल्पिक फसल पर चार हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने मंडियों में खरीफ फसल की खरीद की तैयारियों की भी समीक्षा की और निर्देश जारी किया कि मंडियों में आने वाले किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए।

# प्रधानमंत्री मोदी में राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि



दीपक कुमार। नूंह

## मोदी के जन्मदिवस पर मेवात जिले में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**सम्पूर्ण** राष्ट्र देश-दुनिया के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रवार को जन्मदिवस मना रहा है। मेवात में भी शुक्रवार को उनका जन्मदिवस श्रद्धा, सद्भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मेवात में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा मेवात के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने कहा देश-दुनिया के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित किया हुआ है।

उन्होंने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 71वां जन्मदिवस है। नरेन्द्र मोदी का प्रशासनिक सेवा में 20 साल हो गए हैं। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे तो उन्होंने समुचित देश में गुजरात को विकास का माडल बनाकर दिखाया। इसके बाद वर्ष 2014 में जब वे देश के प्रधानमंत्री बने तो तभी से ही उनके कार्यकाल में राष्ट्र ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मेवात में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नूंह, तावडू, पुन्हाना, नगीना, पिनगवां और फिरोजपुर झिरका सहित सभी मंडलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कर आयोजित कर जनसेवा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि नूंह स्थित भाजपा कार्यालय में रक्तदान शिविर व विभिन्न जगहों पर पौधारोपण के साथ ही कई जगह टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को फल व गरीबों को अनाज वितरण का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि पीएम को उनके जन्मदिवस पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में पोस्ट कार्ड भेजकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि मेवात में लोगों ने अपने घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा कार्यालयों में हवन यज्ञ कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु की कामना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मेवात पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ के पुत्र आदित्य धनखड़ ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच में हमेशा राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा है।

जम्मू कश्मीर से धारा 370 एवं 35ए को हटाकर पूरे देश को कश्मीर में वैसे ही अधिकार उपलब्ध कराए हैं जैसे अन्य राज्यों में है। ये मोदीजी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जाहिद बाई, अख्तर काटपुरी, जिला मीडिया प्रभारी मनीष जैन, जसवंत गोयल, ताहिर हुसैन, बीरपाल कालियाका, केशव पंडित, जिला महामंत्री दलबीर सिंह, रमेश मानूवास, उमेश आर्य, मनीष यादव, रहीश अलालपुर, जयपाल जांगडा, अंजूबाला, जुबेर अहमद पुन्हाना, दिनेश नागपाल, रमेश आर्य, तिलक सोनी, मोनू आर्य, हितेश हरियाणा, ओमप्रकाश रनियाला, विकास सिंगला, जितेंद्र सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हथियार के दम पर बदमाश बाइक लूटकर फरार

**होडल।** हथियार के दम पर बाइक लूटने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना पुलिस को गांव बसंतपुर फरीदाबाद निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बाइक लेकर कोसीकलां यूपी की ओर जा रहा था। उसने बताया कि गांव मर्रोली के निकट तीन-चार अज्ञात बदमाशों ने हथियार के दम पर उसकी बाइक को रोक लिया। उसने बताया कि उन बदमाशों ने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर उससे बाइक लूट ली। उसने पुलिस को बताया कि बाइक लूटने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# समाज सेवा ही पीएम मोदी को जन्मदिन का बड़ा तोहफा: बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


कोरोना रोधी वैक्सीनेशन कैंप में बोधराज सीकरी का स्वागत करते आयोजक।

**गुरुग्राम** भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष और प्रसिद्ध उद्योगपति बोधराज सीकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की सोच और उसकी दिशा बदल कर रख दी है। ऐसे में उनके जन्मदिन पर तोहफे इत्यादि ना देकर लोग समाज में आगे बढ़ कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तो यही उनके जन्मदिन का वास्तविक तोहफा होगा। यह बात उन्होंने शुक्रवार को वंचित लोगों के लिए आयोजित किये गये वैक्सीनेशन शिविर में बोलते हुए कही।

उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प में भी शामिल होकर कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाया और समाजसेवी की प्रेरणा दी। रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की बधाई दी और रक्तदाताओं को उत्साहित किया।

टीकाकरण अभियान में बोधराज सीकरी के साथ इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश कथूरिया, अध्यक्ष चोटी पंचायत, रमेश कामरा, जीएन गोसाई, राजकुमार कथूरिया, दीपक कटारिया, अधिवक्ता, भीम सैन कामरा, नरेन्द्र कथूरिया, अर्जन देव नासा इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सरस्वती मंडल की महिला मोर्चा की प्रधान मोनिका स्वामी ने भी पहुंचकर टीका लगवाने वालों को उत्साहित किया और कैम्प में अपनी सेवाएं दी।

इसी तरह गुरुवार के टीकाकरण अभियान में अर्जुन नगर सांई मंदिर के प्रांगण में कार्यकर्ता विकास आर्य ने और मंदिर प्रधान ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

# सीएम विंडो: घर बैठे हो रहा समस्याओं का समाधान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



सरल पोर्टल, सीपीग्राम, सीएम विडो की समीक्षा बैठक करते उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह।

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में सरल पोर्टल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम, सोशल मिडिया ट्रैकर, सरल डेस बोर्ड, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, परिवार पहचान पत्र, जल शक्ति अभियान आदि विषयों पर जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विषयों पर तीव्रता से कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में डीसी ने बिंदुवार सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की। उन्होंने अंत्योदय सरल पोर्टल पर अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की सरहाना की।

उन्होंने कहा कि जिला का स्कोर ठीक करने के लिए सभी विभाग अपना स्कोर ठीक करें ताकि जिला की रैंक में सुधार हो सके। उपायुक्त ने बताया कि सीएम विंडो पर प्राप्त 7 हजार 583 शिकायतों में से 7 हजार 196 शिकायतों का 94.9 प्रतिशत डिस्पोज रेट के साथ किया गया समाधान किया गया है। उपायुक्त ने राजस्व विभाग, आरटीओ विभाग, बिजली विभाग, पंचायती राज विभाग, लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़कें, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सक्षम, मार्किटिग बोर्ड, डीडीपीओ व अन्य विभागों से सम्बन्धित विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरल पोर्टल पर किया गया कार्य अच्छा है। इसी प्रकार हमें अन्य विषयों पर भी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। सीएम विंडो पर जो भी शिकायत प्राप्त होती है उसे सम्बन्धित विभाग टेकअप करते हुए समय रहते उसका समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हमें हर शिकायत का समय रहते निपटान करना है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि सीएम विंडो व सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर पर आने वाली शिकायतों का समाधान कर उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें ताकि विभाग व जिला का स्कोर ठीक रहें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो लॉग इन को हर रोज खोल कर देखें तथा समय रहते उन पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा किसी अधिकारी को किसी शिकायत को निपटाने में अगर परेशानी है तो वह तुरंत उपायुक्त कार्यालय के संज्ञान में लाएं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष से उनके विभाग में चल रही स्कीमों के बारे में बारीकी से समीक्षा। बीडीपीओ फिरोजपुर-झिरका, इंडरी, नगीना, नूंह, पुन्हाना का डिस्पोज रेट सुधारने के निर्देश भी डीसी ने दिए। बैठक में एसडीएम नूंह सलोनी शर्मा, एसडीएम फिरोजपुर-झिरका रणवीर सिंह, सीईओ जिला परिषद गजेन्द्र सिंह, नगराधीश जयप्रकाश, डीएसपी सुधीर तनैजा, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी राजूराम सहित जिले के सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहें।

# साइवर क्राइम रोकने के लिए छात्र-छात्राएं ले रहे हैं साइवर सिक्योरिटी सुरक्षा शिक्षा

## पलवल का क्वालिटी प्लस एजुकेशन ग्रुप दे रहा साइवर क्राइम रोकने की विद्यार्थियों को शिक्षा

कैलाश मंगला। होडल


साइवर सिक्योरिटी शिक्षा के बारे में जानकारी देते एमडी मनोज कुमार पचौरी व अन्य।

**पुरानी** जीटी रोड जगजीवन राम चौक के निकट क्वालिटी प्लस एजुकेशन ग्रुप पलवल जिले का मात्र एक ऐसी संस्था है जहां साइवर क्राइम को रोकने में लिए विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां गरीव कन्याओं को नि:शुल्क शिक्षा भी दी जाती है।

संस्था के चेयरमैन अतरसिंह पचौरी व एमडी मनोज कुमार पचौरी ने पत्रकारों को बताया कि देश में अब साइवर क्राइम चरम सीमा पर है। सन 2020 में इंटरनेट से जुड़े अपराधों में लगभग 300 प्रतिशन की वृद्धि आई है। इसमें ज्यादातर छोटे बच्चे, लड़कियां व महिलाओं के साथ-साथ छोटी से बड़ी संस्थाएं भी शिकार हुई हैं। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था हरियाणा सरकार से मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ अमेरिका के सबसे बड़ी साइवर सिक्योरिटी कंपनी से भी सर्टिफाइड है। इसके अलावा अन्य बताया कि संस्था अब तक सात सौ से ज्यादा गरीव कन्याओं को नि:शुल्क साइवर सिक्योरिटी शिक्षा प्रदान कर चुकी है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य पलवल जिले को साइवर क्राइम से मुक्त कराना है। इसके अलावा उनकी संस्था की ओर से ऑनलाइन गुजरात, उत्तरप्रदेश के अलावा हरियाणा के राज्यों में साइवर सिक्योरिटी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

साइवर क्राइम में मौजूद पुलिस कर्मचारियों पर अन्य कार्य होने के कारण हजारों केस पेंडिंग हैं। इसलिए विधार्थियों को इस संस्था में साइवर सिक्योरिटी शिक्षा दी जा रही है जिससे की वह साइवर से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगा सकें और अपने आप को भी इन साइवर ठगों से बचा सकें। उन्होंने बताया कि संस्था में रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं साइवर सिक्योरिटी की शिक्षा ले रहे हैं।

# डीएसपी के तबादले से जनता में नाराजगी

## जनता ने सरकार को मैसेज भेज कर तबादला रदद् करने की मांग की

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका


चन्द्रपाल सिंह।

**फिरोजपुर** झिरका से डीएसपी चन्द्रपाल सिंह के अचानक अम्बाला हुए तबादले से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मायूसी छा गई है। अनेक लोगों ने अपने-अपने स्तर पर सरकार को मैसेज भेज कर डीएसपी चन्द्रपाल सिंह का तबादला रद्द करने की मांग की है।

डीएसपी चन्द्रपाल सिंह के सवा साल के कार्यकाल में कभी कोई उपद्रव नहीं हुआ और न ही जनता की ओर डीएसपी के प्रति कोई शिकायत सामने आई है। मधुर वाणी के धनी चन्द्रपाल सिंह ने सीधे गरीब लोगों के साथ-साथ शहर के सभी वर्गों के लोगों से जुड़ कर कभी कोई तनाव नहीं बनने दिया। यही नहीं गरीब लोगों को न्याय देना, लोगों को अपने कार्यालय में समझा कर फैसला कराना, अपराधियों में दहशत पैदा करना, रिश्वत पर अंकुश लगाना आदि कामों के लिए ग्रामीण गरीब जनता डीएसपी को चन्द्रपाल को हमेशा याद किया जाएगा। शहर सहित ग्रामीणों ने सरकार को अपने अपने स्तर पर सरकार को मैसेज भेज कर डीएसपी चन्द्रपाल सिंह का तबादला रदद् करने की मांग की है। तबादले के बाद डीएसपी चन्द्रपाल सिंह के यहां 36 बिरादरी के मिलने वालों तांता लगा हुआ है। सभी पहुंच कर अपना दुख प्रकट कर रहे हैं।

# नूंह में आईटीआई की छात्राओं को हर माह मिलेंगे 1000 रुपये

## प्रदेश में केवल नूंह जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में हुई योजना शुरू

कासिम खान। नूंह

**पूरे** प्रदेश में मेवात सबसे पिछड़ा जिला माना जाता है। अधिकतर मेवात के लोग पहले बेटी को पढ़ाने में रुचि नहीं लेते हैं। मगर अब मेवात के लोग जागरूक हो रहे हैं और लड़कियों को पढ़ाने की पहल कर रहे हैं। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में स्थित सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिला लेने वाली सभी छात्राओं को 1000 रुपये मासिक की दर से प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। ताकि जिले में महिला साक्षरता दर को बढ़ाया जा सके।

जिले में यह योजना 13 सितंबर, 2021 से आगामी 5 सालों के लिए कार्यान्वित होगी। पुन्हाना राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया की जब एक लड़की शिक्षित होती है तो वह दो घरों को सुधारती है। जिले में समाज को आगे बढ़ाने के लिए लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान भी बहुत जरुरी है। इसी को देखते हुए हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में स्थित सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिला लेने वाली सभी छात्राओं को 1000 रुपये मासिक की दर से प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया की यह प्रोत्साहन राशि तभी दी जाएगी यदि प्रत्येक तिमाही में छात्रा की हाजिरी कम से कम 80 प्रतिशत हो। वह नूंह जिले की स्थाई निवासी हो। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया की प्रोत्साहन राशि छात्रा को मिलने वाली अन्य छात्रवृत्तियों और लाभों के अतिरिक्त होगी और सीधे उसके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, कृष्ण चन्द पुत्र श्री चन्दन राम निवासी मकान न. 208, गली न.-1, ज्योति नगर, कैथल रोड, करनाल बयान करता हूं, कि मेरा सगा पुत्र सुरेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी रेनू देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान

ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)

9050976800

9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## अफगान जनता की स्थिति

### आतंक और भूख

**आतंक** के साथ ही भूख और पोषण की कमी अफगान जनता को परेशान कर रही है। समय आ गया है कि अफगानिस्तान में भूख और आतंक के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाए। राहत गतिविधियों में लगे संरा. संगठनों की गतिविधियां प्रभावित होने के कारण लाखों लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है क्योंकि विशाल ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद भोजन का स्टाक एक महीने से अधिक नहीं चल सकता है। ऐसे में भूख और पोषण की कमी देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में ले जा रहे हैं। शहरी दूकानों में भी आवश्यक वस्तुओं का भंडार समाप्त हो रहा है। सब्जियों की कमी से इनकी कीमतें दूनी हो गई हैं। 15 अगस्त को तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद से लोग घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं जिससे दूकानों का सामान समाप्त हो गया है तथा उनमें नया सामान नहीं आ रहा है। आटा और तेल की कीमतें पहले ही गरीबों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। गांवों में स्थिति और खराब है जहां गरीब लोग भविष्य में बीज के लिए एकत्र गेंहूं व अन्य अनाज खा रहे हैं। वैसे भी सूखा और अकाल कई बार इस देश को अपना शिकार बना चुके हैं। भूख के साथ ही जनसंख्या के बड़े हिस्से के पलायन का खतरा है। अगस्त के पहले ही लड़ाई के कारण 6,00,000 से अधिक अफगानों को अपने घर छोड़ने पड़े थे। संरा. एजेंसियों का अनुमान है कि लगभग 3.5 मिलियन लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हैं। कम से कम 10 मिलियन बच्चों का बड़ा हिस्सा कुपोषित है और वे जीवित रहने के लिए भी मानवीय सहायता पर निर्भर हैं। संरा. विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि अनेक अफगानों के पास समुचित भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं है। इसका कारण बैंकों का 15 अगस्त के बाद से बंद रहना है। तालिबान अब बैंकों से बात कर रहे हैं कि वे अपनी शाखायें खोलें, लेकिन उन्होंने बैंकों से साप्ताहिक निकासी की सीमा 200 डालर तय कर दी है।



अफगानिस्तान के अर्थशास्त्री अब निर्वासित हैं। उन्होंने जोर दिया है कि वर्तमान स्थिति से मुद्रा कमजोर हो सकती है, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है तथा पूंजी से नियंत्रण समाप्त हो सकता है। अधिकांश सिविल कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। बहुत से अन्य लोगों का दावा है कि तालिबान के सत्ता पर कब्जे के बाद उनके वेतन में 75 प्रतिशत तक की भारी कटौती की गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि तालिबान को इन स्थितियों से चिन्ता है। उनकी ओर से कोई कारगर आर्थिक फैसला सामने नहीं आया है। उनका योगदान केवल संकट से निपटने के लिए कुछ अनजान अधिकारियों को केन्द्रीय बैंक का नेतृत्व सौंपने तक सीमित है। उनके कामकाज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन तालिबान नेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि कहा जाता है कि उनके पास अफीम व अन्य नशों के व्यापार से काफी पैसा एकत्र हुआ है। वे आंतरिक झगड़ों में उलझे हैं जो अंतरिम व्यवस्था की घोषणा के बाद से तीखे हुए हैं। तालिबान अपने अस्तित्व की बहस में उलझे हैं जो शहरी राजनीतिक शक्तियों तथा कट्टरपंथी सशस्त्र कमांडरों के बीच है और जिनका प्रतिनिधित्व मुल्ला अब्दुल गनी बरादर व खलीलुर रहमान हक्कानी कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या तालिबान बाकी दुनिया के साथ एक खेल खेलते हुए उसे आर्थिक व्यवस्था बहाल करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्या वे प्रतीक्षा कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पुनर्वास कार्यों के लिए पैसा दे? अथवा क्या वे अंतरिम सरकारी व्यवस्था को मान्यता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं? इसका संबंध अफगान सरकार की अरबों डालर की परिसंपत्तियां फ्रीज होने से है जिन पर केवल मान्यता प्राप्त सरकार को ही अधिकार मिल सकता है।

# भारतीय कृषि के समक्ष चुनौतियां

**भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है।**



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)



वर्तमान समय में कृषि पर सार्वजनिक विमर्श उसकी मार्केटिंग व्यवस्था पर केन्द्रित है जिसकी पृष्ठभूमि पिछले साल पास हुए तीन विवादास्पद कृषि कानून हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में सर्वोच्च न्यायालय ने इनके क्रियान्वयन पर अस्थाई स्थगनादेश देते हुए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त की थी जिसकी रिपोर्ट मार्च से स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रही है। सरकार ने कानून में विशिष्ट परिवर्तनों के सुझाव मांगे थे, पर इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तथा प्रदर्शनकारी इन कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की जिद कर रहे हैं। यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक हो गया है। केवल मार्केटिंग पर ध्यान केन्द्रित होने से पानी का बढ़ता संकट, मृदा क्षरण व पर्यावरण क्षरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं जा रहा है। वर्तमान कृषि व्यवहारों के कारण खासकर हवा में नाइट्रोजन प्रदूषण तथा जल प्रदूषण बढ़ रहा है। इन मुद्दों और सरोकारों पर की चर्चा जरूरी है। महामारी से ग्रस्त दुनिया में समयबद्ध रूप से भूख और कुपोषण को 2030 तक समाप्त करना अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकता तथा संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी में शामिल है जिसे पर्यावरणीय हितैषी तरीके से करना है। जल्द ही वैश्विक तैयारियों की समीक्षा के लिए खाद्य व्यवस्था सम्मेलन होने वाला है। सबके लिए सुरक्षित व पोषक खाद्य प्राप्त करने, टिकाऊ उपभोग पैटर्नों के विकास, प्रकृति के प्रति सकारात्मक उत्पादन, समतापूर्ण आजीविकाओं को बढ़ावा तथा जोखिमों, आपातस्थितियों व दबावों से निपटने की व्यवस्था करने की आवश्यकता है।

हालांकि, भारत ने अपने प्रचुर अन्न भंडारों के प्रयोग का प्रस्ताव अत्यधिक भूख से निपटने के लिए किया है, पर भारत ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। भारत दुनिया के पास दुनिया की कृषि शक्ति बनने की क्षमता है, पर वर्तमान समय में हम उसका केवल एक हिस्सा प्रयोग कर रहे हैं तथा बाकी बेकार जा रहा है। इस बारे में कुछ सुझावों पर गौर किया जा सकता है। 1960 के दशक मध्य तक लगातार सूखे का शिकार होने के कारण भारत 'जहाजों से मुंह तक' वाली अर्थव्यवस्था बन गया था और उसे अमेरिका से पीएल 480 के अंतर्गत मिलने वाले गेंहूं की प्रतीक्षा रहती थी। आज भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है तथा चीन के बाद गेंहूं व चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। तिलहन और दालों को छोड़ कर भारत अब अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। यह उपलब्धि 1960 के दशक में 'हरित क्रांति' से प्राप्त हुई है। लेकिन हरित क्रांति का एक नकारात्मक प्रभाव पोटैशियम व फास्फोरस पाने के लिए अन्य रासायनिक उर्वरकों व मुख्यत: नाइट्रोजन हेतु यूरिया प्रयोग के रूप में सामने आया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि दलहनी फसलों की जड़ों में रहने वाले बैक्टीरिया 'नाइट्रोजन स्थिरीकरण' करते हैं। वे वातावरण में मौजूद नाइट्रोजन व नाइट्रोजन यौगिकों का प्रयोग उर्वरकों के रूप में करते हैं। इस प्रकार ये पौधे स्वाभाविक रूप से मृदा में नाइट्रोजन को बढ़ाते हैं। 'फसल चक्र' के परंपरागत कृषि व्यवहार में अन्य फसलों के बीच दलहनी पौधे लगाए जाते थे जो मृदा में नाइट्रोजन की कमी पूरी करते थे।

हरित क्रांति ने ऐसे अनेक व्यवहार बदल दिए हैं। इससे उत्पादन बढ़ा, लेकिन तीन अन्य प्रभाव भी हुए। पहला, इसका प्रभाव मुख्यत: कुछ अन्नों, मुख्यत: गेंहूं व चावल तक सीमित था और यह पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कुछ अतिरिक्त जल वाले क्षेत्रों तक केन्द्रित था। लेकिन अब यहां पानी अधिक नहीं है तथा पानी का तल लगातार नीचे गिरता जा रहा है। नई किस्मों के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत होती है जिनके हवा और पानी में मिलने का खतरा है। चावल, गेंहूं और गन्ना की फसलें सिंचाई वाले पानी का 75 से 80 प्रतिशत प्रयोग करती हैं। इस स्थिति में जल के ज्यादा समतापूर्ण वितरण हेतु ज्वार, दालों, तिलहन व बागवानी के रूप में कृषि विविधीकरण की आवश्यकता है। इससे टिकाऊ व पर्यावरण हितैषी खेती का विकास होगा जो पोषण में कमी की समस्या से निपटने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दालों, फलों व सब्जियों के बजाय अनाजों और गन्ने पर ज्यादा निर्भरता स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

इसके बावजूद कुछ दिग्भ्रमित पर्यावरणविदों ने किसानों को पर्यावरणीय रूप से गैर-टिकाऊ तरीके अपना कर अनाजों के अति-उत्पादन के लिए भ्रमित किया है। ऐसे में संरा एजेंसियों-एफएओ, आईएफएडी, डब्लूएचओ, यूनीसेफव डब्लू एफपी द्वारा 13 जुलाई, 2020 को जारी दुनिया में खाद्य सुरक्षा व पोषण स्थिति रिपोर्ट पर गौर करना जरूरी हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम पांच साल से जारी प्रवृत्ति को देखते हुए कुपोषित लोगों की संख्या 2030 तक 84 करोड़ से अधिक हो जाएगी, जबकि एसडीजी लक्ष्यों के अनुसार इसे शून्य पर लाना है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों से पैदा पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा भी है। नाइट्रोजन प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ रही है।

किसानों को पहले गेंहूं व चावल की उत्पादकता में चार से दस गुना वृद्धि की आवश्यकता बताई गई थी। उन्होंने लगातार उर्वरक व खासकर सस्ती यूरिया का प्रयोग बढ़ाना जारी रखा। इससे मृदा का प्राकृतिक स्वास्थ्य नष्ट हुआ तथा उसे यूरिया का 'नशा' हो गया। उर्वरकों की प्रभावक्षमता घटने के कारण किसान न्यूनतम आवश्यकता के बजाय ज्यादा फसल पैदा होने की उम्मीद में अधिक उर्वरक प्रयोग करने लगे। वैज्ञानिकों ने पाया कि फसलें आमतौर से खेतों में छिड़के जाने वाले उर्वरकों से केवल 30 प्रतिशत नाइट्रोजन प्रयोग करती हैं, जबकि बाकी पर्यावरण में मिल कर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तथा ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनता है। फसलों तथा पशुपालन को शामिल करने वाली विश्व खाद्य व्यवस्था में 'नाइट्रोजन प्रयोग क्षमता' बहुत कम, केवल 15 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि नाइट्रोजन रसायनों का 85 प्रतिशत हवा या भूमिगत जल में मिल जाता है अथवा सतह पर फैल जाता है। इससे हवा, मृदा व ताजे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होती है तथा जलवायु परिवर्तन होता है। इस कारण परिस्थितिकी व मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। नाइट्रस आक्साइड अत्यधिक हानिकारक ग्रीनहाउस गैस है जो कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में 300 गुना वातावरणीय गरमी रोकती है। भारत में कृषि के कारण लगभग 70 प्रतिशत नाइट्रस आक्साइड उत्सर्जन होता है। भारतीय नाइट्रोजन आंकलन, 2017 के अनुसार इसमें से 77 प्रतिशत का योगदान उर्वरक व मुख्यत: यूरिया करते हैं। भारत में अनाज 69 प्रतिशत नाइट्रोजन उर्वरकों का प्रयोग करते हैं और इस प्रवृत्ति में 1970 से हर साल लगभग 6 प्रतिशत वृद्धि हो रही है।

यूरिया के अत्यधिक उपयोग तथा उसके पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के कारण नीम-कोटेड यूरिया का महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप किया गया था। यूरिया पर नीम की कोटिंग से यह पानी में जल्दी नहीं घुलती है तथा मृदा को अतिरिक्त प्राकृतिक कीटनाशक मिलता है। इससे हमें धीरे-धीरे रसायन मुक्त खेती की ओर लौटने का अवसर मिलता है। हम श्रीलंका के रास्ते पर नहीं चल सकते हैं जिसने डालर के गंभीर संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे खाद्य उत्पादन प्रभावित हुआ है तथा आपातस्थिति लगानी पड़ी है।

रसायन-मुक्त खेती या आर्गेनिक खेती या जीरो बजट प्राकृतिक खेती की ओर परिवर्तन अभी तेज नहीं हुआ है। वर्तमान समय में लगभग 30 लाख किसान 38 लाख हेक्टर कृषि क्षेत्र पर आर्गेनिक खेती करते हैं तथा 7,000 करोड़ की निर्यात व 4,400 करोड़ की घरेलू मांग पूरी करते हैं। घरेलू मांग 17 प्रतिशत की गति से बढ़ रही है। अनुमान है कि आर्गेनिक खाद्य बाजार 2021 के अंत तक 87.1 करोड़ हो जाएगा जो 2016 में 53.3 करोड़ था। आर्गेनिक उत्पादों के निर्यात में पिछले साल की तुलना में 2021 में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अप्रैल 2020 से फरवरी 2021 के बीच आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात 8,19,250 मीट्रिक टन था जिससे 948 मिलियन डालर मिले।

'श्रेष्ठ नेचुरल बायोप्रोडक्ट' एक टिकाऊ आजीविका उद्यम है जिसने देश के 45,000 से अधिक किसानों को आर्गेनिक खेती से जोड़ा है। कंपनी ने 15 राज्यों में दो लाख एकड़ जमीन पर आर्गेनिक खेती शुरू कराई है। इसके लगभग 200 उत्पाद 10,000 स्टोरों में बेचे जाते हैं तथा '24 मंत्रा' ब्रांड नाम से 50 देशों में निर्यात किए जाते हैं। 'जैविक खेती' वेब पोर्टल बेहतर कीमतों के लिए किसानों को उपभोक्ताओं से जोड़ता है। ये उत्साहवर्धक लेकिन बहुत छोटे कदम हैं। आर्गेनिक खेती को अमीरों की सनक और महंगी माना जाता है और यह उस समय तक जनता में व्यापक नहीं हो सकती है जब तक आर्गेनिक उत्पाद सस्ते तथा प्रमाणित न हों। लेकिन सवाल यह भी है कि किसानों की 'महापंचायतें' भारतीय कृषि के समक्ष मौजूद इन चुनौतियों पर कब चर्चा करेंगी?

# पीएम मोदी की दूरदर्शिता एवं करिश्माई नेतृत्व

**जासिम मोहम्मद**
(लेखक एक प्रोफेसर एवं नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र, अलीगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष हैं)



इस साल 17 सितंबर को, जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 71 वर्ष के हो गए, तो उनके प्रशंसकों ने राजनीतिक रेखाओं को काटते हुए खुद को याद दिलाया कि कैसे वह एक दूरदर्शी और करिश्माई राजनेता साबित हुए हैं, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हैं। यहां तक कि उनके विरोधियों को भी स्वीकार करना होगा कि उनकी सार्वजनिक छवि चमकती है, जैसा कि हाल ही में मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वेक्षण से पता चलता है कि उन्हें दुनिया के 13 नेताओं में सबसे लोकप्रिय माना जाता है।

70 प्रतिशत तक की स्वीकृति रेटिंग के साथ, उन्हें सबसे ऊंचे नेता के रूप में ताज पहनाया गया, उसके बाद मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर 64 प्रतिशत के स्कोर के साथ थे। उनके बाद इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी (63 प्रतिशत), जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल (52 प्रतिशत), अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन (48 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन (48 प्रतिशत), कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ( 45 फीसदी), यूके के पीएम बोरिस जॉनसन (41 फीसदी), ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो (39 फीसदी), दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन (38 फीसदी), स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज (35 फीसदी) और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (34)।

इसमें कोई शक नहीं, 24 सितंबर को जब मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा करेंगे, तो उनके राष्ट्रपति बाइडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार अफगानिस्तान सहित विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए राष्ट्रपति बिडेन से मिलने की संभावना है। कई कारण हैं कि मोदी ने विश्व स्तर पर वह हासिल किया है जो कई अन्य भारतीय पीएम विफल रहे। उनमें से एक सार्वभौमिक दूरदर्शिता है जिसका श्रेय उन्हें दिया जाता है। वह आगे आने वाली चुनौतियों का पूर्वाभास कर सकता है और उनके लिए समाधान तैयार कर सकता है। इस गुण ने उन्हें न केवल अपने पूर्ववर्तियों से अलग बना दिया बल्कि उन्हें अन्य शीर्ष विश्व नेताओं से आगे रखा। कोविड-19 महामारी का ही मामला लें, जिसने पिछले साल दुनिया को ठप कर दिया था। घर पर



विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करते हुए, मोदी एक वैश्विक मसीहा के रूप में उभरे और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारतीयों को टीके की आपूर्ति प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हो, टीकों के साथ अन्य देशों तक पहुंचें। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो उन्होंने 9 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य को प्रमुख वैश्विक एजेंडा में बदल दिया। उन्होंने विकास की दुनिया से परे फार्मा और वैक्सीन उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने के द्वारा टीकाकरण की गति और पहुंच को बढ़ाकर 'बिल्डबैक' को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में मोदी की एक और बड़ी सफलता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक रुख और अमेरिका द्वारा सैनिकों की वापसी के बाद अफगानिस्तान में नाटकीय रूप से सामने आई अभूतपूर्व स्थिति के बारे में चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की उपस्थिति में उनकी पुष्टि थी। कम्युनिस्ट चीन के रुख के मद्देनजर, जिसने न केवल व्यावसायिक हितों के लिए बल्कि गुप्त रणनीतिक उद्देश्यों के लिए भी अफगानिस्तान में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ तालिबान के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है, एक ऐसा विकास जो भारत के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। मोदी चतुराई से चार अन्य देशों को नई दिल्ली घोषणा से जोड़ने में सफल रहे हैं।

संयुक्त प्रस्ताव ने रेखांकित किया : "हम अफगानिस्तान में नवीनतम घटनाओं का पालन करते हैं। हम हिंसा से बचने और शांतिपूर्ण तरीकों से स्थिति को सुलझाने का आह्वान करते हैं। हम स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक समावेशी अंतर-अफगान वार्ता को बढ़ावा देने में योगदान करने की आवश्यकता पर बल देते हैं, देश में नागरिक शांति, कानून और व्यवस्था। हम हामिद करजई काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास आतंकवादी हमलों की कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मौतें और घायल हुए। हम आतंकवाद से लड़ने की प्राथमिकता को रेखांकित करते हैं, जिसमें आतंकवादी के प्रयासों को रोकना भी शामिल है। संगठनों को अफगान क्षेत्र को आतंकवादी अभयारण्य के रूप में उपयोग करने और अन्य देशों के खिलाफ हमले करने के लिए, साथ ही साथ अफगानिस्तान के भीतर नशीली दवाओं के व्यापार के लिए। हम मानवीय स्थिति को संबोधित करने और महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों सहित मानवाधिकारों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हैं।"

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले रूस और भारत ने नई दिल्ली में एनएसए स्तर की वार्ता के दौरान अफगानिस्तान पर आपस में समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की थी। नई दिल्ली की घोषणा में मोदी की ओर से पाकिस्तान के लिए एक परोक्ष लेकिन कड़ी चेतावनी भी दी गई है, जो ब्रिक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन चीन के साथ जुड़ा हुआ है और तालिबान जैसे आतंकवादी संगठन का समर्थन करके अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई और भारत के अनुकूल सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

सैन्य रूप से अगर चीन, पाकिस्तान के इशारे पर, भविष्य में भारत को निशाना बनाकर अफगानिस्तान से कोई शरारत करने की हिम्मत करता है, तो मोदी और तीन अन्य देशों के नेताओं को समझौते के उल्लंघन के लिए जिनपिंग का सामना करने का पूरा अधिकार होगा। और यह निश्चित रूप से बीजिंग या इस्लामाबाद के नेताओं के लिए अच्छा अनुभव नहीं होगा।

## आप की बात

### सामाजिक भेदभाव

**समाज** प्रकृति में क्षणिक है, जो लोगो को अपनी सोच, मानसिकता और जीवन शैली को विकसित करने की मांग करता है। समाज के सच्चे प्रतिनिधि उसके लोग हैं, जिनका कर्तव्य भेदभावपूर्ण रहित प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना होता है। लेकिन जब हम जमीनी हकीकत देखते हैं तो बात कुछ और ही होती है, लोग समाज में खुद को हैसियत में बांटते नजर आते हैं। दरअसल सामाजिक भेद कई प्रतिभाशाली लोगों की प्रतिभा का गला घोट देता है और ये सिलसिला पीड़ी दर पीड़ी चलता रहता है। यही कारण है की समाज का एक तबका अपनी आकांक्षाओं को कुचलकर जीने पर मजबूर है। असल में भेद का भाव रखना अनुचित कहलाता है, ये समाज को अंदर से खोखला कर देता है तथा सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करता है। पिछड़े वर्ग, उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने और ऐसी अजीब मानसिकता को हतोत्साहित करने के लिए हमें अपने घरों से ही शुरुआत करने की जरुरत है। ये चीजें पीढ़ी दर पीढ़ी चलती हैं, हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि किसी भी स्थिति में वह किसी के साथ भेदभाव न करें। समाज के प्रतिनिधि होने के नाते यह हमारा फर्ज है कि हम उस वर्ग को आगे लेकर आए जो पिछड़ा हुआ है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

### फैल रहा आतंक का जाल

**पाकिस्तानी** गुप्तचर एजेंसी आई एस आई समर्थित मॉड्यूल के 6 आतंकियों को ए टी एस ने उप्र के चार शहरों से गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौप दिया गया। दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस को छह आतंकियो के सक्रिय होने की खबर दिया था। मंगलवार को रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में छापे मारी कर 6आतंकियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विस्फोटक व असलहे बरामद किया। पकड़े गए जीशान ने पाकिस्तान जाकर आतंकी कंप में प्रशिक्षण लिया था। दिल्ली और यूपी पुलिस लगातार छापेमारी कर कानपुर में आतंकियो को पकड़ने की कोशिश कर रही है। सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पकड़े गए आतंकी आई एस आई व अंडरवर्ड से जुड़े थे। जो देश में खौफनाक संसद जैसी घटनाओं को अंजाम देना चाहते थे। इन आतंकियों को पाक में आतंकी कैम्प में प्रशिक्षण देकर जेहादी बनाया गया था। पाकिस्तान में पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी और सेना लश्कर ए तैयबा व जैश ए मोहम्मद को भी थट्टा इलाके में बने कैम्प में प्रशिक्षण दिया जाता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### पत्रलेखन और साहित्य

**हस्त** लिखित कला में पत्र लेखन विधा कम्प्यूटर युग में खो सी जाने लगी है। सबकुछ कम्प्यूटर में आनलाइन उपलब्ध होने लगा है। ईमेल के चलते पत्र लेखन के प्रति लोगों की रुचि अब खत्म होती नजर आ रही है। सुन्दर अक्षरों की लिखावट के शालाओं में अंक दिए जाते थे । साथ ही सुन्दर लेखन की तारीफे होती थी। जो जीवन पर्यन्त तक साथ रहती थी। सुन्दर लेखन प्रतियोगिता भी होती थी ,अब ये विधा शायद विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची है। किन्तु अब एक आशा की किरण में एक नई ऊर्जा का समावेश हुआ। पत्र लेखन को विलुप्त होने से बचाने पत्र लेखन विधा और साहित्यिक किताबों के प्रति अनुराग को हमें जारी रखना होगा।साहित्य एक सागर के समान है। जितना ज्ञान प्राप्त करेंगे ज्ञानार्जन में वृद्धि होगी। पत्र लेखन में नए विचारों का उदय होता वही साहित्यिक किताबे ता उम्र तक साथ इंसानों को देती है। बस इनके लिए लिखना, पढ़ना जारी रखना होगा। बेहतर होगा आने वाली पीढ़ी इस शौक को बरकार रख सकें।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सत्ता** में आने के 24 घंटे के भीतर आप यूपी में हर एक व्यक्ति को आवासीय उपयोग के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली मुहैया कराएगी।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री



**हम** किराए की बंदूक की तरह थे। हमें अफ़गानिस्तान में अमेरिका को युद्ध जीत दिलाना था, जो हम कभी नहीं कर सके।

– **इमरान खान**
पाक वज़ीरे आज़म



**दिल्ली**-मुंबई एक्सप्रेसवे से हरियाणा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और अन्य राज्यों के साथ इसकी कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

# काले गेहूं से शुगर-कैंसर का इलाज महज धोखा: डीडब्ल्यूआर

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कैंसर** और शुगर के इलाज के नाम पर इन दिनों काले गेहूं के आटे को कुछ लोग खूब प्रमोट कर रहे हैं। इधर किसानों को भी बहकाया जा रहा है कि वह काले गेहूं की खेती करें, इसके आटे की बिक्री से भारी मुनाफा हो सकता है। इस झांसे के साथ किसानों को काले गेहूं का बीज महंगे दाम पर दिया जा रहा है।

लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि काले गेहूं से किसी बीमारी के इलाज का कोई प्रमाण नहीं है। किसानों व आम आदमी को झांसे में देकर उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश भर है। अगले माह गेहूं बीजाई का सीजन शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए मार्केट में काले गेहूं के बीज विक्रेता सक्रिय हो गए हैं। वह किसानों को बहका रहे हैं कि काले गेहूं में औषधीय गुण है, इसकी खेती से अच्छा खासा मुनाफा हो सकता है। कई किसान भी इस तरह का दावे करने वाली कंपनियों के भ्रमजाल में फंसते चले जा रहे हैं। किसानों को काले गेहूं के नाम दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ रुपये किलो तक बीज बेचा जा रहा है। राष्ट्रीय गेहूं एवं जौ केंद्र के डायरेक्टर डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप ने बताया कि काले गेहूं से शुगर-कैंसर जैसी बीमारियां के इलाज का कोई साइंटिफिक प्रमाण नहीं है।

### किसानों को काले गेहूं का बीज महंगे दाम पर बेच कर हो रही लूट

### राष्ट्रीय गेहूं एवं जौ केंद्र के निदेशक ने कहा, दावों का वैज्ञानिक आधार नहीं

### मुनाफाखोरों ने उठा रहे जमकर फायदा

**रोहित** चौधरी ने बताया कि मुनाफाखोरों ने मीडिया के एग्रीकल्चर के कम ज्ञान का फायदा उठाया। ऐसी खबरें प्लांट कराई गई कि काला गेहूं बीमारियों के लिए जादू है। मेन स्ट्रिम मीडिया ने काले गेहूं के प्रचार का काम किया। आम आदमी मीडिया की बात पर यकीन करता है। इसका फायदा मुनाफाखोरों ने उठाया। यहां तक की कई कंपनियां और आन लाइन बिक्री करने वाली कंपनियां भी काले गेहूं के आटे के नाम पर लोगों का बेवकूफ बना रही है।





### क्या होता है काला गेहूं

**राष्ट्रीय** एग्री फूड बायोटेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट मोहाली ने काले, नीले और बैंगनी रंग के गेहूं का बीज विकसित किया था। इसमें से काले गेहूं को इस तरह से प्रचारित किया गया कि इससे कैंसर व शुगर का इलाज होता है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते किसान इस बीज के प्रति आकर्षित हो गए। अब स्थिति यह है कि भारी दामों पर किसान बीज खरीद रहे हैं।

एमएससी एग्रीकल्चर के छात्र रोहित चौधरी ने बताया कि क्योंकि गेहूं का रंग काला है, इसलिए लोगों को लगता है कि इसमें कोई न कोई औषधीय गुण होगा। इसलिए खरीददार भी झांसे में आकर अपनी सेहत और पैसा दोनों दांव पर लगा रहे हैं।

इस गेहूं का बीज अभी रजिस्टर्ड भी नहीं हुआ है। इस तरह से यह बीज बिक नहीं सकता। इसके बाद भी इसकी बिक्री होना कानूनी अपराध है।

### कृषि मंत्रालय के निर्देश पर गेहूं अनुसंधान केद्र ने किया टेस्ट

**डायरेक्टर** डाक्टर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कृषि मंत्रालय के निर्देश पर काले गेहूं का टेस्ट किए गए। इसमें पाया गया कि गेहूं में ऐसा कुछ नहीं है जो बीमारियों का इलाज कर सके। शुगर के मरीज को फाइबर युक्त आटा खाना चाहिए, यह तो गेहूं की दूसरी किस्मों में भी है। काले गेहूं में यह अतिरिक्त नहीं मिला। इसके अलावा काले गेहूं की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम है। इस तरह से किसानों के लिए इसकी खेती पारंपरिक गेहूं की तुलना में नुकसानदायक साबित हो सकती है।

### अब तक देशभर में कोई क्लीनिकली ट्रायल नहीं हुआ

**डाक्टर** ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे टेस्ट में ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसके आधार पर यह बताया जाए कि गेहूं विशेष है। इसलिए मार्केट में काले गेहूं को लेकर जो चल रहा है, वह भ्रम मात्र है। इससे ज्यादा कुछ नहीं है। देशभर में कोई क्लीनिक ट्रायल ही नहीं हुआ हैं। जो भारत सरकार के मापदंडों के अनुसार होता हैं। क्लीनिक ट्रायल की रिपोर्ट सार्वजनिक होती हैं, तमाम चीजों पर रिसर्च होता हैं। सीड एक्ट के अनुसार गजट नोटिफिकेशन से वैरायटी का नोटिफाई होना जरुरी हैं, काले वगैरह गेहू का नोटिफिकेशन नहीं हो पाया, क्योंकि परीक्षण ही नहीं हो पाया। ऐसी परिस्थितियों में काले गेहूं का सीड प्रोडक्शन भी सरेआम नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

### किसान और उपभोक्ता दोनों का हो सकता है नुकसान

**काले** गेहूं की खेती में क्योंकि उत्पादन कम होने की संभावना है। बीमारियों के आने का अंदेशा ज्यादा है। इससे भी बड़ी बात तो यह है कि किसान को इसकी मार्केटिंग खुद करनी होगी। मंडी में गेहूं की खरीद संभव नहीं है। इस तरह से देखा जाए तो किसान को इसकी खेती से नुकसान ही हो सकता है।

# किसानों ने रास्ता जाम नहीं किया, आरोप आधारहीन

### सभी रास्ते खुले हैं सिघु बॉर्डर पर पुलिस ने दोनों ओर से किया हुआ है सील

### रास्ते रोके जाने को लेकर किसानों को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पिछले** 9 माह से किसान दिल्ली के बॉर्डरों पर तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। अब उन पर आरोप जड़े जा रहे है कि किसानों ने रास्ते रोके हुए हैं।

जो पूरी तरह से गलत हैं। ये बातें सोनीपत के कांग्रेसी विधायक सुरेंद्र पंवार ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सभी रास्ते खुले हुए हैं, सिघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने रास्ते को दोनों ओर से सील किया हुआ है। रास्ते रोके जाने को लेकर किसानों को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा हैं। जो आधारहीन हैं।



सोनीपत के कांग्रेसी विधायक सुरेंद्र पवार पत्रकारों के संग बातचीत करते हुए।

जिस पार्टी के लोग किसानों के साथ खड़े है, ऐसे लोगों को खुलकर किसानों के साथ आना चाहिए। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने पूरे देशभर में पार्टी कार्यालय बनाएं है, वो पैसा कहां से आया। उन्होंने सीएम बदलने पर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सीएम बदलने से हरियाणा का भला नहीं होगा। सरकार बदलनी चाहिए। विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि बरौदा उप चुनाव में बीजेपी-जेजेपी सरकार ने पूरी तरह से सरकारी मशीनरी का प्रयोग किया। बावजूद सरकार उप चुनाव हार गई। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब प्रदेश देशभर में नंबर वन था। अब हालात ये हो गए है कि बेरोजगारी, क्राइम के मामलों में प्रदेश नंबर वन हैं।

## पर्यावरण की स्वच्छता के लिए लगाएं अधिकाधिक पौधे: प्रदीप मलिक

**करनाल।** पेड़ों से वायु वायु से आयु का संदेश देते हुए जिला बाल कल्याण परिषद् करनाल ने भारत को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने वाले लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 71वें जन्मदिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी करनाल प्रदीप मलिक ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने भगवान से प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। आमजन से अपील की हर व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकें।

इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उनके लम्बे एवं सुखमय जीवन की कामना की और भगवान से प्रार्थना की भारत आपके नेतृत्व में और अधिक शक्तिशाली बने। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अपील की कि वह अपने घरों के आस पास ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए और दूसरों को भी ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।

## निगमायुक्त ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण



कार्यालय में निरीक्षण करने के बाद नगर निगम आयुक्त।

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शुक्रवार को दिनचर्या के बीच निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सभी शाखाओं का राउण्ड लिया। जैसे ही कार्यरत कर्मचारियों को इसकी भनक लगी। सभी सतर्क हो गए। गनीमत रही कि कोई अनुपस्थित नहीं मिला। एक-दो अधिकारी अपने कमरों में नहीं थे, अधीनस्थ से पूछने पर मालूम हुआ कि विजिट पर हैं।

निगमायुक्त ने इस दौरान जन्म-मृत्यु शाखा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कार्यकारी अधिकारी, उपनिगमायुक्त और प्रॉपर्टी टैक्स शाखा का निरीक्षण किया। प्रॉपर्टी टैक्स बिल की त्रुटि ठीक करवाने आए सेक्टर-8 के वरिष्ठ नागरिक गुलशन शर्मा से संवाद किया, उनसे कागज लेकर कर अधीक्षक को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से सीनियर सिटिजन खुश हुए।

औचक निरीक्षण में उन्होंने डिस्पैच रूम में मूवमेंट रजिस्टर खोलकर देखा, कुछ एंट्री भी चैक की। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए निर्देश दिए कि कार्यालय से बाहर की विजिट, उसका समय और उद्देश्य अवश्य भरा जाना चाहिए, वापसी का समय भी लिखें। उन्होंने सभी कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए कि समय पर कार्यालय आएं, अपनी-अपनी सीट पर मन लगाकर काम करें, नागरिकों की समस्याएं ज्यादा से ज्यादा हल की जाएं, इससे कॉर्पोरेट की छवि बनती है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में आज से होगी महिला सिपाही पद की परीक्षा

**करनाल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा हरियाणा पुलिस में महिला सिपाही पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 18 व 19 सितम्बर को किया जाएगा। परीक्षा को नकल रहित व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं करनाल सहकारी चीनी मिल की एमडी अदिति ने शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने बताया कि योग्य युवाओं का चयन हो, इसके लिए आयोग ने लिखित परीक्षा को काफी सतर्कता से आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिले में परीक्षा को लेकर 62 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिसमें करीब 18 हजार 600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### ग्रैंड शो के साथ 24 सितम्बर से शुरू हो रही नाइट मार्केट

**करनाल।** सेक्टर-12 स्थित सुपर मॉल के साथ खाली पड़ी जगह पर करनाल स्मार्ट सिटी की ओर से नाइट मार्केट आगामी 24 सितम्बर शुक्रवार को एक ग्रैंड शो यानि शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू होने जा रही है। उपायुक्त एवं करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को इसे लेकर स्मार्ट सिटी अधिकारियों के साथ एक मीटिंग कर निर्देश दिए कि 24 से पहले-पहले सभी तैयारियां व सिविल वर्क मुकम्मल कर लें। इसके लिए बैठने की व्यवस्था, डस्टबिन व नाइट स्वीपिंग का इंतजाम हो जाना चाहिए, जबकि बिजली-पानी व रोशनी की व्यवस्था पहले ही हो चुकी है। मीटिंग में वैंडर्स भी शामिल हुए। उपायुक्त ने बताया कि नाइट मार्केट का कॉन्सैप्ट इसलिए लिया गया था कि शहर के नागरिकों को एक ही जगह पर चाट, फास्ट-फूड और नॉन-वैज जैसे व्यंजन उपलब्ध हो सकें। इसके बाद इसकी प्लानिंग करके मार्केट में लगने वाले कार्ट का डिजाइन तैयार करवाया गया यानि सभी कार्ट या काउंटर समरूपता में हों। वैंडरों के साथ मीटिंग की गई और उन्होंने कार्ट तैयार करवाए। अब इनकी मार्केट की शुरूआत होने जा रही है। शुरू में 15 से 20 कार्ट मार्केट में लग जाएंगे, इन्हें देखकर जल्द से जल्द इनकी संख्या बढ़नी स्वभाविक है।

### गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में निः शुल्क मेडिकल कैंप कल

**कुरुक्षेत्र।** आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मोहड़ी द्वारा 19 सितंबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही आठवीं पंजोखरा साहिब में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। संस्थान के चेयरमैन डॉ एचएस गिल ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगने वाले इस नि:शुल्क शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, जरनल मेडिसन विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, कान-नाक व गला रोग विशेषज्ञ, दांत रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ रोगियों की जांच करेंगे। इसके अलावा कैंप में ईसीजी, बीपी, शुगर की जांच बिल्कुल नि:शुल्क की जाएगी। मरीजों को दवाईयां भी आदेश संस्थान द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। जानकारी देते हुए गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर नरिंदर सिंह ने बताया कि 8वीं पातशाही श्रीगुरु हरकृष्ण साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करने रोजाना सैंकड़ों की गिनती में संगत गुरुद्वारा साहिब पहुंचती है, जबकि रविवार को संगत की संख्या हजारों में होती है, जिन्हें इस कैंप का काफी लाभ होगा।

### गऊशाला बाजार में वैक्सीनेशन कैंप आज

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति व श्रीरिद्धि सिद्धि विनायक मंडल की ओर से गऊशाला बाजार में 18 सितंबर को वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल के प्रधान सुधीर चुघ व सदस्य विनोद सहगल ने बताया कि कैंप सुबह 9 बजे शुरु होगा और कैंप में कोविशिल्ड की डोज लगाई जाएगी। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी व मीडिया प्रभारी तरुण वधवा ने बताया कि कैंप में पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। कैंप में आने वाले लाभार्थी को अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा।

### अब तीसरी कक्षा तक के भी विद्यार्थियों के खुलेंगे स्कूल

**थानेसर।** जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पहली से तीसरी कक्षा तक के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 20 सितंबर 2021 से खोले जाने का फैसला लिया है। इन स्कूलों में कक्षाओं को शिक्षा विभाग द्वारा जारी एसओपी की अनुपालना करते हुए चलाया जाएगा। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन की अनुपालना में राज्य के स्कूलों को बंद किया गया था। छठी से बारहवीं की कक्षाओं को 23 जुलाई 2021 को शुरू किया गया था जबकि चौथी से पांचवी तक की कक्षाओं को 1 अगस्त 2021 को खोला गया था। अब 20 सितंबर 2021 से पहली से तीसरी तक की कक्षाएं शुरू होंगी।

### एंजल्स में होगी एशियन अंडर-14 लॉन टेनिस चैंपियनशिप

**सोनीपत।** एशियन अंडर-14 लॉन टेनिस चैंपियंशिप का आयोजन लिटल एंजल्स स्कूल के स्पोंटस कॉम्पलेक्स में 18 से 27 सितंबर 2021 तक होगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 130 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता कलकता से आये खेल रैफरी सुरजीत राय चौधरी की देख रेख में संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता में कोविड-19 के सभी नियमों का पालन किया जायेगा। सभी खिलाड़ियों के लिए कोविड़ टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट देना अनिवार्य है। शनिवार 18 सितंबर 2021 को सुबह 7 बजे से क्वालिफाईंग राऊंड आरंभ होंगे।

### दस हजार विद्यार्थियों को नशा न करने का दिलाया संकल्प

**कुरुक्षेत्र।** विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का के प्रदेश संयोजक संतोष पासवान के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्कूलों में अभियान चलाकर करीब 10 हजार युवक-युवतियों को अपने जीवन में नशा ना करने का संकल्प दिलाया गया। टीम ने यूनिक पब्लिक स्कूल लाडवा, सुगनी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा, जय भारत हाई स्कूल, दशमेश स्कूल बीड़ मथाना, राजकीय स्कूल पिंडारसी राजकीय स्कूल फौजी कालोनी, गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र, बीपी आर स्कूल सराय सुखी के विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं, गली नुक्कड़ में बच्चों को नशा न करने का संकल्प करवाया। सन्तोष पासवान ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के आह्वान पर ये अभियान पूरे राष्ट्र में चलाया गया।

## ढोल और नगाड़ों के बीच श्रीगणपति का मारकंडा नदी में किया विसर्जन



श्रीगणेशजी को विसर्जन के लिए ले जाते श्रद्धालु।

**कुरुक्षेत्र।** आदर्श सेवा समिति शाहाबाद के प्रधान जयभगवान सिंहमार ने कहा कि भारतीय त्योहार हर्षपूर्वक मनाने से आपसी प्यार और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है, इसलिए हमें जाति, धर्म और सम्प्रदाय से उपर उठ कर ऐसे कार्यक्रमों में भागीदारी करनी चाहिए। वे समिति द्वारा भगवान परशुराम मंदिर एवं धर्मशाला प्रांगण में चल रहे गणेश महोत्सव के समापन अवसर पर विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आस्था और निष्ठा के साथ भगवान गणेश का पूजन करने से बुद्धि, विवेक, सौभाग्य व समृद्धि की प्राप्ति होती है, इसी कारण देश भर में श्रद्धालु इस उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने लगे हैं। समापन पर मंदिर के विद्वान पंडित वेद प्रकाश भारद्वाज ने पारम्पारिक रीति के अनुसार हवन यज्ञ कर पूर्णाहुति डाली। गीता कॉलोनी की महिला मंडली ने भजन संकीर्तन कर श्रीगणेश की आरती उतारी। कार्यक्रम में भगवान परशुराम मंदिर प्रबंधक समिति के प्रधान कुलदीप शर्मा, बंसीधर शर्मा, विजय शर्मा, शांति स्वरूप शर्मा, सुशील शर्मा और श्रीकृष्णा मंदिर के प्रधान ढूंढराज आनंद सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन अवशीष शर्मा ने किया। जिसमें कॉलोनी के साथ-साथ शहर के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को ढोल और नगाड़ों के बीच भगवान गणेशजी की मूर्ति को विसर्जन के लिए पालकी में सजा कर मारकंडा नदी पर ले जाया गया।

# किसान आंदोलन से नुकसान को पीएम जिम्मेदार: झींडा

### डेरा बाबा चरण सिंह में कार सेवा के दौरान पत्रकारों से कहा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि दिल्ली में पिछले 10 माह से चल रहे किसान आंदोलन के चलते करोड़ों रुपये का जो नुकसान हो रहा है, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार है।

केंद्र सरकार की हठधर्मी और अदूरदर्शिता के चलते किसान सड़कों पर बैठे है। आम जनता भी परेशान हो रही है। इतना ही नहीं, देश भर में




महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है, मगर केंद्र सरकार अपना अड़ियल रवैया छोड़ने को तैयार नही है। वे डेरा बाबा चरण सिंह (कार सेवा) में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

किसान आंदोलन से आम जनता के साथ-साथ सरकार को भी हो रहे आर्थिक नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व प्रधान जगदीश सिंह ने कहा कि जब करनाल में शुरू हुए आंदोलन का समाधान बातचीत से हो गया है, तो दिल्ली में बैठे किसानों के साथ बातचीत करके कोई हल क्यों नहीं तलाशा जा रहा। करनाल आंदोलन के समाधान में पर्दे के पीछे निभाई अपनी भूमिका का शपथ पत्र देकर दावा करते हुए जगदीश सिंह ने कहा कि उनके प्रयासों से मृतक किसान के साथ-साथ बस्ताड़ा टोल प्लाजा लाठीचार्ज में घायल हुए किसानों को भी आर्थिक सहायता मिली है।

उन्होंने भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि वे समझौते का श्रेय ले रहे है, जबकि हकीकत यह है कि किसानों के लिए आई आर्थिक राशि में भी उन्होंने गोलमाल किया है। उन्होंने इस गोलमाल की उचित स्तरीय जांच करवाने की भी मांग की है। जब इस बारे में भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी से बात की गई।


प्रेरणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत,
निराशा है शत्रु यहां, आशा है बस मीत,
जब हकीकत देख देख कर मन झुलसा जाए,
तब तुमको देगा सहारा सपनों का संगीत।


# फ्लिपकार्ट ने अपने डिलीवरी तंत्र को बनाया मजबूत

### देशभर में 66 नए फुलफिलमेंट एवं सोर्टेशन सेंटर खोले,

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद / पानीपत

**भारत** के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन के दौरान लाखों उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर देशभर में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के साथ-साथ इसमें विस्तार किया है।

फ्लिपकार्ट के इस कदम से, ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के साथ-साथ लाखों एमएसएमई, विक्रेताओं, कारीगरों एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मकसद से, फ्लिपकार्ट ने देशभर में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल में 36 नए बड़े फुलिफलमेंट एवं सोर्टेशन सेंटर स्थापित किए हैं। देश में सर्वसमाहित आर्थिक विकास में ई-कॉमर्स की भूमिका के बारे में कल्याण कृष्णमूर्ति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा, ई-कॉमर्स ने बहुत लोगों को समर्थ बनाया है और साथ ही, यह विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं के लिए मूल्य एवं पहुंच का लाभ जुटाने वाला साबित हुआ है। इसके सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर तथा टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टम ने रोजगार के लाखों नए अवसरों के जरिए ढेरों संभावनाएं पैदा की हैं और पारंपरिक वेयरहाउसिंग के स्थान पर अधिक भरोसेमंद और टैक्नोलॉजी से लैस भंडारण सुविधाएं जुटायी हैं और इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय विक्रेताओं, एमएसएमई, किराना स्टोर्स, किसानों एवं कम सुविधाप्राप्त समुदायों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों से जोड़ा है। फ्लिपकार्ट आज भारत में अनेक नई संभावनाओं को पैदा करने के लिहाज से महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां यह उद्योग एवं अर्थव्यवस्था को उत्प्रेरित करते हुए देश के सुदूरतम हिस्सों के विक्रेताओं, कारीगरों एवं बुनकरों तक को मदद पहुंचा रहा है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर जुटाने, रोजगार पैदा करने और उद्यमिता के अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डाल रहे हैं।

इसके अलावा, फ्लिपकार्ट ने देशभर में 1,000 से अधिक नए डिलीवरी हब्स स्थापित कर अपनी लास्ट-माइल पहुंच को भी मजबूती दी है। आगामी बिग बिलियन डेज़् के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाली बिक्री और मांग के मद्देनज़र, क्षमता बढ़ाने के अलावा स्टोरज, सोर्टिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन, प्रशिक्षण तथा डिलीवरी जैसे क्षेत्रों पर निवेश करना जरूरी है जो त्योहारी सीज़न के दौरान, रोज़गार के अतिरिक्त अवसरों को भी पैदा करेगा। फ्लिपकार्ट ने अपने 'लास्ट माइल डिलीवरी पार्टनरशिप' के तहत किराना स्टोर्स के साथ अपनी भागीदारी को भी मजबूत बनाया है।

# केडी-कनिष्क पर चित्रित रेणुका का गाना दिल्ली शहर और वायरल हरियाणवी पर

पायनियर समाचार सेवा। अंबाला

**वायरल** हरियाणवी और हरियाणवी म्यूजिक की क्वीन कहे जाने वाली रेणुका पंवार आए हैं एक साथ दिल्ली शहर नाम के एक डांस सांग के लिए। इस वीडियो में टैलेंटेड एक्टर कुलदीप कौशिक (केडी) और कनिष्क शर्मा हैं। जिन्होंने इस रोमांटिक-कॉमेडी प्रेम कहानी में अपना अलग तड़का लगाया है।

वायरल हरियाणवी के साथ अपनी पहली रिलीज के बारे में बोलते हुए, रेणुका पंवार ने कहा, म्यूजिक किसी भी अवसर को एक खुशी के अवसर में बदलने की शक्ति रखता है। वायरल हरयाणवी के लेबल के तहत यह मेरा पहला सांग है और मुझे टीम के साथ इस गाने को बनाने में बहुत मजा आया। मैं वायरल हरियाणवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे मौका दिया और इस गाने के लिए उन्होंने मुझे चुना। मैं अपने फैंस और प्रशंसकों के सांग को सुनने के लिए इंतजार कर रही हूं। आशा करती हूं कि वे इस सांग को पसंद करेंगे और हमें सपोर्ट करते रहेंगे।

हाल के वर्षों में रीजनल म्यूजिक की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गयी है। हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री रीजनल म्यूजिक इंडस्ट्री में सबसे आगे रही है। इसकी सफलता हरियाणवी सिंगर्स की ग्रोथ को देखकर पता चलती है। यह सांग इस उभरती हुई इंडस्ट्री में एक नया फ्लेवर जोड़ता है। इस सांग का म्यूजिक अमन लालजी द्वारा दिया गया है और इसके कम्पोजीशन का श्रेय राज मवार को जाता है। इस सांग के खूबसूरत लिरिक्स प्रिंस कान्हा खेड़ा द्वारा लिखे गए हैं। इस सांग के बेहतरीन म्यूजिक वीडियो का निर्देशन म्यूजिक वीडिओ के सरताज जाने-माने निदेशक दीपेश गोयल द्वारा किया गया। इस वीडियो में कुलदीप कौशिक (केडी) और यूट्यूब की डांस एंड एक्सप्रेस क्वीन कनिष्का को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। इस सांग की कहानी एक पति-पत्नी के इर्द गिर्द घूमती है। जिसमें उनके बिच (बीच) की नोंक-झोंक दिखाई देती है। वीडियो में पत्नी पति से दिल्ली वाली चुनरी की मांग करती है।

एक साथ समय बिताने के लिए पति को प्यार से मनाती है। उनकी प्यारी नोक-झोंक परदे पर देखने में बहुत अच्छी लगती है। अपने नए हिट सांग पर कमेंट करते हुए केडी कहते हैं-दिल्ली शहर के लिए शूटिंग करना बहुत ही अच्छा और मनोरंजक रहा है। यह सांग शानदार बीट्स का एक पैकेज था। कनिष्क शर्मा, हमारे बहुत ही टैलेंटेड डायरेक्टर दीपेश गोयल और वायरल हरियाणवी की पूरी टीम के साथ काम करके मुझे वास्तव में बहुत अच्छा लगा। इस नई रिलीज पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कनिष्क शर्मा ने कहा, हरियाणवी सांग में काम करने का मौका मिलने से मुझे घर वापसी का अहसास हुआ है। यह सांग मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसे सुनकर एक सुखद अनुभव होता है।

# कोरोना की तीसरी लहर से निपटने को 82 हजार कर्मी किए प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**देश** के कई राज्यों में कोरोना की तीसरी लहर शुरू होने के बाद हरियाणा भी हरकत में आ गया है। प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में बच्चों के वार्ड तैयार किए जा चुके हैं। हरियाणा में मेडिकल तथा पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डॉ. उषा गुप्ता ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रदेश में जहां दो करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है वहीं कोरोना की संभावित तीसरी लहर से

### स्वास्थ्य विभाग की निदेशक ने कहा, दवा कंपनियों को किया सूचीबद्ध

### उपकरणों से लैस जिला अस्पतालों में बच्चों के बनाए वार्ड

निपटने की तैयारी भी पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पंचकूला व अंबाला जिलों में जहां शतप्रतिशत टीकाकरण का काम पूरा हो चुका है



वहीं गुरुग्राम व फरीदाबाद भी इस मामले में अन्य जिलों के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की रिपोर्ट के मुताबिक दादरी जिला के कई गांव ऐसे हैं जहां लोगों ने टीकाकरण में सबसे अधिक दिलचस्पी दिखाई है।

उन्होंने कहा कि देश के कुछ राज्यों में कोरोना के केस फिर से बढने लगे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का अनुमान है कि अक्टूबर-नवंबर माह के दौरान फिर से कोरोना के मामले सामने आ सकते हैं। इस आशंका के चलते सभी जिला अस्पतालों में बच्चों के वार्डों में जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य उपकरण लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 82 हजार मैडिकल, पैरा मेडिकल तथा अन्य सहयोगी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इन कर्मचारियों को आक्सीजन कंसट्रेटर का इस्तेमाल करने,इंफेक्शन को बढने से रोकने, वेंटीलेटर का इस्तेमाल, करने आदि के अलावा बच्चों के नीकू वार्ड में काम करने का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के वर्तमान आक्सीजन प्लांट की स्टेटस रिपोर्ट मंगवा ली गई है। कोरोना की दूसरी लहर से लेकर अब तक प्रदेश में कई नए आक्सीजन प्लांट शुरू हुए हैं। इसके अलावा तीसरी लहर में जिन संभावित दवाईयों की जरूरत पड़ सकती है। उनकी आपूर्ति करने वाली कंपनियों को भी सूचीबद्ध किया गया है। उषा गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में सभी जिला सिविल सर्जनों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार करें ताकि आपात स्थिति से निपटने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

# सरकार की गलत नीतियों से हरियाणा बना अपराध का केंद्र : सुरजेवाला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों के लिए भाजपा सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। जिनकी वजह से हरियाणा जैसा शांतिपूर्ण प्रदेश अपराध का केंद्र के रूप में जाना जाने लगा है। वर्ष 2020 में तो हरियाणा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और विशेष और स्थानीय कानूनों (एसएलएल) अपराध दर के मामले में प्रदेश पूरे देश में तीसरे नंबर पर रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री से पूछा है कि वर्ष 2020 के आईपीसी और एसएलएल अपराधों के लिए

### एनसीआरबी की रिपोर्ट अनुसार देश में तीसरे स्थान पर रहा हरियाणा

### चार्जशीट फाइल करने में क्यों बरती गई ढिलाई

अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल करने में बड़े राज्यों में सबसे फिसड्डी रहते हुए (मणिपुर, मेघालय राज्यों को छोड़कर) आखरी नंबर पर क्यों आया है। चार्जशीट फाइल करने में राष्ट्रीय औसत दर 82.5 थी पर हरियाणा की केवल 39.7 क्यों रही।



सुरजेवाला ने कहा कि चार्जशीट फाइल करने में ढिलाई और सरकार के ढीले रवैये से हरियाणा में अपराध पिछले सात सालों में लगातार बढ़ा है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। वर्ष 2020 में हरियाणा में 1,165 हत्या, सामूहिक बलात्कार के 163 मामले, बलात्कार के 1,373 मामले, और अपहरण के 2,949 मामले हुए, इसका मतलब है कि लॉकडाउन और कोरोना के बावजूद हर दिन लगभग तीन हत्याएं, चार बलात्कार, आठ अपहरण हुए हैं।

सुरजेवाला ने कहा कि एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार 2,949 अपहरण के साथ हरियाणा 10.1 अपहरण प्रति लाख की दर से देश में दूसरे स्थान पर है। इनमें से 197 और 1,301 तो अठारह साल से कम के बालक व बालिकाएँ थी। हरियाणा पुलिस इन 2,949 अपहरणों में से केवल 18.1 प्रतिशत की चार्जशीट फाइल कर पाईं और 1,377 अपहृतों को तो हरियाणा पुलिस एक साल में भी रिकवर भी नहीं कर पाई, जो राज्य में कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति तथा लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था की कहानी बताते हैं।

# भाजपा हरियाणा में कांग्रेस कार्यालय के आगे देगी धरना

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन से पंजाब को आर्थिक नुकसान होने और किसानों को हरियाणा व दिल्ली में जाकर आंदोलन करने वाले कैप्टन अमरेन्द्र के बयान पर कांग्रेस पार्टी के रुख पर नराजगी जताते हुए भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा के आर्थिक हितों के विरोध में पंजाब के मुख्यमंत्री का इतना खतरनाक बयान आना और फिर उस पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का कैप्टन को मौन सहमति देना एक षड्यंत्र की तरफ इशारा करता है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कैप्टन अमरेन्द्र के बयान देने के बाद न तो कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने और न ही प्रदेश के किसी कांग्रेस नेता ने अपने आपको उनके बयान से अलग किया है। जिससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा प्रदेश की इकोनॉमी को बर्बाद

### कैप्टन अमरेन्द्र के बयान पर हरियाणा में भाजपा का हल्लाबोल

करने के काम में जुटी है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के आर्थिक ढांचे को बर्बाद करने वाले इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे।

भाजपा के कार्यकर्ता शनिवार को प्रदेश में कांग्रेस के सभी जिला मुख्यालयों पर दो घंटे का सांकेतिक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे और कांग्रेस पार्टी से मांग करेंगे कि कैप्टन अमरेन्द्र जैसा व्यक्ति किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री होने के लायक नहीं है। जो अपने पड़ोसी राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने के सपने देखता हो इसलिए कैप्टन को तुरंत पंजाब के मुख्यमंत्री पद से हटाया जाए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख संजय शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख संजय आहूजा आदि मौजूद रहे।

# राव इंद्रजीत अहीरवाल से बाहर दिखाएंगे दम

**चंडीगढ़।** अहीरवाल की राजनीति एक बार फिर से गरमा गई है। पिछले महीने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव अहीरवाल में दो दिन की जन-आशीर्वाद यात्रा निकाल चुके हैं। भूपेंद्र यादव के कार्यक्रमों से केंद्रीय मंत्री व गुरुग्राम सांसद राव इंद्रजीत सिंह और उनके समर्थकों ने भूपेंद्र यादव के कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखी। अब राव इंद्रजीत सिंह शहीदी दिवस के बहाने 23 सितंबर को शक्ति प्रदर्शन करेंगे।

राव इंद्रजीत यह शक्ति प्रदर्शन अहीरवाल से बाहर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में आते झज्जर में कर रहे हैं। दक्षिण हरियाणा की सियासत में रामपुरा हाउस का वर्चस्व है। सत्तारूढ़ भाजपा भी इस बात को बखूबी जानती है कि इस एरिया में एक दर्जन से अधिक विधानसभा हलकों में इंद्रजीत सिंह का प्रभाव है। 2014 में पहली बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई भाजपा को चंडीगढ़ तक पहुंचाने में अहीरवाल बेल्ट की बड़ी भूमिका रही। इतना ही नहीं, 2019 के विधानसभा चुनावों में भी लगातार दूसरी बार भाजपा अहीरवाल के बूते ही ही सत्ता तक पहुंची है। शहीद राव तुलाराम के वंशज राव इंद्रजीत सिंह लम्बे समय तक कांग्रेस में एक्टिव रहे। 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले राव इंद्रजीत

### 23 को शहीदी दिवस के बहाने झज्जर में होगा शक्ति प्रदर्शन

### धनखड़ सहित कई मंत्री-विधायक करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

सिंह कांग्रेस छोड़कर अपने समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हुए। भाजपा से वे लगातार दूसरी बार गुरुग्राम से लोकसभा चुनाव जीते हैं और केंद्र में मंत्री हैं। शहीदी दिवस यानी 23 सितंबर को वे हर साल आयोजन करते हैं। पिछले साल कोरोना महामारी की वजह से कार्यक्रम को स्थगित कर दिया था।

इससे पहले हुए शहीदी दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह बतौर मुख्यातिथि आए थे। इस बार 23 को झज्जर के पाटौदा खेड़ा गांव स्थित राव तुलराम स्टेडियम में मनाए जाने वाले प्रदेश स्तरीय शहीदी दिवस समारोह में राव इंद्रजीत सिंह मुख्यातिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ करेंगे। अमर शहीद राव तुलाराम यादव महासभा, झज्जर द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं विघ्नहर्ता गणेश

**कुरुक्षेत्र।** श्री रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल द्वारा गऊशाला बाजार में आयोजित 5वें गणेश उत्सव के छठे दिन समाजसेवी रजवंत कौर बतौर मुख्यातिथि पहुंचीं। इस अवसर पर मुख्यातिथि का समारोह में पधारने पर मंडल के प्रधान सुधीर चुघ, उप प्रधान दीपक नैय्यर, अंकित शर्मा, ऋषि अरोड़ा, सुधीर सहगल, बंटी अरोड़ा, वेदप्रकाश धवन, दीपक भाटिया, विनोद सहगल ने स्वागत किया।

मंडल के प्रधान सुधीर चुघ ने बताया कि 19 सितंबर रविवार को सुबह साढ़े 9 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा और उसके बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दोपहर ढाई बजे मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धालु रवाना होंगे। कहा कि आस्था और निष्ठा के साथ भगवान गणेश का पूजन करने से बुद्धि, विवेक, सौभाग्य व समृद्धि की प्राप्ति होती है, इसी कारण देश भर में श्रद्धालु इस उत्सव को बडें पैमाने पर मनाने लगे है। मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि समाजसेवी रजवंत कौर को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश वधवा, भारत भूषण, शालु, मोहित, रोहित, हरीश धवन, ओम भाई सुभाष भाई, विरेंद्र सचदेवा, संजय मुटरेजा आदि मौजूद रहे।

# करनाल की मंडियों में चलता है धान खरीद के नाम पर खेल

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल** की नई अनाजमंडी सहित कई अन्य मंडियों में धान के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा चलता है। मंडियों में धान आए बिना ही बिकने तक के मामले सामने आ चुके हैं। धान खरीद के भ्रष्टाचार में खरीद एजेंसियों, मंडी के अधिकारियों सहित राइस मिलरों का पूरा नेटवर्क प्लानिंग के तहत कार्य कर सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान करते हैं।

**1509 धान की वैरायटी में भ्रष्टाचार का खेल :** ऐसा नहीं है कि करनाल की मंडी में खरीद में भ्रष्टाचार का ये पहला मामला हो, ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। कच्ची पर्चियों पर धान खरीदकर मार्केट फीस की चोरी कर सम्बधित अधिकारी-कर्मचारी जेबे भर रहे हैं। कई राइस मिल भी सीधे तौर पर भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। अगर मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से हो तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा।

**एक नवंबर से होगी धान की सरकारी खरीद:** प्रदेश सरकार एक नवंबर से धान की सरकारी खरीद शुरू करेंगी, जबकि पहले 25 सितम्बर को धान की सरकारी खरीद शुरू होने थी, लेकिन किन्हीं कारणों से धान की सरकारी खरीद को आगे बढ़ा दिया हालांकि राइस मिलर व आढ़ती धान की सरकारी खरीद 20 सितम्बर से शुरू करवाने की मांग कर रहे थे। आढ़तियों व राइस मिलरों का कहना था कि अब धान की ऐसी वैरायटियां आ चुकी हैं, जो अपने समय से 10 से 15 दिन पहले पक जाती हैं। अब जबकि पीआर धान की फसल लगभग पककर तैयार हो चुकी है। इसलिए धान की सरकारी खरीद 20 सितम्बर से शुरू की जाए।



**मंडी में धान की पड़ी फसल। फाइल फोटो।**

मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी ईश्वर सिंह राणा ने बताया कि करनाल व तरावड़ी के दो सचिवों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया हैं। इन सचिवों को क्यों सस्पेंड किया है, इस बारे में उन्होंने बताने से इंकार कर दिया।

# शिविर में 380 ने लगवाया टीका

**कुरुक्षेत्र।** महादेव सेवा समिति ने स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपली के सब सेंटर गांव दबखेड़ी के सहयोग से श्रीमहादेव गोशाला, बाहरी में 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए कोविड-19 से बचाव का टीकाकरण शिविर लगाया। गोशाला में प्रात: 7 बजे से ही से ही टीका लगवाने वालों की लंबी लाइन लग गई थी।

स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नीरज शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों द्वारा नागरिकों को कोवीशील्ड के टीके लगाए गए। टीम के अन्य सदस्यों में डॉ. विनीता, एएनएम कुलविंदर कौर, आशा वर्कर पूनम, बबीता, रीना व हरजिंदर कौर, समाजसेवी रोहन एवं आंगनवाड़ी वर्कर, बाहरी प्रेमलता कौशिक शामिल थे। शिविर में 380 नागरिकों को टीके की पहली व दूसरी डोज लगाई। महादेव सेवा समिति कुरुक्षेत्र के महासचिव गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर के प्रचार के लिए समिति द्वारा पूरा प्रयास किया गया था। शिविर के आयोजन में समिति के प्रधान बृज मोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, सचिव रोशन लाल मित्तल, उप प्रधान सरदार गुरबख्श सिंह, स्वच्छता प्रभारी जसविंद्र कौशिक, संरक्षक सुरेंद्र गोयल, संरक्षक मंगतराम मेहता, चेयरमैन इंजीनियर सीपी गुप्ता, डॉक्टर नरविंद्र सैनी आदि ने पूरा सहयोग दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया पीएम मोदी का जन्म दिन

### मिठाइयां बांट और केक काटकर की प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पिपली रोड स्थित पार्थ ब्लड बैंक में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया और सेवा का संकल्प लिया। इतना ही नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाइयां बांटकर, केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र जिंदाबाद के नारे लगाए और जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एंव पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जिला प्रभारी मेहरचंद गहलोत, युवा मोर्चा प्रभारी धीरज वालिया,



**शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।**

जिला महामंत्री सुनील राणा, महामंत्री सुनील चन्द्रभानपुरा, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोल्डी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तुषार ढांडा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कर्ण प्रताप सिंह, प्रवीण शर्मा सांवला, हैरी सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा, महामंत्री विकास राणा, जिला मंत्री राहुल गुलिया, विकल चौबे, रविंद्र सैनी माजरा, राहुल सैनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलेर शर्मा, सुनील गुर्जर, विश्वकांत शर्मा, वीरेंद्र सुरमी, विक्रम शर्मा, चरनजीत दबखेड़ा, गौतम, सागर मदान, गौरव चौहान, राजीव शर्मा, विश्व गोयल, जसबीर समानी, राजीव शर्मा, बरखाराम सैनी, जगराम राम, सतीश मदान टोनी, प्यारे लाल, अमनदीप सिंह समेत सेंकड़ों लोगों ने सेवा समर्पण दिवस में भागीदारी की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कहा कि 71 वर्षीय नरेन्द्र भाई मोदी ने कभी राजनीति नहीं की। उन्होंने जनता और देश के सच्चे सेवक के रूप में सीएम और पीएम के रूप के शपथ लेते समय देश सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मोदी मनोहर की जोड़ी पर कार्यकर्ताओं को गर्व है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकास के मामले में जहां गंभीर है, वहीं देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी शासन में नई पहचान मिली है। रुबल ने रक्तदान शिविर में भारी संख्या में उमड़े युवाओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पार्टी संगठन द्वारा मनाए जा रहे सेवा समर्पण सद्भावना सप्ताह को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी जोश है। रुबल ने पीएम मोदी को भारत की राजनीति में बदलाव और युवा क्रांति का अग्रदूत करार दिया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 20 वर्ष के कार्यकाल में चाहें सीएम हों या फिर पीएम के रूप में उन्होंने हमेशा नया कीर्तिमान रचा है। रुबल के नेतृत्व में युवाओं ने केक काटा और मिठाइयां बांटी। रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# जहां रहे पूर्व में छात्र वहीं अब बने प्रिंसीपल



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने लंबे अंतराल के बाद मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स राई (सोनीपत) में स्थाई प्रिंसीपल एवं निदेशक की नियुक्ति कर दी है। अभी तक प्रिंसिपिल पद का अतिरिक्त कार्यभार सोनीपत उपायुक्त ललित सिवाच संभाल रहे थे।

नवनियुक्त प्रिंसीपल एवं निदेशक कर्नल अशोक मोर इसी स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं। 1989 में उन्होंने स्पोर्ट्स स्कूल से ही बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की। 1993 में वे भारतीय थल सेना से जुड़े। आर्मी में रहते हुए कर्नल मोर ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन विजय व ऑपरेशन पराक्रम में शामिल रहे।

स्कूल में ज्वाइनिंग के तुरंत बाद उन्होंने यहां कार्यरत स्टॉफ के उन लोगों

### कर्नल अशोक मोर होंगे राई स्पोर्ट्स स्कूल के प्रिंसीपल-निदेशक

से मुलाकात की, जो उनके स्टूडेंट होते हुए टीचर और कोच थे। काफी संख्या में अभी भी स्टॉफ यहां मौजूद है। कर्नल मोर ने स्कूल में अपनी पहली रात सरकारी आवास के बजाय लड़कों के हॉस्टल के उसी कमरे में बच्चों के बीच गुजारी, जिसमें वे विद्यार्थी रहते हुए रुका करते थे।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद मोर ने कहा कि वे स्कूल में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देंगे। साथ ही, स्कूल में एनसीसी यूनिट को एक्टिव किया जाएगा। कर्नल मोर ने कार्यभार संभालने से पहले अपने पूर्व अध्यापकों उषा गहलोत, चंद्रप्रकाश गहलोत, शशि ठुकराल व मंदिरा भारद्वाज से मुलाकात की। स्कूल की वाइस प्रिंसिपल मौसमी घोषाल से भी वे मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश उत्सव की आरती में उमड़ा जनसमूह



**कैथल।** निकटवर्ती कस्बा सीवन में कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी कार्यक्रम में धूम मची हुई है। सीवन के बोहपटी मोहल्ला में बोहपटी युवा मित्र मंडल द्वारा स्वर्गद्वार धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सातवें दिन की आरती व संकीर्तन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सागर भट्ट व डॉ. रामनिवास शर्मा ने अपने भजनों की धुन पर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेस वेलफेयर ट्रस्ट ऑफ इंडिया से हल्का गुहला के सह सचिव अक्षय मिढ़ा ने ज्योति प्रचंड किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि अक्षय मिढ़ा व डॉ रामनिवास शर्मा को सम्मानित किया गया। समीति के सदस्य अनिल राणा ने कहा कि युवाओं द्वारा पूरी श्रृद्धा से तीसरे गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर दिन अलग भजन मंडली द्वारा भजनों का गुणगान किया जा रहा है। इस अवसर पर पंडित दिवाकर शास्त्री, केवल कृष्ण मिढ़ा, अशोक गोयल, बलविंद्र जांगड़ा, महावीर राणा, सचिन सलूजा, मोनू चावला, अश्वनी राणा, संदीप राणा, तरूण भुटानी, शिव कुमार, सोनू आर्य, चेतन शर्मा, पवन चुघ सहित कई अन्य श्रद्धालु उपस्थ्ति रहे।

### त्याग से ही मनुष्य बनता है महानः जैन



**सोनीपत।** दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में श्रीशांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी सोनीपत में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान के अभिषेक के पश्चात शांतिधारा करने का सौभाग्य मुकेश जैन रजत जैन व शुभम जैन, रघुबीर सिंह जैन परिवार को मिला। शुक्रवार को सम्मेद शिखरजी महामंडल विधान का आयोजन प्रेमचंद जैन, मनोज जैन, राजीव जैन की ओर से किया गया। इस अवसर पर टीकमगढ़ से पधारे पंडित संजय शास्त्री ने कहा कि संसार में त्याग की महिमा अपार है। त्याग के अलग-अलग रूप हैं। कोई वस्तु का त्याग करता है, कोई राज्य का त्याग करता है, कोई खाने पीने का त्याग करता है। हर त्याग की अपनी महत्ता है। यदि सार्थक दिशा में त्याग किया जाए तो वह निश्चित ही मुक्ति की ओर ले जाता है और उसका फल अवश्य मिलता है। मुकेश जैन, एसके जैन ने कहा कि भगवान श्रीराम ने पिता की आज्ञा मानते हुए राज्य का त्याग किया। सभी सुखों का त्याग किया, तभी वह भगवान बन पाए और दुर्योधन ने मात्र पांच गांव का भी त्याग नहीं कर पाया तो महाभारत हुआ। इसलिए त्याग धर्म का जीवन में अपना ही महत्व है। जगदीश जैन व महन्त जैन ने कहा कि जिस प्रकार हम सांस लेते हैं, यदि हम उसका त्याग ना करें तो आप समझ सकते हैं क्या होगा? इसलिए जो भी आवश्यकता से अधिक वस्तुएं हैं, उनका त्याग कर देना चाहिए। इस अवसर पर दीपाली, पूजा, अंजू, संतोष, मधु, शशि, सुरेश, जयकुमार, रमेश, पवन इत्यादि सहित जैन समाज के मौजिज लोग उपस्थित रहे।

### 2024 के चुनाव में पीएम मोदी को महिला और युवा देंगे तोहफाः बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि भारत के इतिहास में पहला प्रधानमंत्री जो बेरोजगारी का जनक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने है तभी से देश आर्थिक तौर पर पिछड़ रहा है। देश को नोटबंदी तो कभी तालाबंदी के द्वारा आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके अलावा भाजपा सरकार में निजीकरण को बढ़ावा दिया गया है। वही बेरोजगारी व महंगाई भी बढ़ी है। जिन नौजवानों व महिलाओं ने ही भाजपा को जीताकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया था वही नौजवान व महिलाएं आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन का तोहफा देंगे। मधुसूदन बवेजा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी का जीना दुर्भर हो गया है। खाद्य पदार्थों के दामों को बढ़ा कर सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। गरीब आदमी को दो वक्त की रोटी के लाले पड़ गए हैं। आर्थिक मंदी के कारण व्यापारी व दुकानदार भी परेशान हैं। लोग कर्ज के तले डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ने से युवा वर्ग में रोष है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों के दामों ने महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आम आदमी की आमदनी तो वही है लेकिन खर्चे अधिक हो गए है। भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है।

### करनाल की अनाजमंडी के सचिव सस्पेंड

**करनाल।** धान की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले करनाल की दो मंडियों में धान खरीद में करोड़ों रुपए की हेराफेरी का मामला सामने आया हैं, मामला सामने आते ही करनाल नई अनाजमंडी के सचिव हकीकत राय व तरावड़ी अनाजमंडी के सचिव मोहित को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार करनाल व तरावड़ी की मंडियों में मार्केटिंग बोर्ड के वरिष्ट अधिकारी विनय यादव व निहाल सिंह ने जांच की थी। जांच रिपोर्ट में हेराफेरी पाए जाने के चलते दोनों सचिवों को सस्पेंड कर जांच बैठा दी गई। इन सचिवों पर आरोप लगाए गए है कि धान की वैरायटी 1509 की खरीद कच्ची पर्चियों पर खरीदी जा रही थी, जिसके चलते सरकार को प्रति दिन लाखों रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा था। कच्ची पर्चियों पर धान खरीद की शिकायते मार्केटिंग बोर्ड के आला अधिकारियों के समक्ष पहुंची तो जांच टीम गठित कर मंडियों में चेकिंग की। चेकिंग में पाया गया कि करनाल के कुटैल दो मिलों में कच्ची पर्चियों पर खरीदा गया धान पाया गया।

### गणपतिजी का कल होगा विर्सजन



**कैथल।** साई मंदिर कैथल में स्थापित किये गए गणपतिजी की पूजा अर्चना और आरती में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा भावना से गणपतिजी की पूजा अर्चना में भाग लेते हैं और साई मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित विकास लेखवार द्वारा सुनाई जा रही धार्मिक कथा का आनंद ले रहे हैं। श्रद्धालुओं गणपति पूजा अर्चना में बड़े उत्साह से भाग ले रहे है। वीरवार को शहर के जाने माने व्यापारी एवमं समाजसेवी रवि जेतली और सतीश सोनी ने साई बाबा की पूजा अर्चना की। गणपति जी के आगे जोत जलाकर आरती में भाग लिया। इस अवसर पर श्रीशिरडी साई शरणम धाम संस्था एवम साई मंदिर के प्रधान नवीन मल्होत्रा और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जीएल चावला ने जेतली दंपति और सतीश सोनी को साई बाबा की प्रतिमा और शाल देकर सम्मानित किया। साई मंदिर कमेटी के उप प्रधान प्रवीण बिंदलिश, सक्रिय सेवादार नवीन खेतरपाल, डॉ नीरज ढींगरा, मिंटा धीमान,करण साई ने कहा कि हर रोज सुबह शाम गणपतिजी की पूजा अर्चना की जाती रहेगी और 19 सितम्बर को बड़ी धूमधाम और ढोल नगाड़ों से गणपतिजी का विसर्जन किया जायेगा। इस अवसर पर मुकेश चावला, डॉ राकेश चावला, राम, सीपी अरोड़ा, सुरेंदर कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# धर्म को राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए : स्वामी प्रसाद मौर्य

**उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री ने भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहा**

एजेंसी। बलिया (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि धर्म आस्था का विषय है। इसे राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। मौर्य ने बृहस्पतिवार शाम जिले के गुलाब नगरी के नाम से मशहूर सिकन्दरपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा को अब्बा जान, चाचा जान व भाई जान जैसी बातों से कोई मतलब नहीं है। वह आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के पास जन कल्याण के लिए किए गए कार्यों व विकास योजनाओं के आधार पर जा रही है। उन्होंने कहा, किसी भी भगवान को राजनीति से नहीं जोड़ा



जाना चाहिए, भगवान आस्था का विषय हैं और हर व्यक्ति को उसकी आस्था के अनुसार उन्हें मानने की छूट है। आस्था के विषय को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर उनके भगवान राम व श्रीकृष्ण प्रेम पर भी तंज किया।

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत के ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को चचा जान कहे जाने सम्बन्धी हालिया बयान पर उन्होंने कहा कि, भाजपा जन कल्याणकारी कार्यों व विकास योजनाओं को लेकर जनता के पास जा रही है। जिनके पास कुछ नहीं है वे चचा जान व अब्बा जान का सहारा ले रहे हैं। भाजपा को अब्बा जान, चाचा जान व भाई जान जैसी बातों से कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दल उत्तर प्रदेश में नाकाम हो गया है और विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। देश व प्रदेश की जनता ने कांग्रेस,सपा व बसपा को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,उनके विकास व कल्याणकारी योजनाओं की ही चर्चा है।

# शांति और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के मूल में बढ़ती कट्टरता है : प्रधानमंत्री

**एससीओ की वार्षिक शिखर बैठक को डिजिटल माध्यम से किया संबोधित**

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी को क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा कि इन समस्याओं के मूल में कट्टरपंथी विचारधारा है। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शुक्रवार को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की वार्षिक शिखर बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस कड़ी में अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख किया। कहा कि संगठन के सदस्य देशों को ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एससीओ के नए सदस्य देश ईरान का स्वागत किया और साथ ही वार्ता के सहयोगी देशों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि नए सदस्य और डायलॉग पार्टनर से एससीओ और मजबूत तथा विश्वसनीय बनेगा। उन्होंने कहा, एससीओ की 20वीं वर्षगांठ इस संस्था के भविष्य के बारे में सोचने के लिए भी उपयुक्त अवसर है। मेरा मानना है कि इस क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं और इन समस्याओं का मूल कारण बढ़ती कट्टरता है। अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम ने इस चुनौती को और स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर एससीओ देशों को साथ मिलकर काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि इतिहास पर नजर दौड़ाई जाए तो यह पता चलेगा कि मध्य एशिया का क्षेत्र शांत और प्रगतिशील संस्कृति तथा मूल्यों का गढ़ रहा है और सूफीवाद जैसी परम्पराएं यहां सदियों से पनपीं और पूरे क्षेत्र और विश्व में फैलीं। उन्होंने कहा कि इनकी छवि हम आज भी इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत में देख सकते हैं। मोदी ने कहा, मध्य एशिया की इस ऐतिहासिक धरोहर के आधार पर एससीओ को कट्टरपंथ और अतिवाद से लड़ने की एक साझा रणनीति तैयार करनी चाहिए। भारत में और एससीओ के लगभग सभी देशों में, इस्लाम से जुड़ी शांत, सहिष्णु और समावेशी संस्थाएं व परम्पराएं हैं। एससीओ को इनके बीच एक मजबूत नेटवर्क विकसित करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सन्दर्भ में एससीओ के रैट्स प्रक्रिया तंत्र की ओर से किए जा रहे काम की वह प्रशंसा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कट्टरपंथ से लड़ाई को क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी विश्वास के लिए आवश्यक करार दिया और कहा कि यह युवा पीढ़ी का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा, विकसित विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए हमारे क्षेत्र को प्रौद्योगिकी में एक पक्ष बनना होगा। इसके लिए हमें अपने प्रतिभाशाली युवाओं को, विज्ञान और विवेकपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करना होगा। इस तरह की सोच और नवप्रवर्तन की भावनाओं को बढ़ावा देना होगा। एससीओ परिषद के सदस्य देशों के प्रमुखों की 21वीं बैठक शुक्रवार को हाइब्रिड प्रारूप में दुशांबे में आरंभ हुई। इसकी अध्यक्षता ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान कर रहे हैं।

## मोदी को 71वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का लगा तांता

# जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को समझने वाले पहले मुख्यमंत्री थे नरेंद्र मोदीः शाह

**महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में सीआरपीएफ के प्रशिक्षण मैदान में पौधारोपण कर कहा**

**विभिन्न राजनीतिक दलों ने मोदी को दी जन्मदिन पर शुभकामनाएं**

एजेंसी। मुंबई



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी देश में ऐसे पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को समझा। इसके प्रबंधन को संस्थागत रूप दिया। शाह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के मुदखेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के प्रशिक्षण मैदान में पौधारोपण करने के बाद संबोधन में यह कहा। शाह द्वारा पौधारोपण करने के साथ ही इस सुरक्षा एजेंसी ने देश में एक करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने मोदी के जन्मदिवस, जो कि मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिवस भी है, पर एक करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हासिल किया है। देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल और मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम अभियान के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने बताया कि सीआरपीएफ ने देश के 170 जिलों में एक करोड़ पौधे रोपे हैं। उन्होंने कहा, सरकार पौधे रोप सकती है लेकिन इनकी रक्षा सीआरपीएफ को करनी है। मैं सीआरपीएफ के हर जवान से अनुरोध करता हूं कि वे एक पौधे से अपना जुड़ाव रखें।

### दलाई लामा ने प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

**दलाई** लामा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 71वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। कोविड-19 महामारी जैसी चुनौतियों के बावजूद लोगों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उन्हें बधाई दी।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में दलाई लामा ने यह भी कहा कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत की सफलता न सिर्फ यहां के लोगों के लिए बल्कि समग्र रूप में दुनिया के विकास के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपके जन्मदिन के अवसर पर मैं हार्दिक बधाई देता हूं। आपकी आयु लंबी हो और आप स्वस्थ जीवन जिएं। दलाई लामा ने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि किसी को भी नुकसान न पहुंचाने की प्राचीन भारतीय परंपरा अहिंसा और करुणा न सिर्फ प्रासंगिक हैं बल्कि यह आज की दुनिया में जरूरी भी हैं।

### राहुल और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, जन्मदिन की बधाई, मोदी जी। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल और कुछ अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी।

## प्रधानमंत्री का जन्मदिन बेरोजगारी और किसान विरोधी दिवस के रूप में मनाना ठीक होगा: कांग्रेस

**कांग्रेस** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुक्रवार को उन्हें बधाई दी, साथ ही उनकी सरकार की विफलताओं का हवाला देते हुए कहा कि उनके जन्मदिन को बेरोजगारी दिवस, किसान विरोधी दिवस, कोरोना कुप्रबंधन दिवस और महंगाई दिवस के रूप में मनाना उपयुक्त रहेगा। पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का जन्मदिवस है, उन्हें शुभकामनाएं, वह दीर्घायु हों। उन्होंने यह भी कहा, भारत के महान प्रधानमंत्रियों के जन्मदिवस को एक-एक नाम दिया गया है, जैसे बच्चों के प्रिय चाचा नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इंदिरा जी के जन्मदिन को कौमी एकता दिवस के रूप में, राजीव जी के जन्मदिन को सद्भावना दिवस और अटल जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी के जन्मदिन को बेरोजगारी दिवस, किसान विरोधी दिवस, कोरोना कुप्रबंधन दिवस , महंगाई दिवस, उद्योग मंद, व्यापार बंद दिवस, पूंजीपति पूजन दिवस और ईडी, सीबीआई, आईटी रेड दिवस के रूप में मनाना उपयुक्त रहेगा।

### मुख्यमंत्री योगी, अखिलेश और मायावती ने बधाई दी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आादित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा, अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हृदयतल से बधाई। भगवान श्रीराम की कृपा से आपको दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो। अखिलेश यादव ने अपने संदेश में कहा, नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई के साथ ही स्वस्थ एवं सार्थक-सक्रिय जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं। बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट में कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इंदौर में डेंगू उन्मूलन दल से बदसलूकी पर कांग्रेस विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

**प्राथमिकी आईएमसी के पूर्व में रिपोर्ट से इंकार कर चुके अफसर ने दर्ज कराई**

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर नगर निगम (आईएमसी) के डेंगू उन्मूलन दल के साथ कथित रूप से गाली-गलौज और बदसलूकी किए जाने की दो दिन पुरानी घटना को लेकर स्थानीय कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

नाटकीय घटनाक्रम के दौरान यह प्राथमिकी आईएमसी के उसी अफसर ने दर्ज कराई। जिसने घटना वाले दिन पुलिस को बाकायदा लिखित आवेदन दिया था कि वह इस मामले में कांग्रेस विधायक के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता। राजेंद्र नगर पुलिस थाने की प्रभारी अमृता सोलंकी ने बताया कि आईएमसी अधिकारी उत्तम यादव की शिकायत पर विधायक पटवारी के खिलाफ गाली-गलौज कराने और सरकारी कर्मचारियों को डरा कर उन्हें उनके कर्तव्य से डिगाने के लिए आपराधिक बल प्रयोग के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में अपने पुराने रुख से पलटी मारते हुए विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले यादव ने मीडिया से कहा, मैं और मेरा दल बुधवार को जब डेंगू उन्मूलन के लिए काम कर रहे थे, तब पटवारी ने अपशब्दों का इस्तेमाल कर हमें अपमानित किया और हमारे सरकारी काम में रुकावट पैदा की।

पटवारी पर मामला दर्ज करने की मांग को लेकर आईएमसी के कर्मचारियों ने शुक्रवार सुबह सांकेतिक हड़ताल की घोषणा कर दी थी और उन्होंने बड़ी तादाद में राजेंद्र नगर पुलिस थाने में जुटकर धरना-प्रदर्शन भी किया था। प्रदर्शनकारियों में महिला सफाई कर्मी भी शामिल थीं।


### आयकर विभाग ने अभिनेता सोनू सूद के कई परिसरों पर छापा मारा

**मुंबई।** आयकर विभाग ने अभिनेता सोनू सूद के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच का दायरा बढ़ा दिया है। शुक्रवार को मुंबई में उनके कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

विभाग ने बुधवार को 48 वर्षीय अभिनेता और उनसे जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ कार्वाई शुरू की थी जो जारी है। उन्होंने बताया कि तलाशी का दायरा मुंबई में अन्य स्थानों तक बढ़ा दिया गया है। मुंबई और लखनऊ में कम से कम आधा दर्जन स्थानों पर बुधवार को कार्रवाई की गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सूद से जुड़ा एक रियल इस्टेट सौदा और कुछ अन्य वित्तीय लेनदेन विभाग की जांच के दायरे में हैं। अभिनेता ने पिछले साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचने में मदद कर सुर्खियां बटोरी थीं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सूद को आम आदमी पार्टी की सरकार के देश का मेंटॅर कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर बनाया था।

# कांग्रेस ने पूर्व विधायक नायर को निलंबित करने का फैसला लिया वापस

**तिरुवनंतपुरम।** केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के, राज्य में पार्टी के जिला प्रमुखों के चयन पर सार्वजनिक रूप से नाराजगी व्यक्त करने के लिए वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक के. शिवदासन नायर को निलंबित करने के फैसले को, शुक्रवार को वापस ले लिया।



नायर का निलंबन वापस लेने की घोषणा करते हुए केपीसीसी प्रमुख के. सुधाकरन ने कहा कि नायर द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण संतोषजनक था और पार्टी को मजबूती देने के लिए उनकी सेवा की आवश्यकता भी है। नायर और केपीसीसी के पूर्व महासचिव केपी अनिल कुमार को 29 अगस्त को केपीसीसी प्रमुख सुधाकरन ने अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया था। कुमार ने 14 सितंबर को कांग्रेस छोड़ दी और माकपा में शामिल हो गए। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुधाकरन ने पार्टी की राज्य इकाई के नेतृत्व को वैसे ही छीन लिया जैसे तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। नायर और कुमार दोनों ने जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) प्रमुखों के चयन को लेकर राज्य नेतृत्व की तीखी आलोचना की थी।

### राष्ट्रपति कोविंद ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

**शिमला।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सशस्त्र बलों में हिमाचल प्रदेश के लोगों के योगदान की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह देश की सेवा करने वाले राज्य के बहादुर सैनिकों को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि मेजर सोमनाथ शर्मा परमवीर चक्र पाने वाले राज्य के पहले जवान थे।

राष्ट्रपति ने यह बात हिमाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा दिए जाने की स्वर्ण जयंती के मौके पर बुलाए गए विधानसभा के विशेष सत्र में कही। यह स्वर्ण जयंती 25 जनवरी 2021 को थी, लेकिन कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर तब यह विशेष सत्र स्थगित कर दिया गया था। राज्य में पूरे वर्ष स्वर्ण जयंती का जश्न मनाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हिमचाल प्रदेश के अभी करीब 1.20 लाख जवान देश के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, रक्षा बल का प्रमुख होने के नाते, मैं देश की सेवा करने वाले, हिमाचल प्रदेश के बहादुर सैनिकों को सलाम करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में जानलेवा बुखार से तीन और बच्चों की हुई मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में फैला जानलेवा बुखार दिनोंदिन और अधिक खतरनाक होता जा रहा है। बीते दो दिन में डेंगू और बुखार से एक किशोर और दो बच्चों की मौत हो गई। इनमें छह माह का बच्चा भी शामिल है। इससे पूर्व फरह क्षेत्र के कोह व गोवर्धन के जचौंदा गांव में बुखार से कई बच्चों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, जनपद के मांट क्षेत्र के टैंटीगांव निवासी मुकेश के छह माह के बेटे लव को बीते तीन दिन से बुखार आ रहा था। परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि सुरीर के गांव लोहई में राजन के आठ वर्षीय पुत्र रोहित को मंगलवार की रात अचानक बुखार और पेट में दर्द हुआ। परिजन इलाज के लिए सरकारी अस्पताल के लिए निकले लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार, लोहई निवासी पिंकी के 15 वर्षीय पुत्र राजकुमार ने बुधवार को डेंगू से दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांवों में सर्वेक्षण शुरू कराकर बुखार पीड़ितों के नमूने एकत्र किए हैं। नौहझील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. शशिरंजन का कहना है कि सुरीर व लोहई में टीमें भेजी गई हैं। संचारी रोग नियंत्रण के प्रभारी डॉ. भूदेव ने बताया कि स्वर्ण जयंती अस्पताल, जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह में मलेरिया व डेंगू के जो मरीज भर्ती हैं उनमें से ज्यादातर की सेहत में सुधार हो रहा है। फरह व छाता क्षेत्र के गांवों में कराए गए सर्वेक्षण में अब तक डेंगू के 327 मामले पाए गए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रचना गुप्ता ने बताया कि मलेरिया व डेंगू की बीमारी न फैलने देने के लिए पंचायत विभाग के कर्मचारी गांवों में लार्वा-रोधी छिड़काव, सैनेटाइजेशन व फॉगिंग कर रहे हैं। साथ ही पानी इकट्ठा होने से रोकने व अन्य सावधानियों को लेकर ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि मच्छर न पैदा हो सकें।

### हाईकोर्ट ने ओबीसी के27 प्रतिशत आरक्षण पर मांगा जवाब

**जबलपुर (मप्र)।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए कुछ विभागों की भर्ती परीक्षाओं व नियुक्ति प्रक्रिया में प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के दो सितंबर के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर राज्य सरकार से 20 सितंबर तक जवाब मांगा है। दिल्ली के संगठन-यूथ फॉर इक्वेलिटी-ने अपनी याचिका में कुछ विभागों की भर्ती परीक्षाओं व नियुक्ति प्रक्रिया में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश को चुनौती दी है। यह याचिका बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक और न्यायमूर्ति वी के शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

### वास्तविक एवं साइबर सुरक्षा पर ध्यान देंः वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने कहा है कि अभियानगत तैयारियों को मजबूत करने के लिए विश्लेषण की आवश्यकता है। इन्हें बनाए रखने के साथ-साथ वास्तविक सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारतीय वायुसेना के शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान के वार्षिक कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि सभी मंचों, हथियार प्रणालियों और अन्य साजो-सामान को एकदम तैयार रखा जाए। वायुसेना प्रमुख भदौरिया ने कमांडरों से अभियानों के दौरान उड़ान के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयासों को जारी रखने का आग्रह किया और नवोन्मेष, आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशीकरण के माध्यम से भारतीय वायुसेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भदौरिया ने अभियानगत तैयारियों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण विश्लेषण करने, इन्हें बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने, वास्तविक और साइबर सुरक्षा को पुख्ता करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बाढ़ राहत के हालिया प्रयासों और नागरिक प्रशासन को सहायता देने में मध्य वायु कमान की भूमिका की सराहना की। मध्य प्रदेश का ग्वालियर-चंबल क्षेत्र पिछले महीने भारी बारिश के बाद बाढ़ की चपेट में आ गया था और वायुसेना ने लोगों को बचाने और राहत सामग्री पहुंचाने में प्रशासन की सहायता की थी।

# मराठवाड़ा वासियों ने कभी निजाम का सामना किया अब महामारी से बखूबी निपट रहे : उद्धव ठाकरे

**मुख्यमंत्री ठाकरे ने मुक्ति आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर कहा**

एजेंसी। औरंगाबाद



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मराठवाड़ा क्षेत्र के निवासियों ने पूर्व में निजाम शासन के अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। अब वे कोरोना वायरस संक्रमण से बखूबी निपट रहे हैं। मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम दिन के अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का वास्तविक विकास अब शुरू हुआ है और उन्होंने परभनी जिले में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज और हिंगोली जिले में हल्दी प्रसंस्करण इकाई की घोषणा की।

ठाकरे ने यहां सिद्धार्थ गार्डन में मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम स्मारक का दौरा किया और मुक्ति आंदोलन के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। मध्य महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा 1948 से पहले निजाम शासन के अधीन था। ठाकरे ने कहा, मराठवाड़ा के निवासियों ने निजाम के अन्याय का सामना किया, उन्होंने निजाम के खिलाफ लड़ना जारी रखा। यहां के लोगों ने निजाम राज्य का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया और भारत को अपना देश स्वीकार करते हुए इसमें शामिल हो गए।

उन्होंने कहा, पिछले साल मैं महामारी के कारण यहां नहीं आ सका। यहां के निवासियों ने पहले निजाम शासन के साथ लड़ाई लड़ी है, वैसे ही वे अब महामारी से अच्छी तरह लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लिए विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा, मराठवाड़ा संतों की भूमि है और इसलिए हम एक संत पीठ शुरू करने जा रहे हैं, एक ऐसा संस्थान जो यहां डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में संतों के उपदेशों को पढ़ाएगा। भविष्य में यह एक अलग विश्वविद्यालय बन जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, निजाम काल की संरचनाएं गौरवान्वित नहीं करती हैं। हम क्षेत्र में निजाम युग के 150 स्कूलों के भवनों के पुनर्विकास की योजना बना रहे हैं। सरकार ने परभनी में एक मेडिकल कॉलेज की भी योजना बनाई है। इसके अलावा औरंगाबाद शहर में सड़कों और एक भूमिगत जल निकासी लाइन की योजना और परभनी में जलापूर्ति योजना के लिए धन आवंटित किया जाएगा। जालना-नांदेड़ एक्सप्रेस-वे मराठवाड़ा के विकास में और योगदान देगा। उन्होंने कहा कि सरकार औरंगाबाद को अन्य स्थानों से जोड़ने पर काम करेगी। सुबह शहर में ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) कार्यकर्ताओं के विरोध का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा, कुछ लोग मेरे स्वागत के लिए अपने हाथों में बोर्ड लेकर खड़े थे। लेकिन अब तक जो विकास हुआ है, वह वास्तविक विकास नहीं है...आप अभी से वास्तविक विकास देखेंगे। प्रदर्शनकारी एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र को प्रभावित करने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री को व्यंग्यात्मक रूप से धन्यवाद दिया था।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ भागवत कराड, महाराष्ट्र के मंत्री बालासाहेब थोराट, सुभाष देसाई, संदीपन भुमरे, अब्दुल सत्तार, उदय सामंत, सांसद इम्तियाज जलील और अनिल देसाई मौजूद थे। प्रस्तावित औरंगाबाद-अहमदनगर रेलवे लाइन का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कराड से इस मुद्दे को देखने और रेल राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने का आग्रह किया।

## ऑकस का मकसद हिंद-प्रशांत की सुरक्षा करना: ऑस्ट्रेलिया

**भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने कहा**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक सुरक्षा समझौते में शामिल होने के उसके फैसले का मकसद हिंद-प्रशांत को सुरक्षित बनाना और उन क्षमताओं का विकास करना है, जो क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले व्यवहार को रोकने में भारत और अन्य देशों के साथ मिलकर योगदान दे सकें।

हिंद-प्रशांत में चीन के प्रभाव को रोकने के प्रयास के तौर पर देखी जा रही इस साझेदारी के तहत अमेरिका और ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया को परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां विकसित करने की प्रौद्योगिकी मुहैया कराने में मदद करेंगे। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल ने कहा कि परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियों के जरिए ऑस्ट्रेलिया की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करके देश सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत में अपना योगदान देगा।

उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच ऑकस साझेदारी की घोषणा से पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री ने भारत में अपने समकक्षों से बात करके उन्हें इस फैसले से अवगत कराया था। ओ फैरेल ने कहा, यह निर्णय और अधिक चुनौतीपूर्ण सामरिक माहौल को प्रतिबिम्बित करता है, ऐसा माहौल जिसमें हमारे साथ भारत भी शामिल है, जहां अधिक शक्ति की प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है, जहां दक्षिण चीन सागर, ताइवान और अन्य स्थानों में क्षेत्रीय तनाव और चुनौतीपूर्ण बन रहा है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सेना की तैनाती अभूतपूर्व दर से बढ़ रही है और इसके लिए निस्संदेह चीन जिम्मेदार है, जिसका सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। ओ फैरेल ने कहा, इसलिए परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियों के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना एक सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत में ऑस्ट्रेलिया के योगदान का हिस्सा होगा और यह क्षमता ऑस्ट्रेलिया की रणनीतिक क्षमता बढ़ाएगी।

# एयरपोर्ट के पास बनेगी इलेक्ट्रॉनिक सिटी सभी मोबाइल कंपनियां लगाएगी प्लांट

● करीब 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश आने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

प्रदेश के एमएसएमईए निर्यात और निवेश मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने यमुना प्राधिकरण के अफसरों और इंडियन सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन आईसीईए के साथ बैठक की।

बैठक में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक एसेसरीज के लिए पार्क विकसित करने का सुझाव दिया। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक एसेसीरीज कंपनियों के लिए पार्क विकसित किया जाएगा।

इस पार्क को सेक्टर-24, या फिर सेक्टर-10 में विकसित किया जाएगा। इस पार्क के विकसित होने से प्राधिकरण क्षेत्र में न केवल निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पार्क के लिए तमाम सारी कंपनियां आने के लिए तैयार हैं। इससे निवेश बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

इस पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने यमुना प्राधिकरण के अफसरों से चर्चा की और कहा कि इसके लिए जमीन की उपलब्धता कराई जाए। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस पार्क के लिए सेक्टर-24ए या सेक्टर-10 में जमीन मिल सकती है। उन्होंने इसका प्रस्ताव मंत्री के समक्ष रखा और इस पर जल्द निर्णय लेने की बात कही गई है। बैठक में कई और मुद्दों पर भी चर्चा की गई। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले निवेश और कंपनियों के बारे में भी कैबिनेट मंत्री ने जानकारी ली। यमुना सिटी में काफी मोबाइल कंपनियों ने काम शुरू कर दिया है।

जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बनने वाली इलेक्ट्रॉनिक सिटी से करीब 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश आने की संभावना है। यह इलेक्ट्रॉनिक सिटी 250 एकड़ क्षेत्रफल में बसाई जाएगी। यहां मोबाइल टीवी और तमाम दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां आएंगी। इससे स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# राजधानी में लगेगा देश का सबसे बड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

● रोजाना 564 लाख लीटर दूषित पानी शोधित करने की क्षमता, साफ होगी यमुना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट दिल्ली में बन रहा है। करीब 110 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस एसटीपी से रोजाना 564 मिलियन लीटर (एमएलडी) दूषित पानी शोधित होगा। इसका निर्माण वर्ष 2022 के अंत तक पूरा हो जाएगा।

सरकार इस परियोजना को समय से पहले पूरा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। इस एसटीपी के पूरा होने के बाद, यमुना में बहने वाले सीवेज का एक बड़ा हिस्सा साफ हो जाएगा। इस ट्रीटेड पानी का उपयोग भू-जल को रिचार्ज करने के लिए किया जाएगा, जबकि शेष पानी को यमुना में छोड़ा जाएगा। जल मंत्री व दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने ओखला में बन रहे इस एसटीपी का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी।

सत्येंद्र जैन ने इस केजरीवाल सरकार देश में सबसे बड़ा सिंगल एसटीपी का निर्माण कर रही है। इस एसटीपी की क्षमता 564 एमएलडी है। इसका मतलब है यह कि निर्माण के बाद यह एसटीपी 564 एमएलडी सीवेज को यमुना में बहने से रोकेगा। साथ ही बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और टोटल सस्पेंडेड सॉलिड (टीएसएस) को 10 मिलीग्राम प्रति लीटर करेगा, जो कि शोधित (ट्रीट) किए गए पानी का मानदंड हैं।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, गिरफ्तार

● धर्म परिवर्तन का बना रहा था दबाव, पीड़िता से हड़पे पांच लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बिसरख पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती से पांच लाख रुपये भी हड़प लिए थे और धर्म परिवर्तन कराने का दबाव भी बनाया था।

पुलिस ने आरोपी को तिगरी टेंपो स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाली एक युवती नोएडा की एक निजी फैक्ट्री में बतौर मैनजर नौकरी करती है। करीब तीन साल पहले युवती की मुलाकात फैक्ट्री में नौकरी करने वाले साजिद से हुई थी। आरोप है कि तीन वर्षों तक आरोपी साजिद ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने पीड़िता से अलग-अलग बहाने बनाकर करीब पांच लाख रुपये हड़प लिए। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो वह धर्म परिवर्तन कराने के लिए युवती पर दबाव बनाने लगा।

युवती ने धर्म परिवर्तन करने से इंकार कर दिया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। इस बीच आरोपी ने एक अन्य युवती से निकाह कर लिया और आरोपी पीडित युवती को धोखा देकर फरार हो गया।

## क्यूसीआई ने प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारतीय गुणवत्ता परिषद(क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया) ने गुरुवार को प्रो.एसके जोशी की स्मृति में प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार शुरू किया। यह पुरस्कार देश की प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता और प्रदर्शन में सुधार को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। क्यूसीआई के अध्यक्ष आदिल ज़ैनुलभाई ने कहा कि इस पुरस्कार का लक्ष्य भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशालाओं का पता लगाने के साथ देश की प्रयोगशालाओं के उच्चतम मानक व गुणवत्ता को दुनिया के सामने लाना है। क्यूसीआई के महासचिव डॉ. रवि पी. सिंह ने कहा कि हमारी तरफ से देश भर में प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं इसके साथ ही प्रोफेसर एसके जोशी को सम्मानित करने का हमारा छोटा सा प्रयास है।

# फर्जी दस्तावजों से लोन दिलाने वाले 2 गिरफ्तार

● आरोपियों से 5 कार समेत 6 वाहन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



कोतवाली दादरी पुलिस ने गुरुवार को फ र्जी कागजात तैयार करके लोन करवाकर कार खरीदने वाले गिरोह के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 3 अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पांच कार समेत 6 वाहन बरामद किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक कोतवाली दादरी पुलिस ने ग्रेटर नोएडा की ओर से आ रही कार को रूपवास गोलचक्कर पर रूकने का इशारा किया। इस पर कार चालक ने पुलिस को देखकर यूटर्न लेकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान अमित गोस्वामी और गौरव शर्मा के रूप में हुई है जबकि कार सवार आरोपियों के तीन अन्य साथी मौके से फरार हो गये। कोतवाली दादरी प्रभारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों पे-स्लिप फर्जी आधार और पैन कार्ड समेत अन्य फ र्जी कागजात तैयार कर चार पहिया गाड़ियों का निजी बैंकों से लोन करवाते थे। इस दौरान यह लोग बैंक के सर्वेयर को प्रति गाड़ी 5 से 10 हजार रुपये देकर अपने पक्ष में सर्वे वेरीफ ाई करवा लेते थे और मामूली डाउन पेमेंट पर गाड़ी शोरूम से निकलवा लेते थे।

# भाजपा नेताओं ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

● कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह सेवा भाव से किया काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वां जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पूरे देश में अलग-अलग तरह से उनका जन्मदिन मना रहे हैं। नोएडा में भी भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सेवा अभियान की शुरुआत की। पार्टी ने सामाजिक सरोकारों और समाज सेवा के साथ पीएम के जन्मदिन को मनाया।

सांसद डॉ महेश शर्मा, पार्टी के वेस्ट यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल और नोएडा के विधायक पंकज सिंह समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं ने सेवा समर्पण अभियान के तहत जगह.जगह सेवा कार्य किया। सबसे पहले फ ल वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके तहत सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने सरकारी अस्पताल सेक्टर-30 में मरीज़ों को वार्ड में जा कर फल वितरित किए। सेक्टर-110 के भंगेल सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र में नोएडा के विधायक पंकज सिंह और मनोज गुप्ता ने मरीज़ों को फल बांटे।

बाद में सांसद डॉ महेश शर्मा ने सेक्टर.115 के सोरखा में स्थित गुरुकुल वृद्धाश्रम में फल वितरण किए। यह कार्यक्रम भाजपा के ओबीसी मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा ने संयुक्त रूप से किया।

## आश्रम में अंडरपास लगभग तैयार

**नई दिल्ली।** आश्रम में निर्माणाधीन अंडरपास लगभग तैयार हो चुका है। रैंप बनाने का काम चल रहा है जिसमें बिजली की तारें बाधा बन रही हैं।

इन तारों को शिफ्ट करने का काम माह के अंत तक हो जाएगा। उसके बाद रैंप पर तेजी से काम आगे बढ़ेगा। इस तरह दो माह के अंदर यह अंडरपास वाहनों के लिए तैयार हो जाएगा। इससे यहां जाम से निजात मिल जाएगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि जो भी दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें शीघ्र दूर कर लिया जाएगा। आश्रम में बन रहे अंडरपास का काम हाई-पावर बिजली की तारों की वजह से बाधित हो रहा है।

# जलभराव की समस्या से निजात दिलाये अधिकारी : आशा शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मेयर आशा शर्मा ने एक बैठक को संबोधित करते हुए जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर की जनता को सीवर और जलभराव की समस्या का स्थाई हल निकालने के लिए ठोस कार्य योजना बनाएं और उस पर अमल करें।

उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि इस पर अमल नहीं किया गया संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है । शर्मा ने कहा कि हालांकि जल भराव से निजात के लिए जिस तरह से पिछले कुछ दिनों के दौरान जलकल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्य किया है वास्तव में काबिले तारीफ है क्योंकि कई कालोनियों में जनता को जलभराव जैसी समस्या से निजात मिल गयी है। इन कालोनियों में जलभराव से निजात नहीं मिल पा रही है। जल्द ही वहां के लोगों को जलभराव की समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा। शहर में सीवर की समस्याएं भी लगातार प्रकाश में आ रही है। इसके लिए भी ठोस कार्य योजना बनाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसएसपी

### एसएसपी ने किया पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद पवन कुमार पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। पवन कुमार सुबह अचानक पुलिस लाइन पहुंचे तथा क्वार्टर गार्ड, राजकीय सम्पत्ति भंडार, पुलिस कैन्टीन, पुलिस चिकित्सालय, परिवहन शाखा का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने क्वार्टर गार्ड, परेड ग्राउंड , भोजनालय, पुलिस लाइन परिसर आदि में साफ सफाई, आवासीय परिसर का रखरखाव के निर्देश दिए।

### आयुष्मान-2.0: कार्ड बनवाने के लिए भी किया प्रेरित

**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के बाद शुक्रवार को धौलाना ब्लॉक में शुरू हुए नवनिर्वाचित प्रधानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षय रोग विभाग की ओर से ग्राम प्रधानों का टीबी के प्रति संवेदीकरण किया गया। इसके साथ ही आपके द्वार आयुष्मान-2.0 अभियान के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम धौलाना ब्लॉक कार्यालय स्थित कृषि भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंची। ग्राम प्रधानों को टीम की ओर से आयुष्मान भारत योजना की विस्तार से जानकारी दी गई।योजना का लाभ उठाने के लिए हर लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीओ पंचायत शिवम पांडेय, डीपीआरसी हरकीरत सिंह, मास्टर ट्रेनर प्रियंका सिंह और आशुतोष शर्मा मुख्य भूमिका में रहे।

### नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गाजियाबाद।** नगर निगम में पुरानी सब्जी मंडी बस अड्डे के पास व जीडीए कार्यालय के पीछे बस अड्डे की चारों तरफ अतिगिमण को तोड़ दिया। सिटी जोन प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि कुछ दुकानदार बीच रास्ते पर दुकान लगाकर सब्जी बेचते हैं, जिससे आने जाने वालों को बहुत परेशानी होती है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार कार्रवाई की जा चुकी है परंतु जुर्माना व सामान जब्त करने के बावजूद भी बीच सड़क पर कुछ लोगों द्वारा दुकानें लगाई जा रही थी। जिन्हें हटवा दिया गया। इसी प्रकार पुराने बस अड्डे के चारों तरफ कुछ मोबाइल दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर लोहे के तख्त व जाल आदि रखकर फुटपाथ पर कब्जा कर लिया था। जिससे आने जाने वालों को बहुत परेशानी हो रही थी।

# गाजियाबाद आबकारी विभाग ने वसूले 667 करोड़

● शराब तस्करों पर अभियान का असर, राजस्व के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



राकेश कुमार सिंह

गाजियाबाद का आबकारी विभाग पिछले पांच महीने के दौरान प्रदेश में राजस्व वसूली के मामले में दूसरे नंबर पर रहा है।

गाजियाबाद के आबकारी विभाग ने कुल 667 करोड़ 22 लाख का राजस्व प्राप्त किया और उत्तर प्रदेश में सभी जिलों को पछाड़ते हुए दूसरे नंबर पहुंच गया। प्रदेश का महोबा जिला अव्वल रहा। जहां पर सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य 84 .76 प्रतिशत राजस्व वसूला गया जबकि गाजियाबाद जिले में निर्धारित लक्ष्य का कुल 84.30 प्रतिशत राजस्व वसूला गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गाजियाबाद में शराब माफियाओं व तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है, जिससे शराब की तस्करी पर भी अंकुश लगा है और जिले में शराब की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है और राजस्व की प्राप्ति भी हुई है।

उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से लेकर अगस्त 31 अगस्त तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो गाजियाबा राजस्व वसूली में लगातार बढ़ोतरी हो रही। गाजियाबाद में 667 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति की। केवल अगस्त माह में 102.23 प्रतिशत करोड़ रुपये का राजस्व केवल अगस्त माह के दौरान शराब की बिक्री से प्राप्त हुआ ।

## पीएम का जन्मदिन किसान कल्याण दिवस के रूप में मनाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन किसान कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी के नेतृत्व में तिमारपुर स्थित मिशनरी आफ चैरिटी में दिव्यांगो और विकलांगों में फल व भोजन वितरण किया गया। इसके बाद देश के सभी प्रदेशों से आए किसान कल्याण परिषद के पदाधिकारियों की बैठक हिमाचल भवन में हुई। बैठक में देश के किसानों की समस्याओं को उठाने और उन समस्याओं को हल करने सहित केंद्र व राज्य सरकार की ओर से किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकार दी।

# शिअद के आंदोलन से दिल्ली चौतरफा झाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आईटीओ पर लगा लंबा जाम। फोटो रंजन डिमरी।

केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के संसद से पारित होने का एक वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 'काला दिवस' मनाया और पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने यहां कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध मार्च निकाला।

इस मार्च के कारण दिल्ली के आईटीओ, धौलाकुआं, नई दिल्ली समेत कई इलाकों में भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात पुलिस ने यात्रियों को कुछ सड़कों को बंद करने के बारे में सतर्क किया और असुविधा से बचने के लिए अन्य मार्गों के उपयोग का सुझाव दिया। पुलिस ने कहा कि यातायात जाम के संबंध में ज्यादातर कॉल नई दिल्ली, धौला कुआं, आईटीओ, विकास मार्ग, दिल्ली गेट, करोल बाग के इलाकों से आईं। दिल्ली-गुड़गांव मार्ग पर कई घंटे तक वाहन चालक फंसे रहे। इसी तरह आईटीओ पर वाहनों की लंबी कतारें थीं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चौराहे पर भी जाम लगा रहा। जाम में फंसे अधिवक्ता रोहित तोमर ने कहा कि उन्हें 12 किलोमीटर की दूरी तय करने में दो घंटे से अधिक का समय लग गया।लक्ष्मी नगर से आईटीओ तक विकास मार्ग का पूरा हिस्सा जाम रहा। इस रास्ते पर वाहन रेंगते हुए चल रहे थे।

गीता कलोनी का क्षेत्र भी इसी तरह बंपर टू बंपर जाम था। जाम से बचने के लिए यातायात पुलिस लगातार ट्वीट कर जानकारी दे रही थी। एक ट्वीट में पुलिस ने कहा कि गुरुद्वारा रकाब गंज रोड, आरएमएल अस्पताल, जीपीओ, अशोक रोड, बाबा खड़ग सिंह मार्ग पर किसान आंदोलन के कारण भीड़भाड़ की आशंका। इसलिए इन मार्गों का इस्तेमाल करने से बचें। पुलिस के मुताबिक, सरदार पटेल मार्ग से धौला कुआं मार्ग भी बंद है। विरोध मार्च गुरुद्वारा रकाबगंज से संसद भवन तक निकाला गया। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे शिअद अध्यक्ष बादल, पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल और पार्टी के कई अन्य नेताओं को हिरासत में लिया। शिअद अध्यक्ष ने ट्वीट किया कि विरोध मार्च न केवल किसानों के असंतोष का प्रतीक है, बल्कि इसे एक ऐतिहासिक घटना के रूप में भी याद किया जाएगा जो अत्याचार की जड़ पर प्रहार करती है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज मांगलिक आयोजनों की तैयारी में लगे रहेंगे। रोमांटिक मुलाकात उलझन पैदा कर सकती है। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है। आज आप मानसिक रूप से परेशान रह सकते है। व्यवसाय में उच्च अधिकारी के साथ कार्य करते समय संभलकर रहें। मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** गोशाला में हरे चारे का दान करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतना होगा। आज रोगों के इलाज के पीछे काफी धन के खर्च होने की संभावना है। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। दूर के स्थानों में दूर संचार द्वारा संपर्क होगा और वह लाभदायक रहेगा। काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। धन को सुरक्षित जगह पर रखिए।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** शनि स्त्रोत का पाठ करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

मानसिक रूप से प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी लाभ देंगे। तबादला हो सकता है जो चिंताजनक रहेगा। आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के आसार है। कॅरियर के नजरिए से शुरू किया सफर कारगर रहेगा। बाहर धूमने जाएं पर अपने माता-पिता से इजाजत जरूर ले लें, नहीं तो बाद में वे आपत्ति कर सकते हैं।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जला दे।

### कर्क
(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। छोटे से प्रवास का आयोजन आप कर पाएंगे। जिंदगी की ओर एक उदार रवैया अपनाएं। कार्य सफलता और प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलने से आपके मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। अपने हालात की शिकायत करने और उसे लेकर दु:खी होने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। कार्यों में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** शनि मंदिर काले चने दान करें।

### सिंह
(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद खत्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलाप होगा। वस्त्र आदि के पीछे खर्च हो सकता है। मित्रों के साथ पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। एकतरफा प्यार निराश कर सकता है। वैचारिक रूप से दृढ़ता रहेगी। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में मन लगा रहेगा।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान श्रीकृष्ण को इत्र अर्पित करें।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

अनैतिक कार्यों में न फंसे कार्यक्षेत्र में आपके सामने नई चुनौतियां आएंगी। महत्वपूर्ण लोगों के साथ बातचीत करते वक्त अपने शब्दों को गौर से चुनें। अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएं, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। आनंद-प्रमोद के पीछे धन का खर्च हो सकता है। कार्यालय में कोई बढ़िया खबर दे सकता है। भाई-बहनों के साथ संबंधो में मिठास बनी रहेगी। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** पक्षियों को सतनाजा डालें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज आपकी आकर्षक छवि मनचाहा परिणाम देगी। परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। रोमानी नजरिए से वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है। आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। संतान से शुभ समाचार मिलेंगे। परिवारिक कार्य में भागदौड़ रहेगी। जरुरत से ज्यादा जज्बाती होना दिन बिगाड़ सकता है।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** किसी धोबी को कच्चे कोयले का दान करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

परिश्रम का फल पूर्ण रूप से मिलेगा। न्याय पक्ष मजबूत होगा। धन लाभ होगा। नई गतिविधियां और मनोरंजन आपके लिए विश्राम करने में सहायक सिद्ध होंगे। आपका तेज काम प्रेरित करेगा। सफलता हासिल करने के लिए समय के साथ अपने विचारों में बदलाव लाएं। आपका दृष्टिकोण व्यापक होगा, समझ का दायरा बढ़ेगा, व्यक्तित्व में निखार आएगा और दिमाग विकसित होगा।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** सरसों के तेल का दान करें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

दिन की शुरुआत में स्वभाव गरम रहेगा। दिनचर्या को बदलें। करीबी लोगों से आज धोखा मिलनें की पूरी संभावना है सतर्क रहें। आपके व्यय वृद्धि संभव है। आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य में भी लाभ होगा। स्नेहीजनों के साथ सम्बंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। प्रिय की गैरहाजिरी आपके दिल को नाजुक बना सकती है। चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें। किसी रुके हुए काम के पूरे होने की संभावना है।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** काले तिल पानी में बहा दे।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज प्यार की कमी महसूस हो सकती है। बच्चे और बुजुर्ग खुद के लिए ज्यादा समय की मांग कर सकते हैं। संपत्ति के बड़े सौदे लाभदायक रहेंगे। समझ और अनुभव से भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। समय-समय पर घर के बुजुर्गों को समय दें। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। आज का दिन समान्य रहेगा।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** पेंसिल का दान करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आज आप सबके ध्यान का केंद्र होंगे और सफलता पहुंच में होगी। अनचाहे मेहमानों से शाम को घर भरा रह सकता है। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ मिलेगा। कारोबार और परिवार में सामंजस्य स्थापित होगा। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आखिरी वक्त पर टल सकती है। मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष की भावना अनुभव करेंगे।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

आज दिन की शुरुआत नए संकल्पों से होगी। परिजनों के साथ किसी आयोजन में शामिल होंगे। अच्छा व्यवहार व्यक्तित्व को और निखार सकता है। परिवार की भावनाओं को समझकर अपने गुस्से पर काबू रखें। आज कपड़े रहन-सहन इन सबके अलावा अपने व्यवहार पर भी ध्यान दें। आज रुका हुआ धन प्रयास करने पर मिलेगा। किसी संत पुरुष के दर्शन संभव हैं। जितना हो सके उतना विवादों को टालें।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** काले रंग के कुत्ते को रोटी डालें।

# न्यूजीलैंड ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा रद्द किया

एजेंसी। रावलपिंडी

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट टीम ने पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शुरू होने से ठीक पहले सुरक्षा को खतरे का हवाला देते हुए पाकिस्तान का अपना वर्तमान दौरा रद्द कर दिया। रावलपिंडी में मैच शुरू होने से 30 मिनट पहले ही यह फैसला लिया गया। इस दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेले जाने थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हालांकि कहा कि न्यूजीलैंड की टीम की सुरक्षा को किसी तरह का खतरा नहीं था। समस्या तब शुरू हुई जब सीमित ओवरों की श्रृंखला का पहला वनडे रावलपिंडी स्टेडियम में शुक्रवार को समय पर शुरू नहीं हुआ और दोनों टीमें होटल के अपने कमरों में ही रही। इसके बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बयान जारी करके कहा कि उन्हें जो सलाह मिल रही थी उसे देखते हुए दौरा जारी रखना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यह पीसीबी के लिए करारा झटका होगा, जो कि शानदार मेजबान रहा है लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और हमारा मानना है कि इसके लिए यही जिम्मेदारी भरा विकल्प है। न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के मुख्य कार्यकारी हीथ मिल्स ने भी वाइट के विचारों पर सहमति जताई। मिल्स ने कहा, खिलाड़ी सुरक्षित हैं और प्रत्येक अपने सर्वश्रेष्ठ हितों में काम कर रहा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सुरक्षा खतरों के बारे में विस्तार से नहीं बताया और न ही टीम की वापसी के लिए की जा रही व्यवस्था पर टिप्पणी की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी तरफ से कहा कि न्यूजीलैंड ने श्रृंखला स्थगित करने का एकतरफा फैसला किया। पीसीबी ने बयान में कहा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान सरकार सभी मेहमान टीमों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करती है। हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी इसका आश्वासन दिया था। उसने कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत स्तर पर न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री से बात की और उन्हें बताया कि हमारे पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खुफिया प्रणाली है और मेहमान टीम के लिए किसी भी तरह का कोई सुरक्षा खतरा नहीं है। पीसीबी ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम के साथ आए सुरक्षा अधिकारी भी यहां की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट थे। बयान में कहा गया है, पीसीबी मैचों के आयोजन जारी रखने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और विश्वभर के क्रिकेट प्रेमी आखिरी क्षणों में श्रृंखला रद्द किए जाने से निराश होंगे। इस श्रृंखला में तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने थे। इससे पहले 2002 में भी न्यूजीलैंड ने कराची में टीम होटल के बाहर बम विस्फोट के बाद दौरा बीच में रद्द कर दिया था।



**सरकार के सुरक्षा अलर्ट के बाद बोर्ड ने लिया फैसला**

**3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेले जाने थे इस दौरे पर**

**पहला वनडे शुरू होने से 30 मिनट पहले ही लिया फैसला**

### इमरान खान ने की थी न्यूजीलैंड की पीएम से बात

पाकिस्तान ने इस दौरे को बचाने की पूरी कोशिश की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न को फोन कर सुरक्षा का पूरा आश्वासन देने का वादा भी किया। इमरान ने कहा कि पाकिस्तान के पास दुनिया का सबसे अच्छा इंटेलिजेंस सिस्टम है और कीवी टीम के ऊपर किसी भी तरह का खतरा नहीं है। हालांकि, उनका आश्वासन भी काम नहीं आया और न्यूजीलैंड ने दौरा रद्द करने का फैसला ले लिया।

### 2009 में हुआ था श्रीलंका की टीम पर हमला

न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के मुख्य कार्यकारी हीथ मिल्स ने कहा कि खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ हित में दौरा रद्द करने का फैसला किया गया। मिल्स ने कहा, खिलाड़ी सुरक्षित हैं और प्रत्येक अपने सर्वश्रेष्ठ हितों में काम कर रहा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सुरक्षा खतरों के बारे में विस्तार से नहीं बताएगा और न ही टीम की वापसी के लिए की जा रही व्यवस्था पर टिप्पणी करेगा। पीसीबी ने कहा कि न्यूजीलैंड टीम के साथ आए सुरक्षा अधिकारी भी यहां की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट थे।

बयान में कहा गया है, पीसीबी मैचों के आयोजन जारी रखने के लिए तैयार है। पाकिस्तान और विश्व भर के क्रिकेट प्रेमी आखिरी क्षणों में श्रृंखला रद्द किए जाने से निराश होंगे। अंतरराष्ट्रीय टीमें 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम पर लाहौर में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान का दौरा करने से बचती रही हैं। श्रीलंकाई टीम जब टेस्ट मैच खेलने के लिए गद्दाफी स्टेडियम जा रही थी तब उस पर हमला किया गया था। इस हमले में श्रीलंका टीम के छह सदस्य घायल हो गए थे जबकि छह पाकिस्तानी पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों की जान चली गई थी। पाकिस्तान को इस साल के आखिर में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज तथा अगले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया की मेजबानी करनी है। न्यूजीलैंड के निर्णय के बाद इन दौरों पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं।

लंदन में जारी एक बयान में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि वह स्थिति की निगरानी कर रहा है और बाद में इस पर फैसला करेगा कि टीम 13 और 14 अक्टूबर को होने वाले दो टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं। ये मैच रावलपिंडी में खेले जाने हैं। ईसीबी ने कहा, बोर्ड अगले 24 से 48 घंटों में तय करेगा कि हमारा पहले से तय दौरा कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगा या नहीं। वेस्टइंडीज का पाकिस्तान दौरा दिसंबर में निर्धारित है और इसमें तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम को अगले साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं।

# भारत के खिलाफ आस्ट्रेलिया के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने को तैयार पैरी

एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** की स्टार हरफनमौला एलिस पैरी भारत के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला में घरेलू टीम के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगी और नियमित तेज गेंदबाज मेगन शट की अनुपस्थिति में वह नई गेंद से मौके के रूप में देखती हैं। भारतीय टीम का आस्ट्रेलिया दौरा 21 सितंबर को मैकॉय में ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में शुरुआती वनडे से आरंभ होगा और 10 अक्टूबर को गोल्ड कोस्ट में मैट्रिकन स्टेडियम में तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ समाप्त होगा।

आस्ट्रेलियाई टीम को तेज गेंदबाज शट और टायला व्लामिंक के अलावा स्पिनर जेस जोनासेन की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जिससे पैरी शुरुआती वनडे में नई गेंद से अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। पैरी ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मेगन शट इस श्रृंखला में नहीं खेलेंगी तो नई गेंद से (विकेट लेने के) काफी मौके होंगे, विशेषकर शुरुआत में। उन्होंने कहा, फिर यह काफी कुछ प्रदर्शन पर निर्भर करता है, लेकिन मुझे लगता है कि गेंदबाजी आक्रमण में काफी बदलाव होगा क्योंकि हम सभी इससे पहले 14 दिन के पृथकवास से गुजरे हैं, तो खिलाड़ियों को कार्यभार का प्रबंधन भी करना होगा। सभी प्रारूपों में



आस्ट्रेलिया की सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाली महिला गेंदबाज पैरी 2020 में एकमात्र वनडे में नहीं खेल पाई थीं क्योंकि वह मांसपेशियों में चोट से उबर रही थीं। साल के शुरू में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में उन्होंने पहले दो मैचों में केवल छह ओवर डाले थे।

महिला वनडे में केवल सात गेंदबाज ही 150 विकेट चटका सकी हैं, जिसमें से पैरी एक हैं, जिनके लिए 2019 उनके कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ वर्ष रहा था जिसमें उन्होंने 21 वनडे विकेट झटके थे। पैरी ने कहा, मुझे चोट (हैमस्ट्रिंग) के कारण मैदान से बाहर हुए करीब 18 महीने हो चुके हैं, लेकिन शारीरिक रूप से मुझे कोई अंतर नहीं दिखता। और मुझे लगता है कि नंबर सिर्फ आंकड़े हैं और दूसरी तरफ यह टीम के लिए एक भूमिका निभाना है और टीम के लिए योगदान करना है। इस दौरे में तीन वनडे, एक दिन रात्रि टेस्ट और तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। टेस्ट मैच 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक कैनबरा में खेला जाएगा।

# आस्ट्रेलियाई तैराक जैक को फिर से प्रतिस्पर्धाओं में भाग लने की अनुमति

**लुसाने।** आस्ट्रेलियाई तैराक शायना जैक को अपना प्रतिस्पर्धी कॅरियर फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। डोपिंग मामले के कारण वह इस साल टोक्यो ओलंपिक में भाग नहीं ले पाई थी। खेल पंचाट ने गुरुवार को कहा कि उसने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) और आस्ट्रेलियाई संस्था का जैक पर दो के बजाय चार साल का प्रतिबंध लगाने की अपील नामंजूर कर दी है। जैक ने दो साल का प्रतिबंध जुलाई में पूरा कर दिया था। पंचाट ने बयान में कहा, जांच से पता चला है कि उन्होंने जानबूझकर या लापरवाही में प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया। जैक को 2019 में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबोलिक पदार्थ लिंगेड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया था। विश्व चैंपियनशिप 2017 में चार पदक जीतने वाली इस 22 वर्षीय तैराक ने डोपिंग से इनकार किया था और मिलावट वाले पोषक पदार्थ को इसके लिए दोषी ठहराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### अदिति की पोर्टलैंड क्लासिक में निराशाजनक शुरुआत

**वेस्ट लिन (अमेरिका)।** यूरोप में खेलने के बाद अमेरिका वापसी करने वाली भारतीय गोल्फर अदिति अशोक की कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता में अच्छी शुरुआत नहीं रही और उन्होंने पहले दौर में पांच ओवर 77 का निराशाजनक स्कोर बनाया। अदिति को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने दो बोगी और दो डबल बोगी की और इस बीच केवल बर्डी बना पाई। पहले दौर के बाद तीन खिलाड़ी कार्लोटा सिगांडा, पजारी अन्नारूकर्ण और जेमा ड्राइबर्ग चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। छह खिलाड़ी तीन अंडर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### संधू ने 69 का स्कोर बनाया, शुभंकर की अच्छी वापसी

**क्रॉम्वॉयर्ट (नीदरलैंड)।** भारत के अजितेश संधू ने डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन अंडर-69 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की जबकि शुभंकर शर्मा ने अंतिम नौ होल में वापसी करके दो अंडर 70 का कार्ड खेला। संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 24वें और शुभंकर संयुक्त 36वें स्थान पर चल रहे हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रहे तीसरे भारतीय एसएसपी चौरसिया के लिए पहला दिन अच्छा नहीं रहा तथा तीन बर्डी करने के बावजूद उनका स्कोर तीन ओवर 75 रहा। आयरलैंड के निएल कीर्ने ने अंतिम चार होल में से तीन में बर्डी बनाकर एक शॉट की बढ़त हासिल की है। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। जर्मनी के मैक्सिमिलन कीफर और डेनमार्क के माटिन साइमनसन छह अंडर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। संधू ने 10वें होल से शुरुआत की तथा 11वें, 17वें, 18वें और पांचवें होल में बर्डी बनाई। उन्होंने एकमात्र बोगी 14वें होल में की। शुभंकर ने भी 10वें होल से शुरुआत की लेकिन उन्होंने 11वें, 12वें और 18वें होल में बोगी कर दी। उन्होंने अंतिम नौ होल में हालांकि अच्छी वापसी की तथा चौथे, पांचवें और आठवें होल में बर्डी बनाने के साथ सातवें होल में ईगल भी हासिल किया।

### पेन एशेज से पहले पूरी तरह फिट होने के प्रति आश्वस्त

**होबार्ट।** इस सप्ताह के शुरू में गर्दन में उभरी हुई डिस्क का आपरेशन करवाने वाले आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में पहले एशेज टेस्ट मैच से पूर्व पूरी तरह फिट हो जाएंगे। इस 36 वर्षीय क्रिकेटर को पूरी तरह ठीक होने में छह सप्ताह का समय लगेगा जबकि पहला एशेज टेस्ट आठ दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होगा। पेन ने एसईएन रेडियो से कहा, जैसे ही छह सप्ताह यह समय पूरा होगा मुझे लगता है कि मैं खेलने के लिए तैयार रहूंगा। मेरी उम्र 36 वर्ष है और मैंने बहुत अधिक-अधिक अभ्यास किया है तथा मैं अपने खेल को अच्छी तरह से समझता हूं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि इन छह सप्ताह के बाद मैं जरूरत पड़ने पर एक सप्ताह के अंदर खेलने के लिए तैयार रहूंगा। इससे तैयारी के लिए मेरे पास काफी समय रहेगा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को एशेज से पहले कम से कम एक शैफील्ड शील्ड मैच में खेलने की उम्मीद है। पेन ने कहा, अभी (एशेज शुरू होने में) ढाई महीने का समय है और छह सप्ताह का समय पूरा होने के बाद मैं सीधे क्रिकेट में अपनी तैयारियां शुरू कर दूंगा। मैं एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर खेलने के लिए तैयार रहूंगा। पहला टेस्ट आठ दिसंबर से खेला जाना है और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं उससे काफी पहले फिट हो जाऊंगा।

### कार्ली लॉयड ने 5 गोल दागे, अमेरिका ने पराग्वे को हराया

**क्लीवलैंड।** दिग्गज फुटबॉलर कार्ली लॉयड के रिकार्ड पांच गोल की मदद से अमेरिका ने महिला फुटबॉल मैच में गुरुवार को पराग्वे पर 9-0 से बड़ी जीत दर्ज की। लॉयड अभी 39 वर्ष की हैं और वह अमेरिका की तरफ से अब केवल तीन और मैच खेलेंगी। वह पहले ही संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी हैं। लॉयड ने पहले पांच मिनट में ही दो गोल दाग दिए थे तथा मध्यांतर से पहले उन्होंने दो और गोल किए जिससे अमेरिका 6-0 से आगे हो गया। उन्होंने अपना पांचवां गोल 61वें मिनट में किया। इस तरह से उन्होंने एक मैच में सर्वाधिक गोल करने के अलेक्स मोर्गन के अमेरिकी रिकार्ड की बराबरी की। मोर्गन ने विश्वकप 2019 में थाईलैंड के खिलाफ पांच गोल किए थे। लॉयड अमेरिका की तरफ से 313 मैचों में 133 गोल दाग चुकी हैं। उनके नाम पर नौ हैट्रिक भी दर्ज हैं।

### स्ट्राइकर को नेट के सामने आक्रामक होना चाहिए: चौधरी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के युवा फारवर्ड फारूख चौधरी को लगता है कि एक स्ट्राइकर को किसी भी मैच में टीम को फायदा दिलाने के लिए नेट के सामने आक्रामक होना चाहिए। हाल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पहला गोल करने वाले चौधरी ने कहा कि अच्छे फारवर्ड की निशानी है कि वह शांत बना रहने के साथ आत्मविश्वास से भरा हो। चौधरी ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) टीवी से कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि एक स्ट्राइकर पूरी तरह अलग होता है। जब बचाव करने की बात आती है तो सभी को मिलकर बचाव करना होता है। लेकिन जब हमले की बात की जाए तो स्ट्राइकर पर अलग तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने कहा, आप अपने स्ट्राइकर से चाहोगे कि वह गोल करे। टीम में उसके रहने का यही मुख्य कारण है। इसके लिए सबसे अहम चीज फोकस है, आपको पूरे 90 मिनट तक मैच पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होती है। स्ट्राइकर को नेट के सामने आक्रामक होना चाहिए।

### एससी ईस्ट बंगाल ने नीदरलैंड के डैरेन सिडोल से किया करार

**कोलकाता।** एससी ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को नीदरलैंड के मिडफील्डर डैरेन सिडोल से एक साल का करार किया, जिससे वह 2021-22 इंडियन सुपर लीग सत्र के अंत तक क्लब के साथ रहेंगे। सिडोल एससी ईस्ट बंगाल के मुख्य कोच मैनुअल मानोलो डायज के मार्गदर्शन में स्पेनिश टीम हरक्यूल्स सीएफ में खेल चुके हैं। इस तरह वह क्लब से जुड़ने वाले पांचवें विदेशी खिलाड़ी होंगे। उनसे पहले स्लोवेनिया के मिडफील्डर आमिर दर्विसेविच, आस्ट्रेलियाई डिफेंडर तोमिस्लाव मार्सेला, क्रोएशिया के सैंटर बैक फ्रांजो पर्स और नाईजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुकवू क्लब से जुड़ने वाले चार विदेशी खिलाड़ी थे।

### अमेरिकी ओपन जीतने के बाद रादुकानु ब्रिटेन पहुंची

**लंदन।** अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम जीतने के बाद ब्रिटिश खिलाड़ी एम्मा रादुकानु स्वदेश पहुंच गई हैं। ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने के बाद रादुकानु रातोंरात स्टार बन गई और अमेरिका में उन्हें कई कार्यक्रमों में बुलाया गया। वह अमेरिका में कई कार्यक्रमों में शिरकत कर चुकी हैं। वह अमेरिकी टॉक शो में जाने के अलावा न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज का दौरा कर चुकी हैं। उन्होंने फार्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन से बात की। वहीं प्रीमियर लीग की टीम लिवरपूल के शीर्ष फुटबॉल कोच जर्गन क्लोप ने उन्हें शतक की प्रतिभा भी करार दिया। अमेरिकी ओपन में बतौर क्वालीफायर पहुंची 18 साल की रादुकानु का जीवन खिताब जीतने के बाद पूरी तरह बदल गया है। ट्रॉफी जीतने के एक हफ्ते बाद भी वह विश्वास नहीं कर पा रही हैं कि उन्होंने अमेरिकी ओपन जीत लिया।

### नाइट की कप्तानी पारी, इंग्लैंड ने पहला वनडे जीता

**ब्रिस्टल।** कप्तान हीथर नाइट की बड़ी अर्धशतकीय पारी और कैथरीन ब्रंट के आलराउंड खेल से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 30 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। नाइट ने 107 गेंदों पर 89 रन बनाए जिसमें आठ चौके शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने 44 रन का योगदान दिया, जिससे पहले इंग्लैंड एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। लेकिन मध्यक्रम लड़खड़ाने से उसका स्कोर एक विकेट पर 109 रन से जल्द ही पांच विकेट पर 140 रन हो गया। ब्रंट (51 गेंदों पर 43 रन) ने यहां से नाइट का अच्छा साथ दिया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 49.3 ओवर में 241 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से जेस केर ने तीन जबकि सोफी डिवाइन और ली ताहुहु ने दो-दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 46.3 ओवर में 211 रन पर आउट हो गई। एमी सैटरवाइट ने उसकी तरफ से नाबाद 79 रन बनाए जबकि कप्तान सोफी डिवाइन ने 34 रन का योगदान दिया।

# मंत्रालय ने एनआरएआई को नई चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के दिए निर्देश

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के मोहाली में होने वाले चुनावों से एक दिन पहले खेल मंत्रालय ने निशानेबाजी संघ को नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि अध्यक्ष पद के उम्मीद्वार श्याम सिंह यादव ने चुनावों के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किए जाने में हितों के स्पष्ट टकराव का हवाला दिया है। एनआरएआई हालांकि शनिवार को चुनाव करवाएगा क्योंकि यह मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है और सुनवाई की अगली तारीख दिसंबर है। मौजूदा अध्यक्ष रानिंदर सिंह फिर से इस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें उन्हें यादव चुनौती दे रहे हैं। मंत्रालय के निर्देश के बाद चुनावों को अमान्य ठहराया जाना तय है।

उत्तर प्रदेश राज्य राइफल संघ के अध्यक्ष यादव की याचिका पर कार्रवाई करते हुए मंत्रालय ने आदेश दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 का उल्लंघन



न हो, चुनाव अधिकारी बदला जाना चाहिए। यादव उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के सांसद हैं, जबकि रानिंदर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह के पुत्र हैं। चुनाव अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) मेहताब सिंह गिल हैं और याचिकाकर्ता के अनुसार उनकी नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से नहीं की गई। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा, याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया है कि चुनाव अधिकारी को पंजाब राज्य सतर्कता आयोग अधिनियम के तहत पंजाब राज्य का मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीसी) नियुक्त किया गया था। इसमें कहा गया है, और उक्त पद के लिए उनके नाम की सिफारिश एनआरएआई के वर्तमान अध्यक्ष के एक करीबी रिश्तेदार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्ईय समिति ने की है।

# चोटों से परेशान स्वप्ना ने संन्यास लेने का मन बनाया

एजेंसी। कोलकाता

**पीठ** की चोट के कारण अवसाद से जूझ रही एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एथलीट स्वप्ना बर्मन ने संन्यास लेने का फैसला किया है, जिसकी औपचारिक घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी। उत्तर पूर्व फ्रंटियर रेलवे की एथलीट स्वप्ना ने वारंगल में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतने के 24 घंटे के अंदर यह फैसला लिया है।

स्वप्ना ने वारंगल से एजेंसी से कहा, मेरा शरीर अब और सहन नहीं कर पा रहा है। मैं मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं और यह आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मैं थोड़ी भ्रमित हूं, लेकिन मैंने मानसिक रूप



से 80-90 प्रतिशत इसे छोड़ने का मन बना लिया है। मैं कोलकाता पहुंचने के बाद बड़ी घोषणा करूंगी। स्वप्ना ने यहां अपने चहेते हेप्टाथलॉन स्पर्धा में भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा, मैं यहां किसी स्पर्धा में भाग नहीं लेना चाहती थी, लेकिन रेलवे की प्रतिबद्धताओं के कारण मुझे यहां भाग लेना पड़ा। जकार्ता 2018 में एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय हेप्टाथलीट बनने के बाद, स्वप्ना चोटों से जूझती रही। दोनों पैरों में छह-छह अंगुलियां वाली इस खिलाड़ी ने 2019 में दोहा में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। यह उनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के कारण स्वप्ना 2020 में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकती थी और 2021 में उसने टोक्यो खेलों का क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन फिर से चोट लगने और महामारी की दूसरी लहर ने उसकी सभी योजनाओं को पटरी से उतार दिया। उन्होंने इस साल सिर्फ फेडरेशन कप और मौजूदा राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि कुछ चीजें मेरी किस्मत में नहीं थी। मैं इसके लिए बहुत कोशिश की लेकिन चोटों से संघर्ष करना पड़ और इसे हासिल नहीं कर सकी।


## रिदिमा-गौरिका लावाक्स लेडीज ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर

**पुइडॉक्स (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय गोल्फर रिदिमा दिलावरी ने शुरू में डबल बोगी करने के बाद अच्छी वापसी करके लवनॉक्स लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। रिदिमा लेडीज यूरोपीय टूर की इस प्रतियोगिता में दूसरे दौर के बाद एक अन्य भारतीय गौरिका बिश्नोई के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। गौरिका ने दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों का कुल स्कोर एक अंडर 143 है और वे शीर्ष पर चल रही फ्रांसीसी एमेच्योर एम्मा फालचर से पांच शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (71-74) संयुक्त 21वें, अमनदीप द्राल (73-73) संयुक्त 28वें और वाणी कपूर (75-74) संयुक्त 44वें स्थान पर हैं।

# आस्ट्रेलिया कोविड के कारण भारत में होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप से हटा

एजेंसी। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** ने कोविड-19 से जुड़े सरकारी यात्रा प्रतिबंधों के कारण शुक्रवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के कई टूर्नामेंटों से हटने की घोषणा की, जिसमें इस वर्ष के आखिर में भारत में होने वाला जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप भी शामिल है। जूनियर पुरुष विश्वकप इस साल नवंबर-दिसंबर में खेला जाएगा। इसके मैच स्थल की अभी पुष्टि नहीं की गई है।



हॉकी आस्ट्रेलिया ने इसके साथ घोषणा की कि टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली उनकी टीम और उनका ट्रांस तस्मान प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड अगले महीने से शुरू होने वाले प्रो लीग के तीसरे सत्र में भी भाग नहीं लेंगे। हॉकी आस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों देशों में कोविड संबंधित सरकारी यात्रा प्रतिबंध और अनिश्चितता को देखते हुए एफआईएच प्रो लीग (अक्टूबर 2021 में शुरू होने वाली) के तीसरे सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में कोविड-19 पृथकवास से जुड़े कड़े नियम हैं जिससे उनके लिए अन्य टीमों की मेजबानी करना बेहद मुश्किल बन गया है।

# चेन्नई के पास खिताब जीतने का शानदार मौका: पीटरसन

**मुंबई को अपनी धीमी शुरुआत छोड़नी होगी**

एजेंसी। लंदन

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का कहना है कि रविवार से बहाल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस अपनी चिर परिचित धीमी शुरुआत का जोखिम नहीं उठा सकती और महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के पास 2020 के खराब सत्र के बाद खिताब जीतने का शानदार मौका है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस, दो बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और 2020 के फाइनल में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स मई तक अंक तालिका में शीर्ष चार स्थान पर मौजूद थी, लेकिन इसके बाद बायो-बबल में कोविड-19 के कई मामले आने के बाद आईपीएल को बीच में ही रोक दिया गया। इससे अब यह लीग रविवार से शुरू होगी।



पीटरसन ने बेटवे डॉट कॉम में अपने ब्लॉग में लिखा, हर कोई टूर्नामेंट की गत विजेता मुंबई इंडियंस से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, लेकिन उनका इतिहास शुरू से ही शीर्ष पर रहने का नहीं है। वे पहले कुछ मैच गंवाते हैं और फिर टूर्नामेंट के अंत में अच्छा कर वापसी करते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अब हम पहले ही टूर्नामेंट के अंतिम छोर की ओर हैं। मुंबई की टीम तीन या चार मैच गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकती क्योंकि फिर वापसी करने का बहुत कम समय होगा। पीटरसन ने कहा, अगर उन्हें अपने खिताब का बचाव करना है तो उन्हें पहली गेंद से ही दबाव बनाना होगा। यह तो साफ है कि उनकी प्रतिभाओं के देखते हुए वे ऐसा करने में सक्षम भी हैं। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को डैड्स आर्मी भी पुकारा जाता है क्योंकि टीम में ज्यादातर खिलाड़ी 30 साल की उम्र को पार कर चुके हैं और 2020 में उनके लिए सत्र खराब रहा था, जिसमें टीम संयुक्त रूप से निचले स्थान पर रही थी। लेकिन पीटरसन को लगता है कि धोनी की टीम इस बार धमाल कर सकती है।

उन्होंने लिखा, हर किसी ने अप्रैल में आईपीएल के शुरू होने से पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स की ओल्ड ब्वाएज आर्मी को चुका हुआ मान लिया था इसलिए उन्हें अच्छा करते हुए देखना थोड़ा हैरानी भरा था। उनके विदेशी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस, मोईन अली और सैम करेन ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, लेकिन नहीं पता कि इन चार महीनों में उन पर क्या असर हुआ होगा। उन्हें फार्म में वापसी करने के लिए थोड़ा समय लग सकता है, विशेषकर उम्रदराज खिलाड़ियों को। पीटरसन ने कहा, अगर वे तैयार हैं तो फ्रेंचाइजी के लिए ये कुछ हफ्ते ऐतिहासिक होंगे। उनके पास खिताब जीतने के लिए शानदार मौका है जो हर किसी ने सोचा था कि यह उनकी पहुंच से बाहर है।

### यूएई में आईपीएल 2020 के प्रदर्शन को दोहराना चाहता हूं: नोर्जे


**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे रविवार से यहां बहाल हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में पिछले 2020 चरण के प्रदर्शन को दोहराकर दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। नोर्जे पिछले आईपीएल चरण में पहली बार टी-20 लीग में खेले थे और उन्होंने 16 मैचों में 22 विकेट चटकाकर दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की थी। फाइनल में टीम मुंबई इंडियंस से हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अब 22 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नोर्जे ने कहा, यहीं पर मेरे लिए आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी, लेकिन इस सत्र में मैं एक बार में एक ही मैच पर ध्यान लगाऊंगा। आईपीएल के बाद भी काफी टूर्नामेंट खेलने हैं। उन्होंने कहा, हमें यह याद रखने की कोशिश करनी होगी कि हमने यहां पिछली बार क्या किया था और फिर से उसी को लागू करने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हम पिछली बार के प्रदर्शन का दोहराव करेंगे।



# एक पूर्व-नियोजित चिंतन प्रक्रिया

## समसामयिक समस्या-निर्धारण रणनीति के बारे में बता रहे हैं सुमित धवन

जिस गतिशील वातावरण में हम रहते हैं और काम करते हैं, यहां तक कि सबसे सटीक रूप से तैयार किए गए समाधानों की शेल्फ लाइफ भी कम होती है। एक बार जब कोई यह स्वीकार कर लेता है कि समस्या-समाधान की क्षमताएं सीमित और अस्थायी हैं, तो उसका लक्ष्य तुरंत पूर्ण समाधान देने से हटकर विकासशील उपकरणों की ओर बढ़ सकता है, जो उपयोगकर्ताओं को अनुकूली डिजाइन के साथ सशक्त बनाते हैं। डिजाइनर बेहतर ढंग से समझने के लिए कि वे निर्मित वातावरण के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं, खुद को उपयोगकर्ताओं के स्थान पर रखने की प्रवृत्ति रखते हैं। यह उन रणनीतियों को विकसित करने में मदद करता है, जो उपयोगकर्ताओं को परिवर्तन और अनिश्चितता से सफलतापूर्वक निपटने के लिए तैयार करती हैं। आर्किटेक्ट और डिजाइनर डिजाइन के इस समग्र दृष्टिकोण को 'डिजाइन सोच' के साथ प्राप्त करते हैं। डिजाइन सोच निष्पादन से पहले डिजाइन के दर्द बिंदुओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है ताकि योजनाबद्ध ढांचा अधिक व्यवहार्य हो जाए।



डिजाइन सोच अत्यधिक सहयोगी है। यह ग्राहकों, ठेकेदारों और सलाहकारों के एक मेजबान सहित उपयोगकर्ताओं के एक समूह को एक साथ लाता है ताकि विविध आवाजें भाग ले सकें और सुनी जा सकें। इस तरह का सहयोग उन्हें नए दृष्टिकोणों के साथ सोचने के नए तरीकों के लिए खोलता है। एक व्यक्तिवादी दृष्टिकोण के बजाय पूरी तरह से शामिल टीम के साथ परिणाम प्राप्त करने पर नजर रखें। उपयोगितावादी बातचीत और कार्यों को बढ़ावा देने वाले लेआउट और डिजाइन बनाकर वांछित अंतिम परिणाम पर स्पष्ट होने की सलाह दी जाती है। रचनात्मक प्रक्रिया में अनपेक्षित अपडेट सीखने और खोजने की एक निरंतर स्थिति शामिल होती है, इस प्रकार यदि नई अंतर्दृष्टि आकार लेती है, तो समस्या को बदलने के लिए तैयार रहना मौसम की स्थिति, स्थानों, सामग्री, उपयोगकर्ता समूह या अभूतपूर्व महामारी से प्रभावित। यदि डिजाइन के वैचारिक स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है, तो उपयोगकर्ता आमतौर पर अपने स्वयं के समाधानों को अनुकूलित और डिजाइन करने के लिए मजबूर होते हैं। इस प्रकार, एक आर्किटेक्ट का कार्य अंततः न केवल सौंदर्यपूर्ण रूप से ध्वनि समाधान प्रदान करने से बदल जाता है, बल्कि उपयोगकर्ताओं को विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए कार्यात्मक समाधान प्रदान करता है। इसलिए, एक डिजाइनर के रूप में, उपयोगकर्ता की जरूरतों के आसपास केंद्रित कुछ प्रमुख सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

### प्रस्ताव मूल्य

उपयोगकर्ता की जरूरतों को स्पष्ट रूप से समझें और दिए गए समाधानों में मूल्य प्रदान करें, ताकि उपयोगकर्ता सभी लाभों को प्राप्त कर सके। सुसंगत, समग्र डिजाइनों की तलाश करें जो मुक्त-प्रवाह और कार्य पूर्णता की निरंतरता की सुविधा प्रदान करते हैं। एक आविष्कारशील नोट के साथ स्थापित पैटर्न का उपयोग करें, भविष्य के समाधान बनाने के लिए उपयोगकर्ता के मौजूदा डिजाइन और जीवन शैली पैटर्न को ध्यान में रखें। सुसंगत, पूर्वानुमेय पैटर्न अनुभवों के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करते हैं और रिक्त स्थान के बीच निर्बाध संक्रमण की अनुमति देते हैं। जबकि यह अन्य डिजाइन दृष्टिकोणों का पता लगाने के लिए उपयोगी है, अधिकतम लाभ उन पैटर्नों से प्राप्त होता है, जिन्हें लोग पहले से ही समझते हैं और योजना और लेआउट डिजाइन में विभिन्न संदर्भों में उपयोग कर रहे हैं। इसलिए, समकालीन और आधुनिक शैलियों में नई जगहों को डिजाइन करना हमेशा आराम से बाहर निकलने के बारे में नहीं है बल्कि खुद को आराम से ऊपर उठाना है।



### लचीलेपन का रखें लक्ष्य

जबकि सुझाए गए डिजाइनों को उपयोगकर्ताओं को विकल्पों के साथ अभिभूत करने से बचना चाहिए, जहां भी संभव हो, लचीलेपन और उपयोगकर्ता कार्यक्षमता के लिए प्रयास करने वाले लेआउट प्रदान करना सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए,

**भविष्य के समाधान बनाने के लिए उपयोगकर्ता के मौजूदा डिजाइन और जीवन शैली पैटर्न को ध्यान में रखें। सुसंगत, पूर्वानुमेय पैटर्न अनुभवों के बीच सामंजस्य बनाने में मदद करते हैं और रिक्त स्थान के बीच निर्बाध संक्रमण की अनुमति देते हैं। जबकि यह अन्य डिजाइन दृष्टिकोणों का पता लगाने के लिए उपयोगी है, अधिकतम लाभ उन पैटर्नों से प्राप्त होता है जिन्हें लोग पहले से ही समझते हैं और योजना और लेआउट डिजाइन में विभिन्न संदर्भों में उपयोग कर रहे हैं।**

महामारी ने घर के कार्यालयों और ब्रेकआउट स्थानों को अनिवार्य बना दिया, जिसके कारण पूर्व निर्धारित आंतरिक सेटअप के कारण बहुत से निवासियों को नुकसान उठाना पड़ा। खुले लेआउट और लचीली जगहों को शामिल करने से इसकी अनुमति मिलती है। कुछ घरों में अब एक द्वीप रसोई भी शामिल है, जो अस्थायी कार्य काउंटरों के रूप में कार्य करता है, जहां जगह की कमी है।

मूल्य अनलॉक करने के मूल सिद्धांतों को लागू करके, स्थापित पैटर्न पर रचनात्मक रूप से विकास करना और उपयोगकर्ता लचीलेपन की आवश्यकता को समझना, डिजाइन उनकी योजनाओं में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं और उपयोगकर्ताओं को उनकी जीवन शैली में अप्रत्याशित परिवर्तनों के अनुकूल बनाने में मदद कर सकते हैं। निर्मित वातावरण में जटिलता को पहचानने और हिसाब लगाने के लिए उपयोगकर्ता की मानसिकता और जीवन शैली के पैटर्न को समझना महत्वपूर्ण है। दिन के अंत में, आर्किटेक्ट्स और डिजाइनरों के रूप में, कोई भी कभी-कभी बदलते वास्तुशिल्प प्रवृत्तियों की एक जटिल और गतिशील दुनिया को आजमाने और नेविगेट करने के लिए अभिनव समाधान प्रदान करता है और फिर भी प्रासंगिक होता है।

**(लेखक *सिटीस्पेस 82 आर्किटेक्ट्स*, आर्किटेक्चरल फर्म के संस्थापक और प्रमुख आर्किटेक्ट हैं)**



# काम के साथ बच्चों की देखभाल भी

## वरुण दुग्गीराला ने घर से काम करते हुए पितृत्व को समायोजित करने के टिप्स साझा किए

माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता। किसी से भी पूछें कि माता-पिता कौन हैं, और उनका बच्चा चाहे कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, वे सहमत होंगे कि यह एक कठिन कार्य है, लेकिन कई मायनों में इसे विभाजित किया जा सकता है। आपके बच्चे के घर पर होने और काम/स्कूल में उनसे दूर रहने के बीच का समय था। और इसने माता-पिता और उनके बच्चों के बीच अलग-अलग डिवीजनों के वर्गीकरण के रूप में समय के अलग-अलग प्रतिशत के साथ गतिशीलता को चलाने में मदद की। माता-पिता का समय और गैर-माता-पिता या बच्चे का समय। और पिताजी, बड़े हिस्से के लिए, और भी व्यापक अलगाव हुआ है क्योंकि हम पालन-पोषण में समान भागीदार नहीं हैं। ऐतिहासिक रूप से, भारी भारोत्तोलन और संतुलन माताओं पर छोड़ दिया गया है (मैं सामान्यीकरण कर रहा हूं, लेकिन प्रतिशत स्पष्ट हैं), और यह केवल पिछली कुछ पीढ़ियों के लिए है कि एक पिता ने माता-पिता में एक समान भागीदार होने के लिए अपनी भूमिका का विस्तार करते हुए देखा है। हमें एक लंबा रास्ता तय करना है।

लेकिन महामारी और वर्क फ्रॉम होम और स्कूल फ्रॉम होम ने पेरेंटिंग को बिल्कुल नया बॉल गेम बना दिया है। क्योंकि कोई अलगाव नहीं है, संतुलन के लिए निरंतर संघर्ष है। फिर भी माता-पिता और बच्चों के बीच संबंध का एक बढ़ा हुआ और गहरा स्तर विकसित हुआ है। संतुलन के किसी न किसी रूप को खोजने के लिए हमें अपने सभी जीवन, शेड्यूल, जरूरतों, चाहतों, योजनाओं और व्यक्तिगत स्थानों को मैप करना पड़ा है।

तो, क्या यह अराजक है? यह है। लेकिन क्या इसमें कई सिल्वर लाइनिंग हैं? मैं सोने के अस्तर के साथ जाऊंगा क्योंकि अब मुझे अपनी बेटी के साथ पर्याप्त समय बिताने की चिंता नहीं करनी है। मैं दिन के दौरान हर उपयुक्त ब्रेक पर उसके साथ हूं (मेरे कार्यालय के कॉफी ब्रेक को हर दिन पूरे दिन काटने वाले पिता-बेटी के समय के साथ बदल दिया जाता है)। हम एक परिवार के रूप में एक साथ बहुत कुछ करते हैं क्योंकि यह इस बात का एक हिस्सा है कि हम अब कैसे रहते हैं (फिल्म की रातें पूरी तरह से विकसित होती हैं), और क्या मैंने ऐसी गतिविधियों का गठन और लगभग अनुष्ठान किया है जो वह और मैं एक साथ 'हमारी चीजों' के रूप में करते हैं? जरूर मेरे पास है।

**“ माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता। किसी से भी पूछें कि माता-पिता कौन हैं, और उनका बच्चा चाहे कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, वे सहमत होंगे कि यह एक कठिन कार्य है। लेकिन कई मायनों में इसे विभाजित किया जा सकता है।**

विकास के क्षणों को पकड़ने के लिए, विचार और मानसिकता का विकास एक सतत दैनिक प्रक्रिया है। जहां वह कला या ब्लॉकों के साथ निर्माण संरचनाओं में अपनी रुचि दिखाने में सक्षम है, उसकी कल्पना का उपयोग करके कहानियां बनाने की जरूरत है और उसे एक ही किताब पढ़ने का मेरा काम अस्तित्व में आया है। फिर भी, हर दूसरी रात इसकी कहानी पर एक अलग रूप के साथ, छोटी चीजें प्रमुखता से बढ़ी हैं। ये ऐसे छोटे-छोटे पल हैं जिन्हें हम चूक गए होते, अगर हम इतने लंबे समय तक एक साथ एक ही जगह तक सीमित नहीं रहे होते।

उसे यह समझने के लिए कि उसके माता-पिता क्या करते हैं और हम दोनों में से किसी को भी परेशान न करने की दिशा में काम करना चाहिए, क्या हमें काम पर होना चाहिए या जब हमें इसकी आवश्यकता हो तो हमें अपना स्थान देना चाहिए (यह अंतिम कार्य प्रगति पर है) यह भी दिखाने का एक तरीका रहा है उसे हम क्या करते हैं और कैसे करते हैं। और जब पागलपन के क्षण थे, हैं और रहेंगे, इसने मुझे वास्तव में उस तरह का पिता बना दिया है, जो मैं हमेशा से बनना चाहता था, जो वर्तमान और गहराई से शामिल है। क्योंकि पिछले दो वर्षों में माता-पिता होने के बारे में मेरा बड़ा अहसास रहा है, किसी और चीज से ज्यादा, यह उपस्थित होने के बारे में है, बाकी एक बोनस है। कहते हैं दूरियां दिल को बड़ा बनाती हैं, लेकिन नजदीकियां उसके बंधनों को और भी ज्यादा मजबूत बनाती हैं।

**(लेखक एक कंटेंट क्रिएटर, पॉडकास्टर, उद्यमी और पर्सनल डेवलपमेंट के विशेषज्ञ हैं)**

